सूर्योदय 7:05 सूर्यास्त 6:06

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,233.64 |
| निफ्टी | 25,953.85 |
| सोना 1,58,421 | चांदी 2,61,558 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 16 फरवरी 2026 | 5 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 50, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ के कपाट

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट इस साल 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे खुलेंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचकेदार गद्दी स्थल उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में वैदिक विधि-विधान और पंचांग गणना के बाद शुभ मुहूर्त की औपचारिक घोषणा की गई। इस वर्ष कपाट वृष लग्न में खुलेंगे, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है। इस साल केदारनाथ यात्रा पिछले साल की तुलना में पहले शुरू हो रही है। 2025 में धाम के कपाट 2 मई को खुले थे, जबकि इस बार 22 अप्रैल को खुलेंगे। यानी श्रद्धालु इस बार 10 दिन पहले बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। तिथि घोषित होते ही शासन-प्रशासन और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने यात्रा तैयारियों को तेज कर दिया है। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और यात्रियों के लिए सुविधाएं दुरुस्त करने का काम युद्धस्तर पर जारी है। (अनंत ज्ञान)

### बीएलए बोला-17 पाक सैनिक हिरासत में लिए

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है। इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### विपक्ष के नेता का मैच्योर होना जरूरी : रिजिजू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर स्वर्गीय भाजपा नेता सुषमा स्वराज का पुराना वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा कि एक मैच्योर विपक्ष का नेता सदन को आसानी से चलाने और पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी को बेहतर बनाने में बहुत काम आता है। रिजिजू का यह बयान बजट सत्र के पहले चरण में हुए हंगामे के बाद आया। राहुल गांधी ने चीनी टैंक की लद्दाख में घुसपैठ और पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब पर बयान देने की कोशिश की थी। उन्होंने 'एपस्टीन फाइल्स' और इंडिया-यूएस ट्रेड डील जैसे मुद्दों को संसद में उठाने का प्रयास किया था, जिन्हें बीजेपी ने बेबुनियाद बताया था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- काठगढ़ महादेव की आरती अब होगी लाइव -पेज 2
- प्रदेश के कांगड़ा जिला में लगेंगे पर्यटन को पंख -पेज 3
- मेडिकल कॉलेजों के आधुनिकीकरण पर 1617 करोड़ की मुहर -पेज 7
- गरीब परिवारों की बेटियों के लिए संबल बनी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना -पेज 10
- फागली पर्व में लोगों ने मुखौटा नृत्य व नाटी का उठाया लुत्फ -पेज 11

## मंडी में महाशिवरात्रि महोत्सव मनाने पहुंचे देवी-देवता



अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आधिकारिक शुभारंभ सोमवार से होगा। शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। महोत्सव में भाग लेने आए देवी-देवताओं ने रविवार को श्रीराज माधव राय के दरबार में हाजिरी लगाई। देवी-देवताओं के साथ उनके देवलु पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ छोटी काशी मंडी पहुंचे हैं। एक वर्ष के पश्चात ये देवी-देवता आपस में भेंट कर रहे हैं। अनंत ज्ञान

# हिमाचल में कर्मचारी संगठनों में अब पांच साल के लिए ही मिलेगी ओहदेदारी

## सभी विभागों को करना होगा दिशा-निर्देशों का अनुपालन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न बोर्डों, निगमों और कर्मचारी संगठनों में लंबे समय तक पदों पर बने रहने की प्रवृत्ति पर सरकार ने सख्त अंकुश लगाने का फैसला किया है। मुख्य सचिव की ओर से जारी ताजा आदेशों के अनुसार अब कोई भी सरकारी कर्मचारी अपने पूरे सेवाकाल के दौरान किसी भी चुनावी पद पर अधिकतम दो कार्यकाल या कुल पांच वर्ष, जो भी पहले पूरा हो, उससे अधिक नहीं रह सकेगा।

सरकार का कहना है कि यह कदम प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और हितों के टकराव को रोकने की दिशा में अहम साबित होगा। जानकारी के अनुसार निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई कर्मचारी किसी बोर्ड, निगम, स्वायत्त निकाय या कर्मचारी संगठन के चुनाव में हिस्सा लेना चाहता है तो उसे सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना स्वीकृति चुनाव लड़ना या तय अवधि से अधिक समय तक पद पर बने रहना सेवा नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

सरकार के संज्ञान में ऐसे मामले आए हैं, जहां कर्मचारी उप नियमों में सीमा तय होने के बावजूद अंतराल के बाद दोबारा चुनाव लड़कर पद हासिल कर लेते हैं या परोक्ष रूप से अपने परिजनों के माध्यम से संस्था पर प्रभाव बनाए रखते हैं।

निर्देशों में यह भी रेखांकित किया गया है कि लंबे समय तक चुनावी पदों पर काबिज रहने से शासकीय दायित्वों पर प्रतिकूल असर पड़ता है और कुछ संस्थाओं में निजी हित विकसित होने की आशंका भी बढ़ जाती है। सचिवालय सहित विभागों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, बोर्डों और निगमों को अपने अधीन कर्मचारियों के मामलों की समीक्षा कर निर्धारित सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने चेतावनी दी है कि नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सेवा नियमों के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विधानसभा का बजट सत्र आज से

## सचिवालय को मिले 100 से अधिक प्रश्न, अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सियासत एक बार फिर गरमाने जा रही है। विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से आरंभ होगा और इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बार सत्र की शुरुआत शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण से होगी। विधानसभा सचिवालय को विधायकों की ओर से 100 से अधिक प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं, जिन्हें संबंधित विभागों को उत्तर तैयार करने के लिए भेज दिया गया है।

ऐसे में यह सत्र प्रदेश की आर्थिक स्थिति, राजस्व घाटा अनुदान और जनहित के अनेक मुद्दों पर तीखी मगर अहम बहस का मंच बन सकता है। सचिवालय द्वारा जारी अस्थायी कार्यसूची के अनुसार सत्र का पहला चरण 16 से 18 फरवरी तक प्रस्तावित है। पहले दिन यदि किसी दिवंगत व्यक्तित्व पर शोकोद्गार हुआ तो सदन में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, इसके उपरांत शासकीय एवं विधायी कार्य प्रारंभ होंगे। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के साथ-साथ राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने का मुद्दा सदन में प्रमुखता से गूंज सकता है। इसके अतिरिक्त प्रदेश की माली हालत, सेब पर आयात शुल्क में कमी, कानून-व्यवस्था तथा खनन से जुड़े प्रश्न भी सदन की कार्यवाही को दिशा देंगे।

बजट सत्र को लेकर प्रदेश की जनता की निगाहें भी टिकी हुई हैं, क्योंकि यही वह मंच है जहां विकास, वित्तीय अनुशासन और लोककल्याण से जुड़े फैसलों की दिशा तय होती है। सर्वदलीय बैठक का उद्देश्य सदन की गरिमा बनाए रखते हुए स्वस्थ और सार्थक बहस सुनिश्चित करना है। अब देखना यह होगा कि बहस का स्वर कितना तल्ख़ होता है और सरकार व विपक्ष के बीच तर्कों का यह संग्राम प्रदेश की आर्थिक चुनौतियों के समाधान की राह कितनी आसान कर पाता है।




- सदन में पक्ष-विपक्ष में प्रदेश की आर्थिक स्थिति और राजस्व घाटा अनुदान पर होगी तीखी बहस
- सेब पर आयात शुल्क घटाने कानून-व्यवस्था तथा खनन से जुड़े प्रश्न पर भी तपेगा सदन

### कांग्रेस व भाजपा विधायक दल की बैठकें भी होंगी

**बजट** सत्र के लिए कांग्रेस और भाजपा विधायक दलों की बैठकें 16 फरवरी की सुबह ही होंगी। इनमें दोनों दल सत्र को लेकर रणनीति बनाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक सोमवार सुबह होगी। इसमें कांग्रेस विधायक दल राजस्व घाटा अनुदान के मुद्दे पर विपक्ष पर हमलावर रुख अपनाए रखने की रणनीति बनाएगा। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक विधानसभा परिसर में 16 फरवरी को 11 बजे होगी। इसमें सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाई जाएगी।

# सराज में सड़क दुर्घटना में बुझ गए तीन घरों के चिराग

अनंत ज्ञान



**गोहर।** पवित्र महाशिवरात्रि पर्व की खुशियां उस समय गहरे मातम में बदल गईं, जब सराज विधानसभा क्षेत्र में तड़के एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों के इकलौते चिराग छीन लिए। सोमवार सुबह करीब चार बजे लंबाथाच-कल्हणी सड़क पर एक पिकअप जीप (एचपी-65-5148) अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे में 18 से 20 वर्ष आयु के तीन नवयुवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। जिन घरों में शिवरात्रि की पूजा-अर्चना की तैयारियां चल रही थीं, वहां चीख-पुकार और मातम का माहौल बन गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार वाहन में चार युवक सवार थे। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में अंतिम सांस ली। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है।

मृतकों की पहचान हार्दिक ठाकुर (19), पुत्र जोगराज, निवासी रही धार बगस्याड; ईशान ठाकुर (18), पुत्र प्रेम सिंह, निवासी थरजून तथा सुनील ठाकुर(18), पुत्र इंद्र सिंह, निवासी क्योलीधार थरजून के रूप में हुई है। घायल युवक कुशाल सिंह (19), पुत्र रूप सिंह, निवासी थरजून, अस्पताल में उपचाराधीन है। दुर्घटना की पुष्टि करते हुए उपमंडलाधिकारी थुनाग संजीत शर्मा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में 25-25 हजार रुपए तथा घायल को 5 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है।

### सीएम ने जताया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हादसे में तीन युवको की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़ी है।

# हिमाचल में कल और परसों बारिश-बर्फबारी के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 16 फरवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। ऐसे में 17 व 18 को कुछ स्थानों पर बर्फबारी भी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 17 और 18 फरवरी को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।इस संभावित बदलाव से पहाड़ी इलाकों में ठंड बढ़ सकती है, जबकि निचले और मध्य क्षेत्रों में मौसम अधिकतर शुष्क बना रहेगा।

वहीं, रविवार को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान माइनस 8 से 0 डिग्री सेल्सियस के बीच, मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में 3 से 10 डिग्री और मैदानी इलाकों में 5 से 12 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया।

# जेपी नड्डा का हमीरपुर में जमीन तलाशने का प्रयास

## भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जिले में अपने कुनबे को मजबूती की तरफ ले जाने के लिए कर रहे मशक्कत

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** जिले की राजनीति में जेपी नड्डा को कभी भी धरातल नहीं मिल पाया है, मगर 'ऑपरेशन लोटस' के बाद सुजानपुर से राजेंद्र राणा बड़सर से इंद्र दत्त लखनपाल और हमीरपुर से आशीष शर्मा की मौजूदगी ने नड्डा के लिए हमीरपुर में नए हालात पैदा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। यहीं से उत्साहित होकर लगता है जेपी नड्डा समर्थक अलग तरह की राजनीति के जरिए जिला में अपने कुनबे को मजबूती की तरफ ले जाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं, लेकिन एक बात तो सही है कि समीरपुर की राजनीति को पार पाना उनके लिए अभी इतना आसान भी नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और सांसद उनके बेटे अनुराग ठाकुर के समर्थकों का इस जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जिस तरह का रुतबा है, उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता, मगर अनुराग की मौजूदगी इस सारे माहौल को चुनौती देने में तो अभी भी असरदार ही दिख रही है।

तीन गुटों में बंटे भाजपा के ये नेता अब जिस अंदाज की राजनीति पर सवार हैं, उसका असली पड़ाव कब मुकम्मल तौर पर सामने आएगा इसका इंतजार से पहले जो कुछ हो रहा है, उससे भाजपा के भीतरी माहौल में अजीबोगरीब हालात तो पैदा हुए हैं।

### कार्यक्रम में भविष्य की योजना की नहीं बनी कोई रूपरेखा



**जिस** शोध संस्थान में रविवार को यह कार्यक्रम हुआ, उसमें शोध की बात तो नहीं हुई, मगर भविष्य की योजना की रूपरेखा भी तैयार की गई हो इसका भी किसी ने उल्लेख नहीं किया। निश्चित तौर पर यही कहा जा सकता है कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की तत्कालीन सरकार के समय ठाकुर जगदेव चंद शोध संस्थान के नाम पर जब यह संस्थान खुला था, उसके बाद इसका नाम कुछ साल पहले बदलाव में आया। अब जेपी नड्डा साहब जिला की राजनीति को इसलिए भी गर्मा गए हैं, क्योंकि कार्यक्रम के बाद शिवरात्रि के मौके पर वे हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा के घर भी पहुंचे और उसके बाद गसोता महादेव मंदिर में खास पूजा-अर्चना भी की। यह सारी गतिविधियां नड्डा समर्थकों की राजनीति का खास हिस्सा मानी जा रही है।

# बेंगलुरु में सड़क हादसे में पांच युवकों की मौत

**एजेंसी, बेंगलुरु।** राजधानी बेंगलुरु के बाहरी इलाके नेलमंगला के पास टोल फ्लाईओवर पर देररात हुए सड़क हादसे में पांच युवकों की जान चली गई। बताया गया है कि तुमकुरु रोड से बेंगलुरु की ओर आ रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर पारकर सामने से आ रही केएसआरटीसी की बस से टकरा गई। टक्कर में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पांचों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों में तीन की पहचान डोड्डाबल्लापुर निवासी दुर्गा प्रसाद (20), केशव (19), ललित (22) और हर्षित (20) के रूप में हुई है। दो की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। बस में 42 यात्री सवार थे। इस टक्कर में बस का आगे का शीशा टूट गया, जिससे कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। बस चालक और परिचालक भी घायल हुए हैं। इस संबंध में मादानायक नहल्ली पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश : तारिक रहमान कल लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

**एजेंसी, ढाका**

- पीएम मोदी समेत विश्व के कई नेताओं को भेजा निमंत्रण

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को देश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं को इस समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा गया है।



भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस समारोह में भारत की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी रहेंगे। पीएम मोदी 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं, इसलिए वे ढाका नहीं जा रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह परंपरा से अलग इस बार राष्ट्रपति भवन की जगह ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में आयोतिज होगा। (अनंत ज्ञान)

### सार्क सदस्य देशों को भी न्योता देने की तैयारी

**बांग्लादेश** ज्यादातर सार्क सदस्य देशों के नेताओं को आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। सार्क के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पहल पर शुरू हुआ था। जिया, तारिक के पिता थे। इसके अलावा चीन, मलेशिया, सऊदी अरब और तुर्किये जैसे मित्र देशों के प्रमुखों को भी बुलाने की तैयारी है। तारिक रहमान ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति बांग्लादेश के लोगों के हितों की रक्षा पर केंद्रित होगी और यह किसी एक देश पर आधारित नहीं होगी।

**धार्मिक** अमरनाथ की तर्ज पर पहचान बना रहा अंजनी महादेव का शिवलिंग, सैलानियों का पसंदीदा धार्मिक पर्यटन स्थल

# यहां झरना करता है शिवलिंग का जलाभिषेक, अद्भुत है नजारा

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** अमरनाथ शिवलिंग के बारे में तो आप सब ने सुना होगा, लेकिन मनाली के सोलंगनाला में स्थित अंजनी महादेव दुनिया का सबसे बड़ा बर्फ का प्राकृतिक शिवलिंग है। अंजनी महादेव में पारा माइनस में जाते ही यहां शिवलिंग का आकर बनना शुरू हो जाता है और हर साल फरवरी माह में शिवरात्रि के दौरान यह आकार 35 फुट से भी अधिक ऊंचा हो जाता है।

प्राकृतिक तौर पर बनने वाले इस शिवलिंग की उंचाई देख हर कोई पर्यटक हैरान है। इन दिनों इस शिवलिंग का आकार काफी ऊंचा हो गया है। इस शिवलिंग को अंजनी महादेव के नाम से जाना जाता है। लिहाजा, पर्यटन नगरी मनाली के सोलंगनाला स्थित अंजनी महादेव में अमरनाथ की ही तरह हर साल बर्फ से बना शिवलिंग बनता है जोकि सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। अंजनी महादेव अपने आप में एक खूबसूरत जगह है। इस बार भी प्राकृतिक दृश्यों का आनंद उठाने के लिए यहां दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। यहां भक्तों को शिवलिंग का झरने द्वारा जलाभिषेक करने का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। रोजाना इस शिवलिंग का दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा हो रही है।





सोलंगनाला स्थित अंजनी महादेव, जिसके दर्शन करने दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

इस कारण शिवलिंग की ऊंचाई लगभग 40 फुट तक भी पहुंच जाती है। ऐसे में सर्दियों में भी प्राकृतिक रूप से बने इस शिवलिंग का दर्शन करने भक्त यहां पहुंचते हैं। माना जाता है कि श्रद्धालु अंजनी महादेव के दर्शन करने नंगे पांव चलकर जाते हैं और श्रद्धालुओं को बर्फ से कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अंजनी महादेव मंदिर का इतिहास भगवान जी की माता अंजनी से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि त्रेता युग में माता अंजनी ने पुत्र की प्राप्ति के लिए इसी स्थान पर तपस्या की थी, जिससे शिव जी प्रसन्न हुए और उन्होंने अंजनी को दर्शन दिए थे। तभी से यहां पर प्राकृतिक तौर पर बर्फ का शिवलिंग बनता है। इस मंदिर को लेकर यह भी मान्यता है कि इस शिवलिंग के दर्शन करने से व्यक्ति की हर इच्छा पूरी हो सकती है।

### बर्फ के बीच नंगे पांव 100 मीटर का सफर

**एक** ओर जहां बर्फ के ऊपर नंगे पांव पल भर के लिए खड़ना कष्टदायक होता है वहीं, पर्यटक श्रद्धालु 100 मीटर की दूरी नंगे पांव तय करते हैं। इस सफर के बीच श्रद्धालू का उत्साह देखने लायक होता है। अंजनी महादेव के दर्शन नंगे पांव चलकर किए जाते हैं और श्रद्धालुओं को यह बर्फ नुकसान नहीं पहुंचाती है। यह दैवीय चमत्कार ही है कि बर्फ में नंगे पांव चलने से भी श्रद्धालुओं को कोई नुकसान नहीं होता। अंजनी महादेव मंदिर मनाली से लगभग 14 किमी दूर सोलंगनाला के पास स्थित है। यह मंदिर साढ़े 11 हजार फुट की ऊंचाई पर बना हुआ है। मंदिर पहुंचने के लिए आपको मुख्य सड़क से लगभग 2 किमी की दूरी तरह करनी पड़ेगी। इसके बाद शिवलिंग के दर्शन के लिए आपको 150 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं।

### सैकड़ों सैलानी पहुंच रहे अंजनी महादेव

**मनाली** का पर्यटन स्थल रोहतांग देश व दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है। रोहतांग की तरह अब अंजनी महादेव भी लोकप्रिय हो रहा है। इन दिनों सैकड़ों की संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं, जिनकी कुछ ही दिनों में संख्या हजारों में हो जाएगी, क्योंकि अब धीरे-धीरे मनाली में पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है और जो भी पर्यटक सोलंगनाला आता है, वह अंजनी महादेव जाना नहीं भूलता।

# अभिषेक सोनी और लमन बैंड के तरानों से मंत्रमुग्ध हुए लोग



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शिवरात्रि महोत्सव के पहले दिन शिव मंदिर परिसर में रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। इस आयोजन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने मुख्यअथिति के रूप में शिरकत की। इस दौरान लमन बैंड व अभिषेक सोनी ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा स्थानीय कलाकार रोहित कौंडल, सीमा ने भी अपनी सुरीली आवाज से समां बांधा दिया। इस मौके पर शिव भक्त झूमते नजर आए।

## न्यूज ब्रीफ

### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में बांटा फलाहार



**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** महाशिवरात्रि पर आलमपुर उपतहसील की जांगल पंचायत के कटवाल मोहल्ले स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए फलाहार व खीर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। संजीव राणा, राजीव शर्मा, ऋतिक राणा, संतोष राणा, अर्चित राणा और अजय राणा का विशेष सहयोग रहा।

### लंबागांव बना वॉलीबाल प्रतियोगिता का विजेता

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कुंज्जेश्वर महादेव मंदिर लंबागांव में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही शिवरात्रि के उपलक्ष्य में वॉलीबाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला आलमपुर व लंबागांव के बीच हुआ, जिसमें लंबागांव विजेता बना। विजेता टीम को 3100 रुपए ट्रॉफी और उप विजेता को 2100 रुपए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### सांबा दधोना प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि की धूम



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सांबा दधोना प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि मनाई गई। भोले के भक्तों ने नतमस्तक होकर मंदिर में माथा टेका व भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। शिव मंदिर कमेटी के प्रधान ककुलबीर सिंह राणा ने बताया कि सुबह हवन किया गया। वहीं, सोमवार को दोपहर को भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर कमेटी सदस्य अमर सिंह राणा, सतीश राणा, ओमप्रकाश धीमान,नसीब सिंह, मदनलाल शर्मा, तिलक राज शर्मा, केसी कटोच, जनम सिंह, चंपा कटोच, स्वर्णा देवी, संतोष कुमारी, श्रेष्टा, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर आर्य समाज मंदिर में हवन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** आर्य समाज मंदिर धर्मशाला के नवनिर्मित भवन में महाशिवरात्रि पर्व और महर्षि दयानंद का बोध उत्सव मनाया गया। इसमें आर्य समाज के प्रधान अमित नरुला के साथ कार्यकारिणी के सदस्य अरुण पुरी, रणधीर सेखड़ी, नगरोटा आर्य समाज से राकेश कायस्था और गुरुद्वारा सिंह सभा धर्मशाला से तेजेंद्र सिंह , डीएवी विद्यालय स्टाफ के सदस्य और बच्चों सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आर्य समाज के पुरोहित मुकेश शास्त्री ने यजुर्वेद की विशेष मंत्रों द्वारा हवन को संपन्न करवाया। सभी ने वैदिक पथ पर चलने का संकल्प लिया।

### चार दिवसीय लंबागांव मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लंबागांव के कुंज्जेश्वर महादेव महाशिवरात्रि महोत्सव में लगने वाले चार दिवसीय मेले का शुभारंभ रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी के पोते अंभिकेश्वर कटोच ने किया। अंभिकेश्वर कटोच ने शिवालय की पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि शुभकामनाएं दी। मौके पर छिंज मेला कमेटी के अध्यक्ष परवीन राणा व सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

### पठानिया ने कांग्रेस नेता देवदत्त को दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** मंजग्रा पंचायत के द्रमन निवासी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता देवदत्त शर्मा के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दुःखद अवसर पर स्थानीय विधायक एवं उप मुख्य सचेतक, हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि केवल सिंह पठानिया सहित शाहपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। देवदत्त को पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। विधायक पठानिया ने उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार के दौरान सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

# काठगढ़ महादेव की आरती होगी लाइव

## आरएस बाली रहे मुख्यातिथि, बोले- मंदिर परिसर में लगेंगी हाई-मास्ट लाइटें

◆ पर्यटन विभाग के निदेशक को तीन दिन में विस्तृत रिपोर्ट देने के दिए निर्देश



आरएस बाली को काठगढ़ मंदिर की स्मृति की भेंट। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** शिव मंदिर काठगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय जिलास्तरीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि विधायक मलेंद्र राजन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आरएस बाली ने काठगढ़ महादेव के पावन धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

शिव मंदिर सुधार सभा काठगढ़ की ओर से मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को पगड़ी एवं हिमाचली टोपी भेंटकर सम्मानित किया गया। आरएस बाली ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भावनाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए काठगढ़ महादेव की आरती को लाइव प्रसारण से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने पर्यटन विभाग के निदेशक को तीन दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा डमटाल में पर्यटन विभाग का होटल स्थापित करने की घोषणा की गई है, जिससे काठगढ़ सहित आसपास के धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ड्राइंग तैयार करने व राजस्व विभाग को मार्च से पूर्व भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी बजट में इसके निर्माण के लिए धन का प्रावधान किया जा सके। इस अवसर पर महंत कालिदास, काठगढ़ मंदिर सुधार सभा के प्रधान ओम प्रकाश कटोच, महंत नितिन कुमार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कर्ण पठानिया आदि मौजूद रहे।

### काठगढ़ की दिव्य छवियों को 10 होटलों में प्रदर्शित के दिए निर्देश

**विधायक** मलेंद्र राजन के आग्रह पर आरएस बाली ने काठगढ़ महादेव की दिव्य छवियों को हिमाचल पर्यटन विभाग के 10 होटलों में प्रदर्शित करने के निर्देश जारी करने की घोषणा की, जिससे प्रदेशभर में इस पावन धाम की महिमा और अधिक प्रसारित हो सके। उन्होंने अपने स्व. माता-पिता की स्मृति में मंदिर सुधार सभा को अन्य विकास एवं धार्मिक कार्यों के लिए एक लाख रुपए की राशि प्रदान की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए लगभग 10 लाख रुपए की लागत से हाई-मास्ट लाइट स्थापित करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर विधायक मलेंद्र राजन ने भी सभी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सीएम के प्रयासों से काठगढ़ महादेव, क्यालु महाराज मंदिर गंगथ एवं राम मंदिर डमटाल जैसे धार्मिक स्थलों को भी विकसित कर इन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने के प्रयास किए जाएंगे।

## हैप्पी बर्थडे



नगरोटा बगवां के सहर्ष को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



विनय सूदन और पूनम सूदन को शादी की 29वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# मैक्लोडगंज में बिना वीजा रह रही यूगांडा की महिला को 28 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में बिना वैध वीजा के रह रही यूगांडा की महिला को न्यायालय ने 28 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए महिला को हिरासत में लिया था। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने योंगलिंग स्कूल के पास सीढ़ियों पर एक संदिग्ध विदेशी महिला को देखा। पूछताछ के दौरान महिला ने अपने पासपोर्ट और ईटीए (इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन) की फोटो कॉपी मोबाइल फोन में दिखाई। जांच में सामने आया कि उसका वीजा 31 दिसंबर को समाप्त हो चुका था। महिला की पहचान शमीम नाटूकुंडा निवासी यूगांडा के रूप में हुई है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि महिला को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 28 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। पुलिस ने यूगांडा दूतावास से संपर्क प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# एआई इंपेक्ट समिट में श्रेय अवस्थी की सहभागिता से युवाओं में होगा उत्साह का सकारात्मक संचार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत के तकनीकी इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ते हुए राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित हो रहा एआई इंपेक्ट समिट 2026 दक्षिण एशिया का पहला प्रमुख वैश्विक मंच है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता को समर्पित है। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भाजपा हिमाचल प्रदेश के सोशल मीडिया सह संयोजक श्रेय अवस्थी 18 से 20 फरवरी तक सहभागिता कर रहे हैं। सम्मेलन में देश-विदेश के नीति-निर्माता, वैश्विक विशेषज्ञ, नवप्रवर्तक तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अग्रणी प्रतिनिधि एकत्र होकर शासन, अर्थव्यवस्था एवं जन-संवाद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। श्रेय अवस्थी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में इस प्रकार के ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करना भारत की तकनीकी क्षमता, नवाचारशीलता एवं वैश्विक प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि का प्रतीक है। इस मंच पर सहभागिता से युवा नेतृत्व को संचार, सुशासन एवं सार्वजनिक जीवन में युवाओं की सहभागिता को दिशा देने वाले उभरते डिजिटल प्रवृत्तियों को समझने का बहुमूल्य अवसर प्राप्त होगा। श्रेय अवस्थी ने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद तथा वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया के प्रति उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में श्रेय अवस्थी की सहभागिता से युवाओं एवं डिजिटल समुदायों में उत्साह का सकारात्मक संचार होगा, जो भारत के तकनीकी भविष्य को आकार देने वाली चर्चाओं में युवा राजनीतिक नेतृत्व की बढ़ती एवं सशक्त भागीदारी को रेखांकित करता है।

# पदोन्नत प्रिंसिपल का वेतन फिक्स करे विभाग

◆ 779 प्रिंसिपल को वेतन बढ़ने का इंतजार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** 512 हेडमास्टर और 267 प्रवक्ताओं को दिसम्बर 2025 में इन सिचु प्रमोशन देकर प्रिंसिपल बनाया गया था। 14 जनवरी, 2026 को इन शिक्षकों का वेतन आहरण करने के लिए प्रिंसिपल के रिक्त पदों की अधिसूचना कर दी गई । फिलहाल ये हेडमास्टर और प्रवक्ता अपने ही स्कूल में ही 31 मार्च 2026 तक तैनात रहेंगे और उनका वेतन अपने स्कूल की बजाय प्रिंसिपल के रिक्त पद से निकाला जाएगा। इस समय जिन प्रिंसिपल का वेतन आहरित हुआ है, उनको हेडमास्टर या प्रवक्ता पद का ही वेतन मिल रहा है, जबकि उनको प्रिंसिपल पोस्ट का वेतन मिलना आपेक्षित है। ऐसे में नए पद के अनुसार पे फिक्सेशन करने के लिए संबंधित जिला शिक्षा उप निदेशक कार्यालयों को आवश्यक दिशा निर्देश देने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि जिन पदोन्नत प्रिंसिपल की प्रमोशन के बाद रिटायरमेंट 31 मार्च तक होने वाली है, उनको स्टेशन दे दिए जाने चाहिए थे, ताकि वे उस पद पर कुछ समय काम कर लेते। इससे अनेकों तकनीकी समस्याएं हल हो जाती। इसके अलावा अप्रैल 2026 में इन शिक्षकों को स्टेशन दिए जाएंगे और उस समय प्रदेश में हेडमास्टर के 600 पद रिक्त हो जाएंगे। ऐसे में राज्य सरकार पात्र टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता से हेडमास्टर की पदोन्नति अप्रैल माह में ही करना सुनिश्चित करे।




# प्रदेशहित पर राजनीति भारी, मित्रों को दिए लाभ तुरंत रोकें सीएम: विपिन परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार जनता के बजाय राजनीतिक समीकरण और चहेतों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन वर्षों में कर्ज बढ़ा है और स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। प्रदेश के अस्पतालों पर 770 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी लटक रही है। आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजना के तहत गरीबों को मुफ्त इलाज का दावा किया गया था, लेकिन अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं मिल रहा। उन्होंने अनावश्यक राजनीतिक नियुक्तियों और मित्रों को दिए गए लाभ तुरंत बंद करने की मांग की। वहीं, परमार ने गौरी शंकर अक्षेणा महादेव मंदिर में आयोजित पावन महाशिवरात्रि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ कर देवाधिदेव भगवान शिव के चरणों में शीश नवाया। मंदिर मेला कमेटी के विशेष आग्रह पर उन्होंने वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप अक्षेणा महादेव मंदिर मेले का शुभारंभ भी किया। उन्होंने गुग्गा मंदिर सलोह में भी माथा टेककर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास की कामना की।

### यूथ क्लब बटाहन मलेहड़ ब्रदर्स ने मूंढी टीम को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, डरोह।** यूथ क्लब बटाहन मलेहड़ ब्रदर्स की ओर से आयोजित 3 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबला बटाहन मलेहड़ टीम और मूंढी टीम के बीच खेला गया, जिसमें बटाहन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा स्मृति चिन्ह एवं 8100 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता (रनरअप) टीम को स्मृति चिन्ह सहित 6100 की राशि देकर सम्मानित किया गया। विपिन परमार ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपने खाली समय को खेलकूद में लगाएं।




# इंद्रु नाग मेला कमेटी खनियारा का सदस्य बनने के लिए अंतिम तिथि पहली मार्च

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भगवान श्री इंद्रु नाग मेला कमेटी खनियारा, कमेटी के नए सदस्य बनाने जा रही है। इसके लिए क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति सदस्यता ले सकेगा, उसे प्रधान के नाम पर आवेदन पत्र देना होगा। पहली मार्च से पहले यह आवेदन करना आवश्यक है। इकसे बाद के आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। यह सदस्यता एक साल की लिए अस्थाई होगी और मत देने का अधिकार नहीं होगा। सदस्य के बेहतरीन कार्य पर स्थाई सदस्यता प्राप्त होगी। यह फैसला मेला कमेटी प्रधान ईश्वर दास की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार व्यास ने बताया कि श्री इंद्रु मेला कमेटी खनियारा की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इसमें ग्रामीणों के आह्वान पर नए सदस्य जोड़ने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा पिछले मेले के आय व्यय के विवरण पर चर्चा हुई। यह भी तय किया गया कि दुकान आवंटन में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ही दुकानें आवंटित की जाएंगी। मेला मैदान में अखाड़े के पास ठेकेदार की ओर से फैंके गए पत्थर दो दिन में उठाने को कहा गया है, अगर नहीं उठाता है तो उसकी लिखित शिकायत उचित अधिकारी के पास दी जाएगी। बैठक में चर्चा हुई कि कमेटी अपनी आय के मुताबिक तय करेगी। कुश्ती की माली व अन्य कार्यक्रमों के लिए कितना बजट रखा जाएगा। पिछले सात सालों की तरह इस साल 2026 भी नशा मुक्त रहेगा। मेला मैदान में नशीले पदार्थ बेचने व खरीदने वाले दुकानदारों को तत्काल मैदान खाली करना होगा। इसके अलावा हुड़दंग मचाना व लड़ाई झगड़ा करके संस्कृति व परंपरा को धक्का पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। झूला ठेकेदारों को आवेदन के साथ अपने झूलों का बीमा पत्र व टेक्निकल रिपोर्ट देनी होगी। आगामी बैठक पहली मार्च को आयोजित होगी। कमेटी के चुनाव पर चर्चा मतड़ा नाग में भंडारे के दौरन होगी। इस मौके पर वरिष्ठ सलाहकार विचित्र राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार व्यास, पूर्व कैप्टन लव कुमार छेत्री, पूर्व कैप्टन प्रशोत्तम चंद, पूर्व कैप्टन शिवराज थापा, महासचिव कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष पूर्व कैप्टन जगदीश चंद, उप कोषाध्यक्ष सूबेदार सूरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सगठनात्मक जिला कांगड़ा में संयोजक व सह संयोजक किए नियुक्त

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भाजपा प्रदेश पंचायतीराज प्रकोष्ठ संगठनात्मक जिला कांगड़ा संयोजक योगराज चड्ढा ने भाजपा संगठनात्मक जिला कांगड़ा के तहत सभी विधानसभा क्षेत्र के मंडल में पंचायतीराज प्रकोष्ठ के मंडल संयोजकों और सह संयोजकों की नियुक्तियां संगठनात्मक जिला कांगडा के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा से एवं शीर्ष नेतृत्व से विस्तृत चर्चा के बाद घोषणा की। विधानसभा क्षेत्र शाहपुर मंडल से संयोजक राजेश कुमार, सह संयोजक, विजय पाल, राजकुमार, मधुबाला और मधु। वहीं, लदवाड़ा मंडल से संयोजक प्रदीप कुमार, सह संयोजक अंजू कुमारी, प्रेम कुमार, रविंद्र कुमार अश्वनी कुमार को नियुक्त किया है। धारकंडी मंडल से संयोजक विजय नाथ, सह संयोजक सीमा रानी, ओम प्रकाश, त्रिशला देवी विष्णु कुमार को नियुक्त किया है। कांगडा विधानसभा क्षेत्र से जयंती मंडल संयोजक नवीन कुमार को, सह संयोजक अनिल कुमार, संजीव कुमार प्रवीण बाबी, नवल किशोर को। ब्रजेश्वरी मंडल से संयोजक विजय कुमार, सह संयोजक संजीव कुमार, रिप्पल कुमार, नरेंद्र कुमार, अनूप कुमार को नियुक्त किया है। धर्मशाला शहरी मंडल से संयोजक पुनी लाल, सह संयोजक गुलशन कुमार, त्रिलोक कुमार, चमरू राम, शालिनी देवी को। धर्मशाला ग्रामीण मंडल से संयोजक रक्षपाल, सह संयोजक सरला देवी, सतीश चौधरी, राकेश धीमान, सुरेंद्र राणा को नियुक्त किया है। नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के नगरोटा मंडल से संयोजक अजय सिपाहिया, सह संयोजक हरपाल, अजय आनंद, प्रमोद, वीर सिंह को व बड़ोह मंडल से संयोजक सुरजीत सिंह व सह संयोजक तिलकराज ,मनोज कुमारी, प्रीतम चंद व नीलम कुमार को नियुक्त किया गया है।



# बैजनाथ में शोभायात्रा-झंडा रस्म के साथ राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का आगाज

## विधायक किशोरी लाल ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 का शुभारंभ विश्राम गृह से इंदिरा गांधी स्टेडियम, बैजनाथ तक निकाली गई भव्य शोभायात्रा तथा पारंपरिक झंडा रस्म के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया।

इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने सर्वप्रथम बैजनाथ शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रदर्शनियों के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के प्रयासों की सराहना की। विधायक कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति स्कृति के परिचायक होते हैं। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने कहा कि राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं।




मंदिर में विधायक किशोरी लाल व साथ में भक्तों की भीड़। अनंत ज्ञान

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया तथा क्षेत्रवासियों से भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। महोत्सव के शुभारंभ में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें स्थानीय कलाकारों, विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा सांस्कृतिक दलों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर पूर्व अनुसूचित जाति सैल के उपाध्यक्ष रविंदर बिट्ठू, तहसीलदार रमन ठाकुर प्रदेश युवा महासचिव रविंदर राव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जमवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक संदीप शर्मा, नायब तहसीलदार गुरमुख सिंह ठाकुर, दिलावर देओल, व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर, मिलाप राणा, रमेश चड्डा, अजय सूद व राजेश शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राज्यपाल को बजट सत्र में शामिल होने का दिया निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को 16 फरवरी से प्रारंभ हो रहे बजट सत्र में सम्मिलित होने के लिए विधिवत



आमंत्रित किया। उन्होंने सत्र की तैयारियों और कार्यसूची को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा की। राज्यपाल ने आमंत्रण के लिए विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया व लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप सत्र के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान संसदीय मर्यादाओं व प्रदेशहित से जुड़े विषयों पर भी सौहार्दपूर्ण विचार-विमर्श हुआ।

# प्रदेश के कांगड़ा जिला में लगेंगे पर्यटन को पंख

## नड्डी में होगा एशिया की सबसे लंबी जिपलाइन परियोजना का निर्माण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुरम्य धौलाधार घाटी में रोमांच और प्रकृति का अनूठा संगम देखने को मिलने वाला है। सीएम सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कांगड़ा जिले के नड्डी क्षेत्र में एशिया की सबसे लंबी जिपलाइन परियोजना स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। 4.3 किलोमीटर लंबी यह जिपलाइन न केवल साहसिक पर्यटन को नई ऊंचाइयां देगी, बल्कि कांगड़ा को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिलाएगी।

जानकारी के अनुसार 7.41 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाली यह जिपलाइन परियोजना 36 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कृ गल्लू (प्रारंभिक बिंदु), बल गांव, नड्डी और मैगी प्वाइंट खड्डु (समापन बिंदु) सहित चार स्टेशनों वाली यह संरचना पर्यटकों को आसमान की ऊंचाइयों से धौलाधार पर्वत श्रृंखला और हरियाली से लदी वादियों का दीदार कराने का अवसर देगी। यह परियोजना साहस, रोमांच और प्राकृतिक सौंदर्य का ऐसा संगम होगी, जो पर्यटकों के दिलों में यादगार अनुभव अंकित कर देगी।



◆ सीएम सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने परियोजना स्थापित करने का लिया निर्णय

राज्य सरकार पहले ही कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी का दर्जा दे चुकी है और इसी कड़ी में यह महत्वाकांक्षी पहल की जा रही है। नड्डी व्यू प्वाइंट, जो अपने विहंगम दृश्यों और शांत परिवेश के लिए विख्यात है, इस परियोजना का केंद्र बनेगा।

जिपलाइन के माध्यम से यहां आने वाले सैलानियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है, जिससे होटल, होम-स्टे, परिवहन और स्थानीय हस्तशिल्प व्यवसाय को नई रफ्तार मिलेगी।

### रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की ओर मजबूत कदम

**यह** परियोजना केवल पर्यटन आकर्षण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगी। स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सरकार का उद्देश्य सतत और संतुलित विकास को बढ़ावा देते हुए पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ करना है, ताकि कांगड़ा का नाम रोमांचक पर्यटन के क्षेत्र में दूर-दूर तक रोशन हो सके।























महाशिवरात्रि पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
अशोक ठाकुर
ब्यूरो चीफ पठानकोट (इंदौरा)
मो. 94184-85666


रणवीर सिंह निक्का
विधायक नूरपुर विस क्षेत्र
रीता धीमान
पूर्व विधायक इंदौरा विस क्षेत्र
महाशिवरात्रि
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ सन्नी शुक्ला
अध्यक्ष हि.प्र. भाजयुमो
सभ्य लोहटिया
अध्यक्ष संगठन भाजयुमो जिला नूरपुर
राजेश काका
अध्यक्ष संगठन जिला नूरपुर
अंकुश इंदौरिया
सचिव, भारतीय युवा मोर्चा संगठन नूरपुर
राहुल सिंह पठानिया
जिला परिषद सदस्य एवं भाजयुमो नेता
मोती जोशी
वरिष्ठ भाजपा नेता
अश्वनी शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता
सहदेव ठाकुर
चेयरमैन ब्लॉक इंदौरा
जयदीप राणा
भाजपा मंडल अध्यक्ष
जोगिन्द्र शर्मा (मिंटू)
भाजपा मंडल अध्यक्ष
दीपक सलारिया
भाजपा मंडल अध्यक्ष


महाशिवरात्रि पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जय शंकर
स्टोन क्रशर
चुहडपुर इंदौरा


महाशिवरात्रि पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Shaheed V.S. Katoch
Filling Station Indora
नवदीप कटोच (समाजसेवी)


महाशिवरात्रि पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
कनव पठानिया
शिव भक्त


महाशिवरात्रि पर्व
की सभी प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
मलेन्द्र राजन
विधायक इंदौरा विधानसभा क्षेत्र
डोली कटोच
डोली मैडीकल स्टोर, इंदौरा


महाशिवरात्रि पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
गोल्डी लम्बरदार
प्रधान ग्राम पंचायत काठगढ़

## न्यूज ब्रीफ

### कोट में लड़की की शादी को दिया धाम का राशन



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मवा सिंधियां में कार्यरत स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा अपने सहयोगी सदस्यों के साथ निरंतर स्काउटिंग के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई के स्काउट्स एवं गाइड्स और सभी दानी सज्जनों और संस्था के सहयोगी सदस्यों सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक बलबीर राणा, रतन रांगड़ा, राजेश शर्मा शास्त्री, मनोज चौहान, सौरभ, अश्विनी चौहान, देशराज चौहान ने कोट पंचायत में लड़की की शादी को धाम का राशन दिया। वहीं, इसी पंचायत की दूसरी लड़की की शादी को 11000 रुपए का शगुन दिया।

### बस्सी क्षेत्र में गैस सिलेंडर में विस्फोट, मां-बेटा झुलसे

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज के तहत बस्सी क्षेत्र में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर बदलने के दौरान विस्फोट होने का मामला सामने आया है। विस्फोट से रसोई का दरबाजा व खिड़की के शीशे टूट गए। वहीं, सिलेंडर के समीप मौजूद इंद्रजीत डोगरा तथा उनकी माता सुनीता गैस की लपटों की चपेट में आकर झुलस गए। दोनों को तत्काल उपचार के लिए चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाई गई। पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक जांच व बयानों के आधार पर यह हादसा पूरी तरह आकस्मिक प्रतीत होता है। पुलिस की ओर से जांच व कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 1 अप्रैल तक करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 13 फरवरी से आरंभ कर दिया गया है। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि अग्निवीर जीडी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क एवं एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं-10वीं) और अग्निवीर महिला मिलीटरी पुलिस की भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 अप्रैल तक किया जा सकता है। निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की पहले ऑनलाइन कं प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा होगी और उसके बाद भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। आवेदन के इच्छुक एवं पात्र युवा वेबसाइट-ज्वाइन इंडियन आर्मी.एनआईसी.इन पर लॉग इन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करवाने वाले उम्मीदवार का एक्टिव मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी होनी चाहिए तथा ये आधार नंबर नंबर से लिंक होने चाहिए।

### गोशाला सेवा समिति के अध्यक्ष का अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र के गांव बदारन के पंडित सुखदेव शास्त्री का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव के बाग शीतला श्मशानघाट में किया गया। रविवार सुबह उनका पार्थिव शरीर श्री लक्ष्मी नारायण गौशाला भड़ोली भगोर परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद लगभग चार किलोमीटर लंबी शवयात्रा बाग शीतला श्मशानघाट पहुंची, जहां उन्हें नम आंखों से विदाई दी गई। विभिन्न गोशालाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुखदेव शर्मा ने हिमाचल प्रदेश में कई गोशालाओं की स्थापना और संचालन में अहम भूमिका निभाई।

### नेरी में ठाकुर राम सिंह की 111वीं जयंती पर समारोह आयोजित

# ठाकुर राम सिंह की सोच शिक्षा नीति में परिलक्षित ही नहीं, इंप्लीमेंटेशन भी हो रही : जेपी नड्डा

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के नेरी स्थित ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान में ठाकुर राम सिंह की 111वीं जयंती समारोह मनाया गया। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल एवं महंत सूर्यनाथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर विश्वकर्मा ने की। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश सोनी रहे।

नड्डा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि नेरी शोध संस्थान में लंबे अरसे बाद आने का मौका मिला। नेरी शोध संस्थान से मेरा संबंध बड़ा पुराना है। उन्होंने कहा कि स्व. ठाकुर राम सिंह की 111 वीं जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं तो सबसे पहले हमें इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि हम ऐसी शख्सियत की जयंती मना रहे जो आने वाले समय तक आने वाली



ठाकुर राम सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि देते नड्डा। अनंत ज्ञान

पीढ़ियों को सदा सदा के लिए प्रेरणा देंगे। उन्होंने कहा कि 88 वर्ष की आयु में एक नए प्रकल्प को हाथों में लेना और उसे पूरा करना यह उनकी ताकत थी। उन्होंने कहा कि में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का धन्यवाद करना चाहूंगा कि उनके मुख्यमंत्री काल में यह नेरी शोध संस्थान के भूमि का प्रबंधन किया और यह बनकर तैयार हुआ। उन्होंने कहा कि यहां से जो इतिहास के शोध को बढ़ाने का काम चल रहा वो उतम कोटि का है। उन्होंने कहा कि इतिहास संकलन को कार्य अंतिम सांस तक किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के नेतृत्व में भारत की एक करोड़ पांडुलिपियों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ठाकुर राम सिंह जिस सोच को लेकर चले थे यह हमारी शिक्षा नीति में भी परिलक्षित होती हैं। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा नीति में परिलक्षित ही नहीं हो रही इसका इम्लीमेंटेशन भी हो रही है और इस पर तीव्र गति से कार्य भी चल रहा है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, सांसद सिकंदर कुमार एवं राजीव भरद्वाज, प्रदेशभर के विधायक, पूर्व विधायक तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ठाकुर राम सिंह एक महान व्यक्तित्व : धूमल

**पूर्व** सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने ठाकुर रामसिंह को उनकी 111वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ठाकुर रामसिंह एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने इतिहास के क्षेत्र में जो कार्य किया, वह स्वयं एक उल्लेखनीय इतिहास बन गया। धूमल ने कहा कि ठाकुर रामसिंह आदिकाल के तपस्वियों की भांति सच्चे अर्थों में तपस्वी थे। जीवन के अंतिम वर्षों में, 88 वर्ष की आयु में भी समाज के लिए कार्य करने का उनका उत्साह अद्भुत था। उन्होंने स्मरण करते हुए कहा कि उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ कि वे ठाकुर रामसिंह से मिले और संघ, संगठन तथा हमारे महान राष्ट्र के इतिहास के बारे में उनसे बहुत अधिक जानने का अवसर मिला।

# हर मोर्चे पर सुक्खू सरकार रही विफल : अनुराग ठाकुर

### बोले- प्रदेश को 1 लाख करोड़ के कर्ज में डुबोया

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने नेरी में मीडिया से बातचीत करते हुए सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 2022 में बनी सरकार अपने गठन के दिन से ही हर मोर्चे पर विफल रही है।

विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, ओपीएस बहाली, एक लाख सरकारी नौकरियां, दूध पर समर्थन मूल्य और बागवानों को राहत देने जैसी कई गारंटियां दी थीं, लेकिन अधिकांश वादे आज भी अधूरे हैं। आज अधिकांश गारंटियां या तो अधूरी हैं या धरातल पर नजर नहीं आ रही हैं। प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है,' उन्होंने कहा। अनुराग ने आरोप लगाया कि प्रदेश पर एक लाख करोड़ से अधिक का कर्ज हो चुका है, जबकि सरकार मित्रों और मंत्रियों के लिए लग्जरी वाहनों की खरीद में व्यस्त रही। आरडीजी अनुदान पर उन्होंने कहा कि यह 17 राज्यों के लिए बंद किया गया था और इसकी पूर्व सूचना उपलब्ध थी, फिर भी वैकल्पिक योजना नहीं बनाई गई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 वर्षों में हिमाचल को 1.68 लाख करोड़ से अधिक की सहायता दी है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबाने की जिम्मेदार राज्य सरकार है।

### गसोता महादेव मंदिर में नवाया शीश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री नड्डा नेरी शोध संस्थान में कार्यक्रम के बाद विधायक हमीरपुर आशीष शर्मा के निवास स्थान गांव मुलाना पहुंचे और उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से मिले। इसके बाद वह गसोता महादेव मंदिर में पहुंचे एवं शीश नवाया। इस मौके पर उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल और बीजेपी के कई नेता मौजूद

## शिवमय हुआ सुजानपुर, 'हर हर महादेव' से गूंजा क्षेत्र

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** महाशिवरात्रि पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। जगह-जगह फलाहार लंगर लगाए गए। सुजानपुर स्थित ब्रह्म कुमारी आश्रम सुजानपुर, नंदेश्वर मंदिर सुजानपुर, वार्ड नंबर-6 का प्रसिद्ध शिव मंदिर, वार्ड नंबर-5 का काली माता मंदिर, वार्ड नंबर-4 का पौराणिक टीले पर स्थित शिव मंदिर हर जगह शिव अर्चना, हवन-पाठ और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

भलेठ में स्थित आदि शिव धाम भलेठ श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र बना रहा। आदि शिव धाम में भव्य जागरण भी आयोजित किया गया, जिसमें तीन



भक्तों ने की शिव की पूजा-अर्चना। अनंत ज्ञान

प्रसिद्ध गायकों को आमंत्रित किया गया है। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, शाम ढलते ही इस धाम का दृश्य और भी अलौकिक हो जाता है। दीयों की रोशनी, भजनों की गूंज और हर तरफ 'हर हर महादेव' का जयघोष माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देता है। प्रशासन और मंदिर समितियों की ओर से व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। खास बात यह रही कि आदि शिव धाम भलेठ में विशाल भंडारे का आयोजन प्रातः 11 बजे से लेकर शाम करीब 5:30 बजे तक किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भलेठ स्थित शिव धाम में श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने ईष्ट देव देवों के देव भगवान शिव की आराधना की। तथा उन्हें दूध ,बेलपत्र ,बेर धतूरा भांग आदी चढ़ाए।

### महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के गवालपथर पंचायत में स्थित गोगा जाहरवीर मंदिर में महाशिवरात्रि पूर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में जल चढ़ाने वालों का तांता लगना शुरू हो गया। वहीं, कीर्तन मंडली ने भोलेनाथ की भेंटे गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान आए हुए श्रद्धालुओं को फलाहार का वितरण किया गया।

# जारी टीजीटी स्क्रीनिंग सिलेबस टीजीटी कैडर पर कुठाराघात

### प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला हमीरपुर ने जताया विरोध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल सरकार द्वारा सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों में भर्ती प्रक्रिया के लिए जल्द ही स्क्रीनिंग टेस्ट होने जा रहा है, जोकि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा करवाया जाएगा। हाल ही में बोर्ड द्वारा जारी किए गए टीजीटी स्क्रीनिंग के लिए जो सिलेबस जारी किया गया है, उसे ध्यानपूर्वक अगर देखा जाए तो पता चलेगा कि यह सिलेबस कितना अधिक है। जोकि अध्यापकों पर किसी कुठाराघात से कम नहीं।

इस सिलेबस के अनुसार टीजीटी पद के लिए बीएड व पोस्ट ग्रेजुएट लेवल का सिलेबस जारी कर दिया गया है जबकि पीजीटी के लिए मात्र 10+2 का ही सिलेबस दिया गया है। यही नहीं एनसीईआरटी के द्वारा डिलीटेड सिलेबस भी इसमें इंक्लूड किया गया है। ये एग्जाम केवल स्क्रीनिंग मात्र है, न कि कमीशन का एग्जाम। क्या बोर्ड द्वारा इसका आकलन विशेषज्ञ द्वारा नहीं करवाया गया है? होना यह चाहिए था कि टीजीटी के सिलेबस में वे प्रश्न पूछे जाने चाहिए जिन कक्षाओं को शिक्षक पढ़ा रहे हैं। प्रदेश सरकार में जो भी टीजीटी कार्यरत हैं वह पहले से ही टेट अथवा कमीशन पास करके अपनी सेवाएं दे रहा है। सीबीएसई स्कूलों के लिए किसी भी प्रकार की स्क्रीनिंग के तहत भर्ती चयन प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए थी। सभी शिक्षक किसी भी प्रकार के स्कूल में पढ़ने के योग्य पात्र हैं। इसके बावजूद भी शिक्षक स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए सहमत है, परंतु जिस प्रकार का सिलेबस टीजीटी कैडर के लिए शिक्षा बोर्ड ने जारी किया है।

हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला हमीरपुर इस कठोराघात का कड़ा विरोध करता है। जल्द ही इस सिलेबस में हुई त्रुटियों को दूर करने के लिए शिक्षा बोर्ड सचिव व चेयरमैन से आग्रह करता हुआ सुझाव देता है कि सिलेबस छठी से दसवीं तक पढ़ाई जाने वाली कक्षाओं के हिसाब से ही जारी किया जाए। संघ के जिला अध्यक्ष विकेश कौशल, महासचिव रविंद्र, वित सचिव विपिन,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुशील, प्रेस सचिव राजेश, गलोड ब्लॉक अध्यक्ष अतुल शर्मा, भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष अनिल, नादौन ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत आदि ने शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से मांग की है कि वे इस विषय पर मंथन करें। शिक्षा बोर्ड को आदेश जारी करें, ताकि समय रहते टीजीटी कैडर की स्क्रीनिंग के लिए नया सिलेबस जारी किया जा सके, ताकि टीजीटी के हितों के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ ना हो सके तथा उनके साथ न्याय हो सके।

# ग्रामीण विकास की मजबूत कड़ी महिला मंडल : रूबल

### महिला मंडल सदस्यों ने सम्मान राशि जारी करने पर जताया सीएम का आभार



टिक्कर गांव में महिला मंडल सदस्यों ने किया कार्यक्रम का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** मक्कड़ पंचायत के टिक्कर गांव में महिला मंडल सदस्यों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेष रूप से एचपीएमसी के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

वहीं, कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल टिक्कर की सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू द्वारा महिला मंडल को सम्मान राशि जारी किए जाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान राशि महिला मंडल की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा प्रदान करेगी।

रूबल सिंह ठाकुर ने महिला मंडल की सक्रियता, अनुशासन और समाज सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला मंडल ग्रामीण विकास की मजबूत कड़ी है और महिलाओं की भागीदारी के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी यदि महिला मंडल या क्षेत्र की महिलाओं को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होगी, तो वे सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे और हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल की ओर से सभी अतिथियों का धन्यवाद किया गया तथा क्षेत्र के विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, सहयोग और महिला शक्ति के सम्मान का प्रतीक बनकर उभरा।

# नादौन उपमंडल के दस स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सीबीएसई पाठ्यक्रम

### रैल और जलाड़ी स्कूल भी सीबीएसई होंगे, आठ पहले हो चुके

अनंत ज्ञान

**बड़ा।** नादौन उपमंडल के दस सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। रैल व जलाड़ी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी सीबीएसई होंगे। धनेटा, नादौन ब्वॉयज व गर्ल्स, बदारन, अमलैहड़, बड़ा, बटराण, कांगू व गलोड़ स्कूल पहले ही सीबीएसई से संबद्ध हो चुके हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्कूल शिक्षा विभाग को रैल व जलाड़ी स्कूल को भी सीबीएसई से संबद्ध करने की औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

◆ **अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई की पढ़ाई होगी**

अमलैहड़ में निर्माणाधीन डे बोर्डिंग स्कूल को भी नए शैक्षणिक सत्र से शुरू कर दिया जाएगा। यह शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बनेगा। चूंकि, अन्य स्थानों पर भी निर्माणाधीन डे बोर्डिंग स्कूलों का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। इन स्कूलों में अप्रैल-2026 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इन स्कूलों में विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ सुविधाएं भी अव्वल दर्जे की मिलेंगी। विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार मुहैया कराने के साथ खेलों में भी पारंगत बनाया जाएगा। इन स्कूलों के अपने खेल मैदान होंगे। मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए भवनों की उचित व्यवस्था करें। जहां भवन निर्माण की जरूरत है, वहां पुराने भवनों के स्थान पर नई बहुमंजिला इमारत बनाई जाएं। साथ ही स्कूलों को सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र से 140 स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू होगा। 100 स्कूल अब तक सीबीएसई से संबद्ध हो चुके हैं, जबकि 40 स्कूलों की संबद्धता संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री का लक्ष्य पूरे प्रदेश में 200 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करना है। इन स्कूलों का अलग लोगो व यूनिफॉर्म होगा। भवनों का रंग भी एक जैसा ही रहेगा। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थी सीबीएसई की भी पढ़ाई करें। इससे उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ेगी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी हासिल होगी। शहरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में भी सीबीएसई की पढ़ाई होना हिमाचल प्रदेश के इतिहास में एक क्रांतिकारी बदलाव है।

**कार्यक्रम** 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# बड़ोह में 10 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन: सुरेश

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** विधानसभा क्षेत्र के बड़ोह गांव में रविवार को 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इससे पूर्व विधायक सुरेश कुमार ने बड़ोह स्थित शिव मंदिर में माथा टेककर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से लोगों को क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी जा रही है। वहीं, उनकी समस्याओं को दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की विकासात्मक सोच के चलते ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि बजडौह से बड़ोह सड़क तथा पुल



बड़ोह गांव में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते विधायक सुरेश कुमार। अनंत ज्ञान

का निर्माण नाबार्ड के तहत किया जाएगा। बड़ोह गांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, पुराने ग्रामीण रास्ते की मरम्मत के लिए 2 लाख रुपए, मुख्य सड़क पर सीमेंट पेवर ब्लॉक लगाने तथा गांव के पानी के टैंक तक बड़ी पाइपलाइन डालने की घोषणा की। इस अवसर पर भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय बन्याल, लक्की शर्मा, ईश्वर दास, विजय कुमार, कैप्टन तारा चंद, कैप्टन पुरुषोत्तम, सोनी कुमार, सुखदेव, अमर सिंह, कमला देवी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक ने जाहू शिव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**महाशिवरात्रि** के अवसर पर विधायक सुरेश कुमार ने जाहू के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने स्थानीय पंचायत के पूर्व उप प्रधान चमल लाल के निवास पर आयोजित भागवत कथा का श्रवण किया तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

## भरेड़ी में एचआरटीसी बस न रुकने से यात्री परेशान, लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत हमीरपुर से मंडी वाया भरेड़ी और रिवालसर चलने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस द्वारा पिछले करीब एक सप्ताह से भरेड़ी में यात्रियों को नहीं बिठाया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों मनोहर लाल, संजय, राजीव, विनय, कमलेश, विजय, सुनील, लक्ष्य, सुंदर और कमल प्रकाश ने बताया कि बीते एक सप्ताह से यात्री लगातार परेशान हैं। रोजाना भरेड़ी बस स्टॉप पर लोग घंटों बस का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन बस चालक बिना रुके आगे निकल जाता है। इससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार के दिन समस्या और भी गंभीर हो गई, क्योंकि उस दिन निजी बसें भी नहीं चलतीं। ऐसे में कई यात्रियों को मजबूरन पैदल या महंगे निजी साधनों से सफर करना पड़ा, जबकि कुछ लोग अपने जरूरी कामों के लिए जा ही नहीं सके। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। दुकानदारों का कहना है कि यात्रियों की आवाजाही कम होने से उनके व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और एचआरटीसी प्रबंधन से मांग की है कि भरेड़ी में बस का नियमित ठहराव सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## बैडमिंटन अंडर-14 में आयुष्मान व सत्यम विजेता



विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि स्वाती जार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** सहारा युवा मंडल रोपा की ओर से रोपा पंचायत के खेल मैदान में मेरा युवा भारत हमीरपुर के सौजन्य से जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें योगासन संस्था की जिला अध्यक्ष स्वाती जार मुख्य अतिथि और अंकित चंदेल अधिवक्ता हाई कोर्ट शिमला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वॉलीबाल में कोट टीम पहले स्थान पर तथा ठाना दूसरे स्थान पर रही, बैडमिंटन डबल में कार्तिक-कार्तिक की जोड़ी विजय रही तथा अभिषेक और दीक्षांत दूसरे स्थान पर रहे, बैडमिंटन अंडर-14 में आयुष्मान और सत्यम विजेता रहे तथा नक्श कार्तिक की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही, बैडमिंटन एकल में अभिषेक पहले स्थान पर और कार्तिक दूसरे स्थान पर रहे, बैडमिंटन एकल अंडर 14 में मनी पहले स्थान पर तथा नक्श दूसरे स्थान पर रहे, रस्सा कस्सी में कोट की टीम विजेता रही, 100 मीटर दौड़ अंडर-19 में आर्यन पहले स्थान पर सागर और विक्रांत दूसरे तीसरे स्थान पर रहे, 100 मीटर दौड़ अंदर 14 में शिव पहले स्थान पर और अक्षय चौहान, कार्तिक दूसरे-तीसरे स्थान पर रहे, आर्म रेसलिंग में रोपा के शिवान लोहिया विजेता रहे, विशु दूसरे स्थान पर तथा अभिनंदन तीसरे स्थान पर रहे। विजेता रहे खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं की खेल भावना की सराहना की और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। अधिवक्ता अंकित चंदेल ने भी युवाओं को खेलों में रुचि बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित।

# भारतीय जनता पार्टी दलगत राजनीति से ऊपर उठे: विनय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा से आग्रह किया है कि वह राजनीतिक और दलगत भेदभाव से ऊपर उठकर प्रदेश के भविष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार से राजस्व घाटा अनुदान बहाल कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। उन्होंने कहा कि यह समय किसी भी राजनीतिक महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर प्रदेश के अधिकार, उसके अस्तित्व और स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने का है। ऐसे नाजुक दौर में सभी दलों को एकजुट होकर प्रदेशहित में आवाज़ बुलंद करनी चाहिए।



विनय कुमार ने कहा कि भाजपा को आगे बढ़कर प्रदेश सरकार का साथ देना चाहिए ताकि हिमाचल के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से भी इस मुद्दे पर सहयोग और समर्थन की अपेक्षा जताई। विनय कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने देश के पर्यावरण संरक्षण में अनुपम और बहुमूल्य योगदान दिया है। प्रदेश ने अपनी प्राकृतिक संपदा का संरक्षण करते हुए वनों, नदियों और स्वच्छ वातावरण को संजोकर रखा है, जो पूरे देश के लिए एक मिसाल है। विकास के पैमाने पर भी हिमाचल ने पहाड़ी राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है और अपनी अलग पहचान कायम की है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रदेश की विभिन्न सरकारों के साथ-साथ आम जनता की भी अहम भूमिका रही है। ऐसे में यदि राजस्व घाटा अनुदान बंद किया जाता है तो यह प्रदेश के साथ बड़ा अन्याय होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेशहित में न्याय की इस जंग में आगे आएगी और केंद्र से अनुदान बहाली के लिए सकारात्मक पहल करेगी।

# मेडिकल कॉलेजों के आधुनिकीकरण पर 1617 करोड़ की मुहर

## तीन चरणों में 3,000 करोड़ की व्यापक योजना, सुपर स्पेशलिटी सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** देवभूमि की वादियों में अब स्वास्थ्य सुविधाओं की नई इबारत लिखी जाने जा रही है। राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों और सुपर स्पेशलिटी संस्थानों के आधुनिकीकरण के लिए 3,000 करोड़ रुपये की व्यापक योजना के प्रथम चरण में 1,617 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। यह महत्वाकांक्षी परियोजना 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2031 तक लागू की जाएगी। उद्देश्य स्पष्ट है, राज्य के हर नागरिक को समय पर, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, ताकि इलाज में देरी के कारण बढ़ने वाली पीड़ा और आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार देर से निदान होने पर उपचार लागत 30 से 50 प्रतिशत तक बढ़ जाती है,



◆ **प्रदेशवासियों को विशेषज्ञ व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना प्राथमिकता: सुक्खू**

### चमियाना और टांडा में रोबोटिक सर्जरी आरंभ

**एआईएमएसएस** चमियाना और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधाएं आरंभ की जा चुकी हैं और जल्द ही अन्य संस्थानों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार हर वर्ष लगभग 9.5 लाख मरीज उपचार के लिए प्रदेश से बाहर जाते हैं, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को करीब 1,350 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। यदि उच्चस्तरीय उपचार प्रदेश में ही उपलब्ध हो जाए तो लगभग 550 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत संभव है।

ऐसे में यह निवेश न केवल स्वास्थ्य बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी दूरगामी साबित होगा।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक पहले चरण में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों और सुपर स्पेशियलिटी केंद्रों की भौतिक अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाएगा। नए भवनों का निर्माण, शैक्षणिक ब्लॉकों का विस्तार, बाह्य और आंतरिक रोगी सेवाओं का उन्नयन तथा अत्याधुनिक सिमुलेशन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। एआर और वीआर आधारित प्रशिक्षण सुविधाएं, डिजिटल पुस्तकालय और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म से युक्त स्किल लैब तैयार होंगी। एमआरआई, सीटी स्कैनर, डिजिटल रेडियोलॉजी सिस्टम और मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। पीएसीएस, एलआईएमएस और टेलीमेडिसिन जैसी डिजिटल प्रणालियों को एकीकृत कर डेटा विनिमय को सहज और प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे उपचार प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तीव्र हो सके।

दूसरे चरण में शिमला और हमीरपुर सहित प्रमुख संस्थानों को तृतीयक उपचार सेवाओं में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। रीनल और बोन मैरो ट्रांसप्लांट, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी तथा रोबोटिक-सहायता प्राप्त शल्य चिकित्सा जैसी उन्नत सेवाओं का विस्तार होगा। ओ-आर्म 3डी इमेजिंग, न्यूरो-नेविगेशन सिस्टम और रोबोटिक सर्जरी प्लेटफॉर्म जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस कर संस्थानों को आधुनिक चिकित्सा का केंद्र बनाया जाएगा। एक उन्नत बाल चिकित्सा देखभाल एवं नवाचार केंद्र की स्थापना भी प्रस्तावित है, जो गंभीर और सर्जिकल उपचार के साथ टेली-सक्षम सेवाएं प्रदान करेगा। तीसरे चरण में आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को सीटी स्कैनर, मोबाइल एक्स-रे यूनिट, अल्ट्रासाउंड मशीनें और लैप्रोस्कोपिक सिस्टम से सुसज्जित कर जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी केंद्रों से निर्बाध रूप से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेशवासियों को विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बजट सत्र के लिए मिले 125 प्रश्न: पठानिया

## विस अध्यक्ष बोले-सदन की गरिमा सर्वोपरि, जनहित के मुददों पर होगी चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि आगामी बजट सत्र प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं को नई मजबूती देगा और जनहित के मुद्दों पर सार्थक विमर्श का मंच बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन की गरिमा और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा सभी दलों से रचनात्मक सहयोग की अपेक्षा है।



### रचनात्मक संवाद से सत्र को सफल बनाने का आह्वान

**अध्यक्ष** ने सभी सदस्यों से अपील की कि वे प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए गंभीर, तथ्यपूर्ण और मर्यादित चर्चा में भाग लें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति संवाद और सहमति में निहित है तथा बजट सत्र प्रदेश की प्रगति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

विधानसभा सचिवालय के मुख्य अतिथि कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि चौदहवीं विधान सभा का ग्यारहवां तथा वर्तमान सरकार का चौथा बजट सत्र 16 फरवरी को अपराह्न 2:00 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से आरंभ होगा। प्रथम चरण तीन दिन के लिए निर्धारित है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक सदस्यों से कुल 125 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें 111 तारांकित और 14 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नियम 62 और 101 के अंतर्गत दो सूचनाएं भी प्राप्त हुई हैं, जिन्हें नियमानुसार सरकार को अग्रेषित किया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि प्रश्नों के माध्यम से जो विषय सामने आए हैं, उनमें इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि, स्कूलों का विलय, सड़कों और पुलों का निर्माण, स्वीकृत सड़कों की डीपीआर, महाविद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों का उन्नयन, विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति, पर्यटन और उद्यानिकी का विस्तार, पेयजल आपूर्ति, युवाओं में बढ़ते नशे की रोकथाम, अपराध के मामलों में वृद्धि, सौर ऊर्जा तथा परिवहन व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर गंभीर और सार्थक चर्चा की पूरी संभावना है।

सत्र को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए अध्यक्ष ने 16 फरवरी को अपराह्न 12:15 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, उप-मुख्य सचेतक तथा भाजपा के मुख्य सचेतक शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त पत्रकार दीर्घा समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सत्र के दौरान मीडिया की व्यवस्थाओं और कवरेज से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि सदन का संचालन निष्पक्षता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाएगा।

# 872 पुलिस जवान तैनात, 4 सेक्टरों में बांटा शिमला शहर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 11वें बजट सत्र को लेकर राजधानी शिमला में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा परिसर से लेकर शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारों तक चौकसी बढ़ा दी गई है। संभावित धरना-प्रदर्शन और रैलियों को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर में राजपत्रित अधिकारियों की तैनाती की गई है।

सत्र के दौरान 15 राजपत्रित अधिकारी, 30 अराजपत्रित अधिकारी, 66 मुख्य आरक्षी, 375 आरक्षी, 47 महिला आरक्षी और 16 संचार कर्मियों समेत कुल 872 अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। इसके अतिरिक्त 200 होमगार्ड जवान, क्विक रिएक्शन टीम और 75 प्रशिक्षित कमांडो विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद रहेंगे। विशेष शाखा और राज्य अन्वेषण विभाग के कर्मचारी सादे कपड़ों में निगरानी करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी मजबूती देने के लिए सीसीटीवी कैमरों, डिजिटल वीडियोग्राफी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी।

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एक राजपत्रित अधिकारी की देखरेख में 50 अतिरिक्त पुलिस जवान और 30 होमगार्ड कर्मी तैनात किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए अफवाहों से दूर रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया है।

## तीन दिन के प्रथम चरण से गूंजेगा विस परिसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की चौदहवीं विधानसभा का 11वां सत्र तथा वर्तमान सरकार का चौथा बजट सत्र 16 फरवरी को दोपहर 2 बजे राज्यपाल के अभिभाषण के साथ आरंभ होगा। यह जानकारी कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा सचिवालय में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि सत्र का प्रथम चरण तीन दिनों के लिए निर्धारित किया गया है और आवश्यकता पड़ने पर इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। उन्होंने अवगत कराया कि सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक भी बुलाई गई है, जिसमें संसदीय कार्य मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, उप-मुख्य सचेतक तथा भाजपा के मुख्य सचेतक शामिल होंगे, ताकि सदन के संचालन को लेकर समन्वय और सौहार्द बना रहे।

# एलएंडटी फाइनेंस ने गोल्ड लोन ब्रांच नेटवर्क 260 के पार पहुंचाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने अपने गोल्ड लोन कारोबार में बड़ा विस्तार करते हुए देशभर में अपनी शाखाओं की संख्या दोगुनी कर 260 से अधिक कर दी है। कंपनी, जिसे पहले एलटीएफ फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने एक वर्ष से भी कम समय में 130 से अधिक नई शाखाएं जोड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। इस विस्तार के साथ कंपनी ने सुरक्षित ऋण क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है और रिटेल रणनीति को नई गति दी है। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी राजू डोडटी ने कहा कि रिकॉर्ड समय में समर्पित गोल्ड लोन शाखाओं का नेटवर्क दोगुना करना कंपनी की लक्ष्य रणनीति की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि उत्तर, पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत में लगातार विस्तार किया जा रहा है, जिससे भौगोलिक विविधता के माध्यम से जोखिम कम करने और बढ़ती रिटेल मांग को पूरा करने में मदद मिल रही है। कंपनी का कहना है कि वह डिजिटल सुविधा और ग्राहक केंद्रित सेवाओं के माध्यम से एक सशक्त और भरोसेमंद वित्तीय तंत्र तैयार कर रही है।

# राज्य में पहली बार शराब ठेकों व टोल बैरियरों की ई-नीलामी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में आबकारी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा शराब ठेकों और प्रवेश टोल बैरियरों के आवंटन की प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से संपन्न करने का निर्णय लिया है। राज्य के इतिहास में यह पहली बार होगा जब पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से पारदर्शी ढंग से आयोजित की जाएगी।

विभाग के अनुसार ई-नीलामी इकाई-वार आयोजित की जाएगी। प्रत्येक इकाई में शामिल खुदरा आबकारी शराब ठेकों के लिए अलग-अलग ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाएंगी। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और राजस्व संग्रहण में भी इजाफा होने की उम्मीद है। इच्छुक आवेदक अपने घर या कार्यालय से ही दूरस्थ रूप से बोली प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. यूनुस ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी आवेदकों के लिए मान्य डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) के माध्यम से नामित ई-नीलामी पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा की गई बोलियां ही स्वीकार की जाएंगी। ई-नीलामी पोर्टल का लिंक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संभावित बोलीदाताओं को बोली प्रक्रिया में भाग लेने से पहले आबकारी नीति 2026-27, मानक संचालन प्रक्रियाएं और उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। ये सभी दस्तावेज विभागीय वेबसाइट और ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगे।

### आधिकारिक वेबसाइट को देखते रहें बोलीदाता

**विभाग** ने स्पष्ट किया है कि अद्यतन जानकारी, अधिसूचनाएं और विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए इच्छुक बोलीदाता नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें। सुगम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 0177-2620426, व्हाट्सऐप नंबर 94183-31426, साउथ जोन 0177-2620426, नॉर्थ जोन 01894-230186 तथा सेंट्रल जोन 01905-223499 जारी किए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पराली से लदी पिकअप खाई में गिरने से बची



**अनंत ज्ञान, तीसा।** चुराह उपमंडल की ग्राम पंचायत चांजू के पनिहारका गांव में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पठानकोट से पराली लेकर आ रही एक पिकअप संकरी कच्ची सड़क पर गुजरते समय अचानक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि वाहन खाई में गिरने से बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक का संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन पलटा, लेकिन आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य किया। घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि पनिहारका का संपर्क मार्ग संकरा और कच्चा है, जिससे बरसात और फिसलन के मौसम में हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी गंभीर अनहोनी से बचा जा सके। घटना ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों और सुरक्षा इंतजामों की जरूरत को फिर उजागर किया।

### साहलुई के अक्षय सीआईएसएफ में चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा ।** ग्राम पंचायत बकानी के अंतर्गत आने वाले छोटे से गांव साहलुई के होनहार युवक अक्षय कुमार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। जैसे ही उनके चयन की खबर गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस उपलब्धि का उत्सव मनाया। अक्षय कुमार के पिता उत्तम चन्द और माता सुनीला देवी ने भावुक होकर बताया कि यह उनके परिवार के लिए सपने के सच होने जैसा क्षण है। अक्षय ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी दादी मां के आशीर्वाद, माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और परिवार के निरंतर सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद परिवार ने कभी उनका मनोबल टूटने नहीं दिया और हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



### भक्तों को मिला आत्मिक एकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, मुगला।** संत निरंकारी भवन, मुगला में आज साप्ताहिक सत्संग महात्मा जय लाल की अध्यक्षता में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। दूर-दराज़ क्षेत्रों–साहू, जडेरा, मंगला राख, जांघी मेहला, धरावाला, मुगला और आदर्शनगर–से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्संग आरती वंदना से शुरू हुआ, उसके बाद संतों और महात्माओं ने सत्गुरु माता सुदीक्षा की शिक्षाओं के माध्यम से प्रेम, मानवता और एकता का संदेश दिया। महात्मा जय लाल ने समदृष्टि का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह समान दृष्टि है, जो द्वैत और भेदभाव से मुक्त होकर सभी प्राणियों में परमात्मा के दर्शन कराती है। उन्होंने बताया कि समदृष्टि से व्यक्ति वैर-विरोध से मुक्त होकर निरवैर जीवन व्यतीत करता है, काम, क्रोध, लोभ और अहंकार पर नियंत्रण रखकर दया, करुणा और सहनशीलता से परिपूर्ण जीवन जीता है। सत्संग का समापन शांतिपूर्वक हुआ और संगत ने मानवता, प्रेम और एकता को अपनाने का संकल्प लिया।

# चंबा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के त्रिलोक सिंह फिर जिलाध्यक्ष मनोनीत

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश प्रभारी कर्मवीर बौद्ध ने की। बैठक में विशेष रूप से एससी-एसटी कॉर्पोरेशन के निदेशक जीवन कुमार एवं चुराह से कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना की उपस्थिति रही। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई।



बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जिला चंबा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष पद पर त्रिलोक सिंह को पुनः मनोनीत किया गया। उनके पुनर्नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों की भी सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। जनरल सेक्रेटरी के रूप में रीना देवी एवं नरेश हॅंशमुख, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिव चंद्रा तथा जिला उपाध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई।

ब्लॉक स्तर पर भी संगठन को मजबूती देते हुए चंबा से मनोज कुमार, सलूणी से मदन, भरमौर से रविंद्र अत्रि, चुराह से हरीश कुमार तथा भाटियात से रविंदर कुमार (पुनः) को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुराह ब्लॉक महासचिव पद पर योग राज को दायित्व सौंपा गया। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा और अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। जनहित के प्रश्नों पर प्रभावी आवाज बुलंद करने और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष का भी संकल्प दोहराया गया। जिला मीडिया प्रभारी के रूप में ओम प्रकाश तथा चुराह ब्लॉक मीडिया प्रभारी के रूप में कैलाश भारद्वाज की नियुक्ति की घोषणा भी की गई।

# कांग्रेस राज में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल: संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने लगी है और मरीजों को हिमकेयर, आयुष्मान तथा सहारा जैसी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार हिमकेयर योजना के लगभग 400 करोड़, आयुष्मान योजना के करीब 250 करोड़ और सहारा योजना के लगभग 120 करोड़ के भुगतान लंबित पड़े हैं, जिससे अस्पतालों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है और कई स्थानों पर सर्जिकल सामान की आपूर्ति तक प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि इस स्थिति के कारण ऑपरेशन टल रहे हैं, दवाइयों की कमी सामने आ रही है और गंभीर मरीजों को बाजार से महंगी दवाइयां व इंजेक्शन खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में स्पेशल वार्ड, एमआरआई और पीईटी स्कैन जैसी सुविधाओं के शुल्क बढ़ाए गए हैं, जबकि धर्मशाला अस्पताल में भी पर्ची, जांच और मेडिकल प्रमाणपत्र की फीस में वृद्धि कर दी गई है, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है।

# जगदीश कुमार को अध्यक्ष और देवी राम को उपाध्यक्ष की कमान



बुशहर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल समिति के चुनाव संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** बुशहर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल समिति रामपुर की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बुशहर ऑटो यूनियन के सचिव मस्तराम ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से हुए चुनाव में जगदीश कुमार को अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया। इसके अलावा देवी राम को उपाध्यक्ष, रोबिन सिंह को सचिव, तेज सिंह ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इस मौके पर कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। नव नियुक्त चेयरमैन जगदीश कुमार ने बताया कि इस समिति का पंजीकरण गत 20 जनवरी को एसडीम कम डिप्टी रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटी हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया था। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें आरटीओ ऑफिस के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा अभियान, नशा छोड़ो अभियान, खेलकूद गतिविधिया इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के नाम पर बैंक में खाता खोलने का यह भी फैसला लिया गया। इसके अलावा बैंक अकाउंट में सभी सदस्य महीने के 100 या 200 भी जमा करेंगे जिससे भविष्य में किसी भी सदस्य को जरूरत पड़ने पर उसकी सहायता की जा सके। इसके अतिरिक्त समिति के सदस्यों को किसी इंश्योरेंस कंपनी के साथ जोड़ा जायेगा ताकि किसी भी आपदा में उन्हें आर्थिक संकट से न जूझना ना पड़े।

# चंबा में अपहरण व अवैध शराब के दो मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने दो अलग-अलग मामलों में अभियोग दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। पहला मामला पुलिस थाना सदर में अभियोग संख्या 36/2026 के तहत धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया है। घटना के बाद से ही पुलिस ने जांच तेज कर दी है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान चलाया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को भी संबंधित जानकारी हो तो तुरंत थाना सदर से संपर्क करें। दूसरे मामले में पुलिस थाना सदर में अभियोग संख्या 35/26 के तहत धारा 39(1) एचपी आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गश्त के दौरान पुलिस ने देव कुमार निवासी जुगल के कब्जे से करीब 3000 एमएल अवैध शराब बरामद की। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

**महाशिवरात्रि** राधा-कृष्ण मंदिर सनातन धर्म सभा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम

# डलहौजी में गूंजे 'हर हर महादेव' के जयकारे



महाशिवरात्रि पर्व पर राधा-कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन करते भक्त। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर सनातन धर्म सभा डलहौजी कैंट परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। मंदिर परिसर 'हर हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा और समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे वैदिक विधि-विधान से महामृत्युंजय मंत्र जाप एवं हवन के साथ हुआ।

वैदिक मंत्रों की गूंज और अग्नि की पावन आहुति ने वातावरण को दिव्यता से भर दिया। प्रातः 11:00 बजे पूर्णाहुति अर्पित की गई। तत्पश्चात 11:10 बजे कन्या पूजन श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुआ, जिसमें कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजित किया गया। 11:15 बजे भव्य आरती में उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में भगवान का स्मरण किया। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वैदिक आचार्य एवं पंडित अमन शास्त्री ने कहा कि महाशिवरात्रि भगवान भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह का पावन पर्व है। यह पर्व तप, त्याग, विश्वास और अटूट समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब समाज अपनी जड़ों से जुड़ता है, तब ही संस्कृति सशक्त होती है।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर सभा के अध्यक्ष विनोद महाजन ने सभी नगर वासियों को महाशिवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और मंदिर अध्यक्ष एवं पंडित अमन शास्त्री ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली आध्यात्मिक शक्ति हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं जागरण हेतु इसी प्रकार के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। महाशिवरात्रि का कार्यक्रम अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने डलहौजी में आध्यात्मिक चेतना की नई ऊर्जा का संचार किया गया।

# भटियात में शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



महाशिवरात्रि पर शिवालय के बाहर भक्तों की भीड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भटियात क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। ककीरा कस्बे के कालूगंज स्थित नागेश्वर धाम मंदिर में दिनभर भक्तों का आना-जाना लगा रहा। महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन किया गया, जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि 19 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं ककीरा के प्राचीन शिव मंदिर में भी बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे। हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों को प्रसाद स्वरूप भांग के पकौड़े और घोटा वितरित किया गया। अजय कुमार ने बताया कि आज रात मंदिर में नुआला का आयोजन होगा और कल विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा ककीरा के रामेश्वर धाम मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। यहां पंडित रेवाधर की अगुवाई में चार पहर की पूजा संपन्न होगी। उधर बकलोह कैंट के शिव मंदिर में पंडित देवराज शर्मा के नेतृत्व में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

**जैसे** उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।

–स्वामी भजनानंद

## संपादकीय

### सरकार की उदासीनता

हिमाचल प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की हड़ताल ने पिछले चार दिनों से पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। यह आंदोलन आम जनता के जीवन और सुरक्षा से जुड़ा हुआ गंभीर मसला है। पहाड़ी और दुर्गम इलाकों वाले हिमाचल में एंबुलेंस सेवा जीवन रेखा समान है। जब यह सेवा ठप पड़ जाए, तो निश्चत रूप से इसका सीधा असर सड़क दुर्घटनाओं के घायलों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों पर पड़ता है । हालात ऐसे हैं कि लोगों को इलाज के लिए प्राइवेट टैक्सी ऑपरेटरों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जहां उनसे मनमानी वसूली की जा रही है। इससे न केवल शारीरिक पीड़ा बढ़ रही है, बल्कि आर्थिक शोषण भी हो रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस गंभीर स्थिति के बावजूद सरकार और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस और संवेदनशील पहल सामने नहीं आई है। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन इस संकट को गंभीरता से लेने के बजाय उसे नजरअंदाज कर रहा हो। सवाल यह है कि आखिर 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारियों को बार-बार हड़ताल पर क्यों जाना पड़ता है? क्या सरकार इस समस्या का समाधान करना नहीं चाहती या फिर उसमें इच्छाशक्ति की कमी है?

कर्मचारियों की मांगें कोई असामान्य या अव्यावहारिक नहीं हैं। वे न्यायालय के आदेशों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम वेतन की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें केवल 5700 रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है, जबकि सरकारी दरों के अनुसार यह राशि 13,750 रुपए होनी चाहिए थी। महंगाई के इस दौर में 5700 रुपए में परिवार चलाना मुश्किल होता है। यह स्थिति सीधे तौर पर श्रमिकों के शोषण को दर्शाती है। विडंबना यह है कि वर्ष 2022 में पूर्व भाजपा सरकार के समय मेड्सवान कंपनी के साथ पांच वर्षों का समझौता हुआ था। उस समझौते में कर्मचारियों के मासिक वेतन, दोहरा ओवरटाइम और हाउस रेंट जैसी सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख था। उस समय दावा किया गया था कि कर्मचारियों के हितों की पूरी तरह रक्षा की जाएगी लेकिन आज स्थिति इसके ठीक उलट है। समझौते के अनुसार वेतन न देना न केवल नैतिक अपराध है, बल्कि कानूनी उल्लंघन भी है। इसके अतिरिक्त, कंपनी द्वारा कर्मचारियों के पीएफ की राशि भी उन्हीं के वेतन से काटी जा रही है, जो कि नियमों के विरुद्ध है। इससे कर्मचारियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

हड़ताल के बाद कंपनी प्रबंधन की ओर से अनुभवहीन कर्मचारियों को 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं में नियुक्त किया जाना एक और गंभीर चिंता का विषय है। एंबुलेंस सेवा केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसमें प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन प्रबंधन और मरीज को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी होती है। अनुभवहीन कर्मचारियों से यह कार्य करवाना मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने के समान है। यह दिखाता है कि कंपनी प्रबंधन के लिए मानव जीवन से अधिक महत्वपूर्ण केवल अपनी सेवाओं को कागजों में चालू दिखाना है। कर्मचारी यूनियन सीटू के बैनर तले संगठित होकर न्यूनतम वेतन, श्रम कानूनों के उल्लंघन को रोकने और प्रताड़ना बंद करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। यदि ऐसा हुआ, तो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा जाएंगी। इसकी जिम्मेदारी न केवल कंपनी प्रबंधन पर होगी, बल्कि सरकार पर भी होगी, जिसने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया।

सरकार का कर्तव्य है कि वह जनता और कर्मचारियों दोनों के हितों की रक्षा करे। यह तर्क स्वीकार्य नहीं हो सकता कि यह मामला केवल कंपनी और कर्मचारियों के बीच का है। जब सेवा जनता से जुड़ी हो और उसका सीधा संबंध जीवन और मृत्यु से हो, तब सरकार की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह तुरंत कर्मचारी नेताओं और कंपनी प्रबंधन को एक साथ बैठक के लिए बुलाए और न्यायालय के आदेशों के अनुरूप समाधान निकाले।यह भी आवश्यक है कि भविष्य में ऐसे समझौतों की नियमित निगरानी की जाए ताकि कर्मचारियों का शोषण न हो और सेवाएं बाधित न हों। स्वास्थ्य सेवा कोई व्यापारिक वस्तु नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व है। यदि एंबुलेंस कर्मचारी सुरक्षित और संतुष्ट नहीं होंगे, तो जनता की सुरक्षा भी खतरे में रहेगी।

बहरहाल, यह संघर्ष केवल वेतन का नहीं, बल्कि सम्मान और अधिकारों का है। सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे को राजनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से देखे। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट और गहरा सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश सरकार इस गंभीर समस्या को समझेगी और शीघ्र ही ऐसा समाधान निकालेगी जिससे कर्मचारियों को उनका हक मिले और जनता को फिर से निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

### डिस्को किंग और बॉलीवुड के रॉकस्टार

**बप्पी लहिरी** जिन्हें 'बप्पी दा' के नाम से जाना जाता था, भारतीय गायक और संगीतकार थे। उनका वास्तविक नाम 'अलोकेश लहिरी' था। कोलकाता में जन्मे बप्पी लाहिड़ी एक समृद्ध संगीत परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता अपरेश लहिरी और माता बांसरी लाहिड़ी दोनों ही संगीतकार थे। बप्पी दा ने बचपन से संगीत की शिक्षा लेना शुरू कर दी थी और तीन साल की उम्र में तबला सीखने लगे।



बप्पी लहिरी
**जन्म :** 27 नवंबर,1952
**मृत्यु :** 16 फरवरी, 2022

19 साल की उम्र में बप्पी लहिरी ने बंगाली फिल्म 'दादु' में पहला गाना गाया और उसके बाद 1973 में हिंदी फिल्म 'नन्हा शिकारी' से बॉलीवुड में कदम रखा। असली पहचान उन्हें 1975 की फिल्म 'जख्मी' से मिली, जिसमें उन्होंने मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के साथ गीत गाया। 1970 से 1990 के दशक में उन्होंने 'आई एम ए डिस्को डांसर', 'जिमी जिमी', 'पग घुंघरू', 'तम्मा तम्मा लोगे', 'यार बिना चैन कहां रे' जैसे हिट गीत दिए।

बप्पी लहिरी को उनके संगीत में डिस्को की चमक के लिए जाना जाता था, लेकिन उनके कुछ गीत सादगी और गंभीरता से भी भरे हुए थे। उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती के साथ मिलकर बॉलीवुड में डांस और डिस्को का क्रेज पैदा किया। 2000 के दशक में भी उन्होंने 'द डर्टी पिक्चर', 'गुंडे', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' जैसी फिल्मों में हिट गीत दिए। उनका आखिरी गीत 2020 की फिल्म 'बागी 3' के लिए था। बप्पी लहिरी का निधन 16 फरवरी, 2022 को मुंबई में हुआ। ■



कविता

### मेरा भारत देश

डॉ. पीसी कौंडल, गांव ददोह, डाकघर धावन, त. बल्ह (मंडी) मो. 70188-85893

**भारत** देश है मेरा अपना देश
इसमें ना हो कोई कल क्लेश।
इसकी संस्कृति पर है हमको नाज
सभ्य, सुसंस्कृत है इसका समाज।
दुनिया में सबसे सुंदर है मेरा देश
इसके हर राज्य में हैं भिन्न भिन्न भेष।
धर्म निरपेक्ष है मेरा भारत देश
स्वर्ग से भी सुंदर है इसका परिवेश।
भारत देश है अपना देश हमारा
यह हम सबको है जान से भी प्यारा।
हमारे देश में बहती है गंगा की धारा
काश्मीर से कन्याकुमारी तक है देश हमारा।
इस देश के वासी है सब भाई भाई
किसी की आपस में नहीं है कोई लड़ाई।
सब देवी देवताओं को यहां सम्मान मिलता है
खोजने वालों को यहां भगवान मिलता है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शी-बॉक्स : कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच

भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला-नेतृत्त विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है।

महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है।



**सावित्री ठाकुर**
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। 'नारी शक्ति' को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया शी-बॉक्स पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है।

आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3% से बढ़कर 2023-24 में 41.7% हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ-साथ नवप्रारंभ उद्यमों, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएं बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय-मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोश अधिनियम) इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी ि, यान्वयन के लिए डिजिटल सुशासन के तहत शी-बॉक्स पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुन: प्रारंभ किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और पारदर्शी बन सके। यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों (आंतरिक समिति-आईसी) और स्थानीय समितियों (स्थानीय समिति-एलसी) से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है। शी-बॉक्स पोर्टल का उन्नत




संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित आईसी या एलसी के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रि, या में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित- हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है।

प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' दृष्टिकोण के अनुरूप, शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति का ऑनलाइन अनुश्रवण करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुंचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है।

पोश अधिनियम के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जांच के लिए 90 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में शी-बॉक्स पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड चेतावनी, ईमेल और संदेश के माध्यम से नियमित स्मरण-पत्र भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम-आधारित शासन की सोच को दर्शाती है।

शी-बॉक्स पोर्टल की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो। महिला-केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। 'लखपति दीदी' जैसी पहलों ने लाखों महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है, वहीं 'नमो ड्रोन दीदी' योजना उन्हें आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़कर औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही है। ऐसे परिवर्तित परिदृश्य में शी बॉक्स पोर्टल महिलाओं को यह भरोसा देता है कि सरकार केवल कानून बनाने तक सीमित नहीं, बल्कि कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह तंत्र भी प्रदान कर रही है। बहुभाषी समर्थन और पारदर्शी प्रक्रिया इसे सशक्त बनाती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पड़ोसी देश बांग्लादेश में अब नई सरकार, भारत को क्या दरकार?

बांग्लादेश में चुनाव नतीजों से साफ हो गया कि वहां बीएनपी की सरकार होगी और तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह सहज ही है कि आंतरिक और बाह्य राजनीतिक ताकतें चुनाव परिणाम को सकारात्मक ढंग से लें।

बांग्लादेश के लिए भी यह परंपरा मान्य होनी चाहिए, हालांकि इसको लेकर कुछ संशय चुनाव के साथ ही शुरू हो चुके हैं। इसे समझने के लिए दो बिंदुओं पर विचार करना होगा। पहला यह कि चुनाव प्रक्रिया पर देश के अंदर से ही सवाल उठाए गए हैं। दूसरा बिंदु पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में आश्रय लेना है। यह स्थिति सामान्य नहीं कही जा सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी बांग्लादेश में बैन कर दी गई। फिर जिन्होंने चुनाव में हिस्सा लिया, वे ही निर्वाचन प्रक्रिया से ही संतुष्ट नहीं हैं। भारत के लिए तो यह निर्वाचन इसलिए मायने रखता है कि प्रधानमंत्री के रूप में जो नेता उसके अनुकूल रहीं, उन्हें बांग्लादेश से निर्वासित होकर आना पड़ा। बात इतनी ही होती तो चिंता न होती। उन्हें शरण देने के पहले से ही बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल रहा है।



**डॉ. प्रभात ओझा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

फिलहाल तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत पर पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने इसे रहमान के नेतृत्व पर बांग्लादेश की जनता का भरोसा बताया। मोदी ने खुद भरोसा दिया कि भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा। उन्होंने दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तारिक रहमान के साथ काम करने के लिए उत्सुकता जताई।

स्वाभाविक कि एक बड़े लोकतांत्रिक देश और पड़ोसी होने के नाते भारत यह रुख अपनाये। इसके विपरीत हाल के घटनाक्रम



आगे की राह आसान नहीं होने के ही संकेत देते हैं। भारत के राजनयिक पड़ोस में हो रहे चुनाव के दौरान जमात-ए-इस्लामी के प्रदर्शन पर नजर रखे हुए थे। जमात इस चुनाव में अपने को सत्ता हासिल करने के करीब मानकर चल रहा था। उसने 11 दलों के साथ गठबंधन बनाया था। स्वाभाविक है कि ये छोटे दल हैं और पूरी तरह से जमात की ही पकड़ में रहे हैं। जमात ने चुनाव प्रचार के दौरान अपने भारत विरोधी रुख को छिपाया भी नहीं। अब हार के बाद उसकी हताशा चुनाव प्रक्रिया पर सवाल के रूप में सामने आई है। यहीं नहीं, साल 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाली नेशनल सिटीजन्स पार्टी ने भी चुनाव नतीजों में हेरफेर के आरोप लगाये हैं। सच है कि बांग्लादेश में अति कट्टरपंथियों की हार खुद अपने लोगों और भारत के अनुकूल है। जिस तरह के हालात से बांग्लादेश गुजरा है, नई सरकार को स्थिति सामान्य करने में समय लगेगा। बांग्लादेश की राजनीति इस समय परिवर्तन और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। शेख हसीना के देश से बाहर रहने के दौरान अंतरिम सरकार के नेतृत्व में बने माहौल ने भारत के लिए चिंता पैदा की। इस समय हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हमले और हत्या की घटनाएं हुईं, जिसने सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता पर प्रश्न खड़े कर दिए। यह वही क्षेत्र है, जो कभी पूर्वी पाकिस्तान था और जिसकी स्वतंत्रता में भारत ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद भारत को अपने पड़ोसी के साथ संबंधों में निरंतर सजग रहना पड़ा।

हसीना के कार्यकाल में पाकिस्तान का प्रभाव सीमित रहा, लेकिन परिस्थितियों के बदलने पर उसकी सक्रियता की संभावना बनी रहती है। अब जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सत्ता में है और खालिदा जिया तथा तारिक रहमान चर्चा में हैं, यह देखना आवश्यक होगा कि नई सरकार भारत, पाकिस्तान और चीन के साथ अपने संबंधों में किस प्रकार संतुलन स्थापित करती है। भारत की प्राथमिकता हमेशा स्थिर, सम्मानजनक और सहयोगपूर्ण संबंधों की रही है और आगे भी वही रहेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# साइबर अपराधों से सुरक्षा के लिए डिजिटल साक्षरता अत्यंत आवश्यक

व्हाट्सऐप कॉल हैक कर लोगों को ठगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बढ़ती आपराधिक वारदातों के चलते हर राज्य सुरक्षा के प्रति सजग होने की कोशिश कर रहा है, फिर भी चोरी, डकैती, लूट और हत्या जैसी घटनाएं चिंता बढ़ा रही हैं। संचार क्रांति के साथ इंटरनेट फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़े हैं। अनजान व्यक्ति बैंक खातों से रकम निकाल लेते हैं, एटीएम मशीनें तोड़कर चोरी कर लेते हैं और दूसरों के एटीएम कार्ड का दुरुपयोग कर रहे हैं। कई हैकर बेहद पेशेवर तरीके से अपराध को अंजाम देते हैं, जिससे पुलिस के लिए चुनौती और बढ़ जाती है।

इन अपराधों पर अंकुश तभी लगाया जा सकता है जब ग्राहक स्वयं जागरूक रहें। एटीएम कार्ड हमेशा स्वयं उपयोग करें, पिन नंबर गोपनीय रखें और मशीन के पास भीड़ न लगने दें। यदि एटीएम पर कोई संदिग्ध उपकरण, जैसे मैग्नेट या कैमरा, लगा दिखाई दे तो लेन-देन न करें और तुरंत बैंक या पुलिस को सूचित करें। अनजान फोन कॉल पर लॉटरी या इनाम का झांसा देकर बैंक विवरण, ओटीपी, पिन या कार्ड नंबर मांगने वालों से सतर्क रहें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें और ऐसी कॉल की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।



**सुखदेव सिंह**
नूरपुर, जिला कांगड़ा

साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप को देखते हुए पुलिस और आम जनता के बीच आपसी विश्वास और सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अधिकांश लोग शिकायत दर्ज कराने या गवाही देने से बचते हैं, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। यदि समाज सक्रिय रूप से पुलिस का साथ दे, समय पर सूचना उपलब्ध कराए और जागरूकता फैलाए, तो अपराधों में कमी लाई जा सकती है। तकनीक का सही उपयोग और डिजिटल साक्षरता भी समय की मांग बन चुकी है। दूसरी ओर, पुलिस व्यवस्था को अधिक



पेशेवर, संसाधन-संपन्न और संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। केवल बाहरी बदलाव या पुरस्कार पर्याप्त नहीं हैं। पुलिसकर्मियों को उचित वेतनमान, आवास, चिकित्सा सुविधा और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना जरूरी है। अच्छा व्यवहार, संतुलित कार्यशैली और अनुशासन ही जनता का विश्वास मजबूत करते हैं। एक सुसज्जित वर्दी और सकारात्मक आचरण पुलिस की प्रभावी पहचान बनते हैं।

वास्तविकता यह है कि कई पुलिसकर्मी लंबी और अतिरिक्त ड्यूटी के दबाव में काम कर रहे हैं। पर्याप्त अवकाश, रिलीवर व्यवस्था और संतुलित ड्यूटी शेड्यूल के अभाव में वे मानसिक और शारीरिक तनाव झेलते हैं। कई स्थानों पर आवास की कमी के कारण उन्हें थानों या चौकियों में ही रुकना पड़ता है। सीमित वेतन, जटिल चिकित्सा बीमा प्रक्रिया और अल्प भत्ते उनकी समस्याओं को और बढ़ा देते हैं। जब तक पुलिस बल को आवश्यक सुविधाएं, सम्मान और संतुलित कार्यपरिस्थितियां नहीं मिलेंगी, तब तक उत्कृष्ट पुलिस व्यवस्था की कल्पना अधूरी ही रहेगी।

इसके साथ ही, पुलिस बल के प्रशिक्षण और तकनीकी दक्षता को भी समयानुकूल बनाया जाना चाहिए। साइबर अपराधों से निपटने के लिए आधुनिक उपकरण, डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और विशेषज्ञ स्टाफ की आवश्यकता है। यदि पुलिस को नियमित प्रशिक्षण, अद्यतन जानकारी और तकनीकी सहयोग मिलता रहे, तो अपराधियों की चालों को समय रहते विफल किया जा सकता है। बदलते दौर में पारंपरिक कार्यशैली के साथ आधुनिक तकनीक का समन्वय अत्यंत जरूरी हो गया है।

अंतत:, सुरक्षित समाज का निर्माण केवल कानून व्यवस्था के भरोसे संभव नहीं है। सरकार, पुलिस और जनता—तीनों की साझा जिम्मेदारी है कि वे सजग, संवेदनशील और सहयोगी बनें। जहां नागरिक जागरूक रहेंगे और पुलिस को आवश्यक संसाधन व सम्मान मिलेगा, वहीं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। एक सशक्त, संतुलित और जवाबदेह पुलिस तंत्र ही समाज में विश्वास और सुरक्षा की मजबूत नींव रख सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महाशिवरात्रि : आत्मजागरण, संतुलन और शिव-तत्व का पर्व

महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय आत्मचेतना का वह विराट क्षण है, जब आस्था, दर्शन और आत्मबोध एक-दूसरे से संवाद करते हैं। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान शिव के स्मरण और साधना का उत्सव है-वह शिव जो केवल संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और कल्याण के अधिष्ठाता हैं।

भारतीय दर्शन में शिव को आदि और अनंत का प्रतीक माना गया है। वे सृष्टि के संहारक हैं तो नवसृजन के मूल स्रोत भी। उनका डमरु ब्रह्मांडीय लय का उद्घोष करता है, जटाओं से अवतरित गंगा करुणा और जीवनधारा का प्रतीक है, और भस्म-विभूषण यह स्मरण कराता है कि भौतिक वैभव अंतत: नश्वर है।

महा शिवरात्रि की रात्रि जागरण और साधना की रात्रि है। यह केवल पारंपरिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मसंयम, मौन और अंतर्मुखी यात्रा का अवसर है। यह पर्व हमें स्वयं से प्रश्न करने के लिए प्रेरित करता है- क्या हम सचमुच जागरूक हैं, या केवल बाहरी चकाचौंध में जीवन जी रहे हैं? शिव यहां मूर्ति नहीं, बल्कि चेतना के प्रतीक हैं-स्थिर, मौन और सजग। उनका दर्शन हमें एक असहज सत्य से परिचित कराता है कि परिवर्तन के बिना सृजन संभव नहीं। जिस संहार को हम भय की दृष्टि से देखते हैं, वही शिव के हाथों कल्याण का माध्यम बनता है।



**राजन कुमार शर्मा**
गांव व डाकघर डुगली, उप-तहसील लंबलू, जिला हमीरपुर

आज का समय परिवर्तन का समय है। समाज उपभोग, प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन की अति से गुजर रहा है। विशेषकर युवा पीढ़ी उपलब्धियों की दौड़ में निरंतर भाग रही है। विश्वविद्यालयों के गलियारों में डेडलाइन, प्लेसमेंट, पैकेज और प्रतियोगिता जैसे शब्द आम हो चुके हैं। तकनीक ने अवसर दिए हैं, पर मानसिक बेचैनी भी बढ़ाई है। नोटिफिकेशन, रील्स और एल्गोरिद्म के शोर में युवा मन लगातार सर्ि, य है, पर स्थिर नहीं। ऐसे में शिव का योगी स्वरूप एक संतुलित विकल्प प्रस्तुत करता है।



उनका वैराग्य पलायन नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण चयन है। उनका मौन निषि, यता नहीं, बल्कि स्पष्ट दृष्टि है।

शिव का नटराज रूप यह संकेत देता है कि जीवन एक निरंतर नृत्य है, जिसमें गति आवश्यक है, पर लय और मर्यादा के बिना वह विनाशकारी हो सकती है। यही संदेश आधुनिक जीवन पर भी लागू होता है। तेज़ी से आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है, पर संतुलन और संयम के साथ। महाशिवरात्रि का जागरण हमें यह स्मरण कराता है कि जागना केवल रात्रि भर आंखें खुली रखने का अभ्यास नहीं, बल्कि चेतना को जाग्रत रखने का संकल्प है। आज का तनाव केवल व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक है—करियर की अनिश्चितता, तुलना की संस्कृति और असफलता का भय। शिव-तत्त्व सिखाता है कि नियंत्रण सब कुछ अर्जित करने में नहीं, बल्कि अनावश्यक को त्यागने में है। धर्म का अर्थ शोर नहीं, बल्कि आत्मसंयम है; और भक्ति का अर्थ केवल श्रद्धा नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व है। यदि समाज को स्थिरता चाहिए, तो उसे शिव के साहस, करुणा और विवेक को अपनाना होगा। देशभर के शिवालयों में उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़ केवल परंपरा का निर्वाह नहीं करती, बल्कि उस सामूहिक चेतना को जीवित रखती है जहाँ व्यक्ति स्वयं से पूछता है-मैं कौन हूँ? महाशिवरात्रि हमें बाहरी अंधकार से अधिक, भीतर के अज्ञान को दूर करने का आह्वान करती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि शक्ति और शांति, वैराग्य और करुणा—इनका सहअस्तित्व ही जीवन की पूर्णता है।

अंतत: महाशिवरात्रि उपवास और अनुष्ठान का नहीं, बल्कि आत्मजागरण का पर्व है। यह अहंकार के विसर्जन, विकारों के त्याग और चेतना के उत्थान का संदेश देती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## उपायुक्त ने बाबा भूतनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर जिलावासियों के सुख, शांति की कामना की

# महाशिवरात्रि मेले में पधारने का दिया न्योता



पूजा-अर्चना करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी अपूर्व देवगन ने पत्नी श्वेता देवगन व गणमान्य लोगों के साथ राज देवता माधव राय के प्रांगण में पारंपरिक शिवरात्रि महायज्ञ में शामिल हुए।

उन्होंने टारना स्थित मां श्यामा काली मंदिर में शीश नवाया तथा मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरूनाग जी की पूजा-अर्चना की और जिलावासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने देवता राज माधव राय के मंदिर में पूजा-अर्चना की। उपायुक्त ने बाबा भूतनाथ मंदिर में भी पूजा-अर्चना की तथा हवन यज्ञ में भी शामिल हुए। वह राज माधव मंदिर से बाबा भूतनाथ के लिए निकली लघु जलेब में शामिल हुए। पुलिस की टुकड़ी, होमगार्ड बैंड और मंडी जनपद के राज देवताओं के साथ भूतनाथ मंदिर तक लघु जलेब के माध्यम से बाबा भूतनाथ को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट एवं पार्षदगण, सर्व देवता समाज समिति के प्रधान शिव पाल शर्मा व समिति के अन्य प्रतिनिधि, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम रूपिंदर कौर सहित अन्य अधिकारी तथा नगरवासी उपस्थित रहे।

अपूर्व देवगन ने सभी लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए मंडी के अंतरराष्ट्रीय मेले में पधारने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि मंडी शिवरात्रि को हम विशेष तौर से देव संस्कृति और यहां की समृद्ध परंपराओं को प्रमुखता देते हुए मना रहे हैं। 16 फरवरी से 22 फरवरी तक के इस आयोजन में देवी-देवताओं, उनसे जुड़ी पवित्र परंपराओं और समृद्ध देव संस्कृति से आम जनता को जोड़ने पर खास जोर रहेगा। डीसी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि देव आस्था का यह महा समागम देव संस्कृति को और मजबूती देने में सहायक हो। युवा पीढ़ी का इससे जुड़ाव और गहरा हो। इसके लिए सभी परंपराओं का पूरी श्रद्धा से निर्वहन करते हुए इनमें जनता की भागीदारी तय बनाने पर खास ध्यान दिया गया है।

### महादेव में प्राचीन शिव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर में दूर-दूर से आए हजारों शिवभक्तों ने भोलेनाथ के जयकारों के साथ मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रात से ही भक्तों का मंदिर में आना शुरू हो गया था। पर्व के उपलक्ष्य में सेवादारों द्वारा उचित प्रबंध किए गए तथा मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालु भगवान के भजनों पर भावविभोर होकर झूम उठे। वहीं श्री राम हनुमान मंदिर चौक महादेव में फलाहार सहित भंडारे का आयोजन किया गया।



श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत खोला। मंदिर कमेटी के प्रधान पदम सिंह ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कर्म सिंह, बिरेंद्र सिंह, लाल सिंह, कश्मीर भंडारी, चमन ठाकर और संजय चंदेल ने भी धार्मिक कार्यों में सहयोग प्रदान किया।

## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए पांच शताब्दी पुराना मंडी नगर तैयार, उपमुख्यमंत्री आज करेंगे शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2026 के लिए पांच शताब्दी पुराना मंडी नगर तैयार है। उपायुक्त एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि इस सात दिवसीय महोत्सव का विधिवत शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा 16 फरवरी को दोपहर 3 बजे पड्डल मैदान में किया जाएगा।



इससे पहले उप मुख्यमंत्री श्री राज माधोराय मंदिर में पूजा-अर्चना कर महोत्सव की प्रथम जलेब में शामिल होंगे। श्री राज माधोराय जी की अगवानी में निकलने वाली इस भव्य जलेब में मंडी जनपद के लोक देवी-देवता सहित शहरवासी उत्साह एवं उल्लास के साथ भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री सेरी मंच पर आयोजित प्रथम सांस्कृतिक संध्या में शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस बार का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक परेड रहेगी, जिसमें फ्रांस, अमेरिका, नाइजीरिया, तंजानिया, ताजिकिस्तान, श्रीलंका सहित अन्य देशों के दलों के साथ उत्तर भारत, हिमाचल तथा जिला मंडी के कलाकार भाग लेंगे।

अपूर्व देवगन ने बताया कि 16 फरवरी को पहली सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आइडल फेम नितिन, नेहा दीक्षित तथा नाटी किंग कुलदीप शर्मा प्रस्तुति देंगे। 17 फरवरी को दूसरी सांस्कृतिक संध्या में काकू राम ठाकुर और सुनील राणा दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। 18 फरवरी को तीसरी सांस्कृतिक संध्या में माउंट फैशन शो, इन्द्रजीत पॉल, बॉलीवुड पार्श्व गायक अरविंद राजपूत तथा अंतरराष्ट्रीय दल प्रस्तुति देंगे। 19 फरवरी को चौथी सांस्कृतिक संध्या में ममता भारद्वाज, अरुण-अनुशीला जुगनी, कुमार साहिल तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दलों की प्रस्तुतियां होंगी। 20 फरवरी को पांचवी सांस्कृतिक संध्या के दौरान अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक परेड के साथ गीता भारद्वाज, कुशांत भारद्वाज और अन्य दल प्रस्तुति देंगे। 21 फरवरी को अंतिम सांस्कृतिक संध्या में वॉयस ऑफ शिवरात्रि फाइनल, हार्मनी ऑफ पाइंस, इन्द्रजीत सिंह तथा अंतरराष्ट्रीय दलों की प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। उपायुक्त ने कहा कि यह महोत्सव मंडी की समृद्ध देव संस्कृति, लोक परंपरा और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा। उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रमों में पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया।

◆ **नितिन, नेहा दीक्षित व कुलदीप शर्मा की प्रस्तुतियों से सजेगा सांस्कृतिक मंच**

◆ **20 को होगी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक परेड**

# सड़क हादसा: कब जागेगा तंत्र, कब युवाओं को किया जाएगा जागरूक

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान साइड स्टोरी**

◆ **महाशिवरात्रि पर मातम ने फिर याद दिलाई पहाड़ी सड़कों की हकीकत**

**सुनील शर्मा, गोहर।** महाशिवरात्रि जैसे आस्था और उल्लास के पर्व पर थुनाग क्षेत्र में हुआ भीषण सड़क हादसा केवल तीन परिवारों की निजी त्रासदी नहीं है, बल्कि यह हमारे तंत्र, हमारी लापरवाहियों और पहाड़ी सड़कों की खामियों पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न भी है। एमडीआर-91 लंबाथाच-कल्हणी सड़क पर तड़के सुबह चार बजे एक जीप का गहरी खाई में गिर जाना और तीन नवयुवकों की असमय मृत्यु—यह घटना हृदयविदारक होने के साथ-साथ चेतावनी भी है।

18-19 वर्ष की आयु—जीवन की वह दहलीज जहां सपने आकार लेने लगते हैं, परिवार उम्मीदों के पंख सजाने लगता है। ऐसे में तीन घरों के चिराग बुझ जाना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सामाजिक क्षति है। पर्व की सुबह जहां शिवालयों में घंटियां बजनी थीं, वहां मातम की सिसकियां सुनाई दीं।

सवाल यह है कि क्या ऐसी घटनाएं केवल 'दुर्भाग्य' कहकर भुला दी जाएं? पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति, सुरक्षा प्रबंध, चेतावनी संकेत और वाहनों की तकनीकी जांच—इन सब पर गंभीर मंथन की आवश्यकता है। तड़के चार बजे का समय, गहरी ढलान और अनियंत्रित वाहन—क्या यह केवल चालक की भूल थी, या सड़क की बनावट और सुरक्षा उपायों की कमी भी जिम्मेदार है?

हिमाचल जैसे पर्वतीय प्रदेश में सड़कें जीवनरेखा हैं, लेकिन वही सड़कें जब जानलेवा बन जाएं तो जिम्मेदारी तय करना आवश्यक हो जाता है। क्या सड़कों पर पर्याप्त क्रैश बैरियर लगे हैं? क्या संवेदनशील मोड़ों पर परावर्तक संकेत और स्पीड नियंत्रण के उपाय हैं? क्या युवाओं में सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूकता अभियान पर्याप्त हैं?

हर हादसे के बाद राहत राशि और जांच की घोषणा होती है, परंतु क्या हम दीर्घकालिक समाधान की दिशा में गंभीर हैं? प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और पुलिस को मिलकर संवेदनशील मार्गों का विशेष सर्वे कर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। साथ ही युवाओं में सुरक्षित और जिम्मेदार वाहन संचालन के लिए विद्यालय और कॉलेज स्तर पर अभियान चलाना समय की मांग है।

यह दुर्घटना हमें झकझोरती है कि पर्वों की खुशी तभी सुरक्षित है, जब हमारी सड़कें सुरक्षित हों। तीन परिवारों के आंसू हमें याद दिला रहे हैं कि अब संवेदनाओं से आगे बढ़कर ठोस कार्रवाई का समय है। वरना हर त्योहार किसी न किसी घर के लिए मातम की खबर लेकर आएगा।

## कांग्रेस सरकार की हठधर्मिता से मेडिकल डिवाइस पार्क ठप: जयराम

अनंत ज्ञान

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की हठधर्मिता और कुप्रबंधन ने हिमाचल की आर्थिकी को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि नालागढ़ मेडिकल डिवाइस पार्क जैसा महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट, जिसे पूर्व भाजपा सरकार ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद प्रदेश के लिए स्वीकृत कराया था, आज राजनीतिक दुर्भावना का शिकार होकर ठप पड़ा है।

जयराम ठाकुर ने दावा किया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जारी 30 करोड़ रुपये की पहली किस्त लौटाना प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ है, जबकि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में ऐसे पार्क तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से प्रस्तावित 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश और 15 हजार रोजगार अवसर अधर में लटक गए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है, हिमकेयर, आयुष्मान भारत और सहारा जैसी योजनाओं के सैकड़ों करोड़ रुपए लंबित हैं, जिससे अस्पतालों में मुफ्त इलाज प्रभावित हो रहा है और मरीजों को दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं।

### मंडी के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव पर दी शुभकामनाएं

**नेता** प्रतिपक्ष ने मंडी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों और मंडी देव समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व देवताओं के महाकुंभ के रूप में हमारी सनातन परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है।



### 7 मील घराण लिंक के पास दो बाइकों की टक्कर, 4 युवक घायल

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नेरचौक में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे 7 मील घराण लिंक के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को ज़ोनल अस्पताल मंडी पहुंचाया। पुलिस के अनुसार बाइक नंबर पीबी07 सीई 3775 पर सवार जसकीरत सिंह व सेमल सिंह, निवासी होशियारपुर (पंजाब), मनाली से चंडीगढ़ जा रहे थे। दूसरी ओर से मंडी से कुल्लू की दिशा में आ रहे गौरव सिंह व सुमित की बाइक अचानक सड़क पर आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में टकरा गई। सूचना मिलते ही पंडोह पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जोगिंद्रनगर क्षेत्र की छत्तर, डोहग व मनोह बनेंगी नई ग्राम पंचायतें

अनंत ज्ञान

◆ **प्रदेश सरकार ने जारी की पंचायत पुनर्गठन अधिसूचना**

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा जिला मंडी के अंतर्गत जोगिंद्रनगर क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभा क्षेत्रों के पुनर्गठन को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार छत्तर, डोहग और मनोह को नई ग्राम पंचायतों के रूप में गठित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की जा रही है। सरकार का उद्देश्य पंचायत स्तर पर प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ बनाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना बताया गया है।

अधिसूचना के अनुसार विकास खंड चौंतड़ा और द्रंग के अंतर्गत आने वाले कुछ गांवों का पुनर्गठन कर नई पंचायतों का गठन प्रस्तावित है। इसके तहत छत्तर, डोहग और मनोह को अलग पंचायत इकाई के रूप में स्थापित किया जाएगा, जबकि कुछ गांवों का समायोजन समीपवर्ती पंचायतों में किया जाएगा। इस पुनर्गठन से पंचायत सीमाओं का पुनर्निर्धारण होगा और स्थानीय प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आने की उम्मीद है।

पंचायती राज विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी ग्राम सभा सदस्य या स्थानीय निवासी को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वह अधिसूचना जारी होने की तिथि से पांच दिन के भीतर उपायुक्त, जिला मंडी के माध्यम से लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझावों पर विचार के बाद अंतिम अधिसूचना उपायुक्त मंडी की सिफारिशों के आधार पर जारी की जाएगी।

नई पंचायतों के गठन को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। कई स्थानीय लोग इसे विकास की दिशा में सकारात्मक पहल मान रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर सीमांकन को लेकर विचार-विमर्श जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव महापुराण कथा संपन्न, भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल मुख्यालय सरकाघाट स्थित बावा नागा तपोभूमि प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित शिव महापुराण कथा का नौवां एवं अंतिम दिवस श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा का आयोजन मंहत श्री लक्ष्मी नारायण गिरी के सानिध्य में हुआ, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्राचार्य संतोष शर्मा ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिव महापुराण मानव को सत्य, संयम और सेवा का संदेश देता है। कथा में शिव-पार्वती विवाह, त्रिपुंड, भस्म और 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मंदिर कमेटी अध्यक्ष शत्रुघन सिंह काश्यप ने बताया कि सोमवार को पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### बरच्छबाड़ से सरकाघाट तक निकाली शोभायात्रा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के बरच्छबाड़ स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 90वीं शिव जयंती हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पवन कुमार प्रेमी ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। समारोह केंद्र प्रभारी वीके निर्मला दीदी के मार्गदर्शन एवं वीके उर्मिला दीदी की देखरेख में आयोजित हुआ। रविवार सुबह बरच्छबाड़ से मुख्य बाजार सरकाघाट तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। झांकियों के माध्यम से नशामुक्त समाज, नैतिक जीवन और भाईचारे का संदेश दिया गया। समापन पर ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुरली पाठ और शिव बाबा को भोग अर्पित किया गया।

## बीएल गोयल बने मंडी जिला बाल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष



रिवालसर में त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला बाल बैडमिंटन संघ के त्रैवार्षिक चुनाव वर्ष 2026 से 2029 तक के कार्यकाल के लिए रविवार को रिवालसर स्थित पर्यटन विश्राम गृह में संतोष कुमार की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान बीएल गोयल को मंडी जिला बाल बैडमिंटन संघ का अध्यक्ष चुना गया।

केसी ठाकुर को महासचिव व उपाध्यक्ष पद पर नर्वदा देवी, महेंद्र सिंह ठाकुर तथा मदन सिंह ठाकुर को दायित्व सौंपा गया। सह सचिव के रूप में नरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार तथा टीना शर्मा का चयन किया गया। सलाहकार पद की जिम्मेदारी राकेश ठाकुर को दी गई।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आकांक्षा भारद्वाज, सुरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, जोगिंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, चंद्र कुमार, रितिका रणावत तथा अतुल शर्मा को शामिल किया गया। चुनाव उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मंडी जिला में बाल बैडमिंटन खेल को प्रोत्साहित करने और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया।

### मांडव हार्ट हॉस्पिटल गुटकर बना हृदय रोगियों का सहारा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी के गुटकर स्थित मांडव हार्ट हॉस्पिटल गुटकर आज हृदय रोगियों के लिए जीवनदायिनी सुविधा बनकर उभरा है। जहां पहले गंभीर मरीजों को उपचार के लिए चंडीगढ़ स्थित पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) रेफर किया जाता था और कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते थे, वहीं अब स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक उपचार उपलब्ध हो रहा है। अस्पताल में कार्यरत डॉ. कुनाल महाजन अपने कुशल उपचार और मानवीय व्यवहार के लिए विशेष रूप से सराहे जा रहे हैं।

अस्पताल में आधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सैकड़ों हृदय रोगियों का सफल उपचार किया जा चुका है। फोरलेन सड़क से सीधा संपर्क और मंडी शहर के निकट होने के कारण यहां पहुंचना भी आसान है। स्थानीय लोगों को अब बड़े शहरों में इलाज और ठहरने के खर्च से राहत मिल रही है, जिससे मरीजों और परिजनों में संतोष का माहौल है।

## अशुतोष मिस्टर और जाह्नवी चुनी मिस फेयरवेल

### मॉडल स्कूल बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में विदाई समारोह का आयोजन

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** बीएसएल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में शिक्षकों एवं कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिसमें वरिष्ठ विद्यार्थियों के सम्मान में रंगारंग प्रस्तुतियां, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संदेश दिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा किया, जिससे पूरा माहौल भावुक हो उठा।

समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में विभिन्न उपाधियों की घोषणा की गई। इस वर्ष मिस्टर फेयरवेल का खिताब अशुतोष भारती को प्रदान किया गया, जबकि मिस फेयरवेल के रूप में जाह्नवी को सम्मानित किया गया। वहीं मिस्टर स्कूल का खिताब युवराज चौहान तथा मिस स्कूल का खिताब आस्था शर्मा को दिया गया। इसके साथ ही मिस्टर पर्सनैलिटी के रूप में दिव्यांश बंसल और मिस पर्सनैलिटी के रूप में नूतन को उनके उत्कृष्ट व्यक्तित्व एवं प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत एवं मनोरंजक गतिविधियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।



मिस्टर व मिस फेयरवेल के साथ अध्यापक। अनंत ज्ञान

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए और स्मृति स्वरूप सामूहिक फोटो भी खिंचवाई गई। विदाई के इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

# 26 फरवरी के बाद ऑनलाइन जमा नहीं होंगे बिजली के बिल

अनंत ज्ञान

◆ **सॉफ्टवेयर अपग्रेड के चलते सेवाएं रहेंगी बंद**

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। 26 फरवरी से हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड का बिल जारी करने व जमा करवाने से संबंधित सॉफ्टवेयर अस्थायी रूप से बंद रहेगा। बोर्ड द्वारा डेटा सेंटर स्तर पर सॉफ्टवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़ा अपग्रेड किया जा रहा है, जिसके चलते ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित रहेंगी।बोर्ड के अनुसार 26 फरवरी की मध्यरात्रि से यह प्रक्रिया शुरू होगी। इससे पहले 21 फरवरी तक मीटरिंग, बिलिंग, वसूली और भुगतान से संबंधित सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। अपग्रेड के दौरान न तो ऑनलाइन भुगतान संभव होगा और न ही कंज्यूमर पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से कोई सेवा उपलब्ध रहेगी।इस संबंध में मुख्य अभियंता शिमला, मंडी, हमीरपुर और कांगड़ा जोन को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत उपमंडलों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करें और उपभोक्ताओं को समय रहते सूचित करें। उधर, प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य भी जारी है। स्मार्ट मीटर स्थापित होने के बाद उपभोक्ताओं को बिल संबंधी जानकारी सीधे उनके मोबाइल फोन पर प्राप्त होगी और मीटर रीडिंग के लिए घर-घर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। हालांकि, कुछ स्थानों पर इसका विरोध भी देखने को मिल रहा है, लेकिन बिजली बोर्ड द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य निरंतर जारी है। बिजली बोर्ड ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि से पहले अपने बिलों का भुगतान सुनिश्चित कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

**मिसाल** राज्य आबकारी एवं कराधान व्यापार प्रकोष्ठ सदस्य रितेश ने किया शुभारंभ

# नशे से दूर रखने के लिए टीचर ने खोल दिया जिम

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल में की एक पंचायत में जब चिट्टे और अन्य नशे के चलते करीब आधा दर्जन बच्चे जब मौत की शिकार हुए तो एक सरकारी स्कूल के अध्यापक ने पंचायत के बच्चों को बचाने के लिए अपने खर्चे से 10 लाख रुपए खर्च करके अपने जिम संचालक गुरु की मदद से गांव में ही एक जिम बनाकर मिसाल पैदा की है।

मामला रिस्सा पंचायत का है, जहां सरकारी स्कूल के अध्यापक सुभाष रावत जो खुद बॉडी बिल्डर है ने अपने जिम संचालक गुरु राजीव ठाकुर जो सरकाघाट में राजीव फिटनेस सेंटर व जिम चलाते है कि मदद से रिस्सा बाजार में करीब दस लाख रुपए खर्च करके विशाल जिम खोल दिया। इसका विधिवत शुभारंभ राज्य स्टेट एक्साइज व्यापार प्रकोष्ठ सदस्य रितेश चौहान ने किया। इस अवसर पर जिम संचालकों और रिस्सा पंचायत कि जनता ने मुख्यतिथि का शाल टोपी पहना कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छोटे से गांव में युवाओं को नशे से बचाने के लिए जिम जैसी सकारात्मक पहल अत्यंत सराहनीय है। सुभाष रावत और राजीव ठाकुर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

◆ **इंडियन फिटनेस फेडरेशन के उपाध्यक्ष राजीव ने की जिम खोलने की मदद**



दस लाख से बने जिम का शुभारंभ करने के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

जिम संचालक सुभाष रावत, जो स्वयं भी बॉडी बिल्डर हैं ने कहा कि गांव के कई युवा नशे की लत में डूबे होने के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं गांव का सीसे स्कूल रिसा भी तीन बजे बंद हो जाता है बच्चे उसके बाद भटक जाते है और अधिकतर बच्चे मोबाइल में खोये रहते हैं, गांव के कई युवा नशे की चपेट में आ चुके हैं। आधा दर्जन मौते भी नशे के कारण हो चुकी हैं। इसके अलावा उनके छोटे से गांव रिस्सा के रोहित राव जोकि हाल ही में राष्ट्रीय कुश्ती विजेता बना है उसे भी जिम जाने के लिए बिलासपुर जाना पड़ता था, इसलिए घर द्वार पर जिम खोलने का निर्णय लिया जो इंडियन फिटनेस फेडरेशन के अध्यक्ष एवं राज फिटनेस सेंटर एमडी और गुरु राजीव ठाकुर के प्रयासों से पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज घर घर में बीपी और मोटापे से घिरा है। बच्चे ही नहीं बुजुर्ग तक इस जिम का फायदा उठा सकते है। इस अवसर पर कुश्ती कमेटी के प्रधान समेर चंद रावत, एसएमसी प्रधान अमर सिंह राणा, युवक मंडल के प्रधान अनूप बल्यानी, समाजसेवी कमलेश कुमार, सुनील शर्मा, साजन कुमार, प्रवक्ता देवेंद्र ठाकुर, गगन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पंडोह में 28 फरवरी से 4 मार्च तक एनएच पर सजेगा गुरु का लंगर

अनंत ज्ञान

◆ **पंडोह गुरुद्वारा कमेटी ने तैयारियां की पूरी**

**बालक राम, पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली एनएच पर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा पंडोह प्रदेश में 28 फरवरी से 3 मार्च तक तक अटुट लंगर लगेगा। यह लंगर होल्ले मोहल्ले के उपलक्ष्य पर मनिकरण यात्रा कर रही संगत के लिए लगाया जा रहा है। इस आयोजन का ला होले मुहल्ले की यात्रा कर पूरी संगत के साथ स्थानीय लोग भी ले सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए चारों दिन विशेष लंगर की व्यवस्था रहेती है। आयोजकों के अनुसार रोजाना सुबह देसी घी का कढ़ाह -प्रसाद, मठड़ी तथा चाय का लंगर पूरे दिन चलता रहेगा। 28 फरवरी शनिवार को दोपहर में न्यूट्री चावल और चाय,1 मार्च रविवार को सुबह पूरी-आलू लौंजी, दोपहर में न्यूट्री प्रसादा, समोसा व गुलाब जामुन तथा शाम को राजमा-चावल का लंगर बरता जायेगा। जबकि 2 मार्च सोमवार को सुबह पूरी-पलक पनीर, दोपहर में कोफ्ता सब्जी के साथ प्रसादा, मीठे व नमकीन चावल और शाम को माह की दाल व चावल परोसे जाएंगे। 3 मार्च मंगलवार को सुबह पूरी-छोले पनीर, दोपहर में मटर पनीर प्रसादा, आलू टिक्की व कढ़ाह तथा शाम को कढ़ी-चावल का लंगर आयोजित होगा। इस धार्मिक आयोजन में बाबा कश्मीर सिंह जी भूरी वाले, बाबा सुखविंदर सिंह जी बुरी वाले डेरा निर्मले तपोवन तरनतारन रोड अमृतसर तथा सेवक जत्था इश्नान गुरुद्वारा टाहली साहिब संतोखसर अमृतसर विशेष रूप से इस आयोजन को कर रहे है।

आयोजकों की तरफ से मुख्य सेवादार तरलोचन सिंह बिट्टू व मंजीत सिंह ने सभी से निवेदन किया है कि समूह मेंबर गुरुद्वारा कमेटी सिंह सभा पंडोह तथा पंडोह क्षेत्र की संगत के सहयोग से ही यह भव्य लंगर आयोजित किया जाता है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई। पंडोह गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान गुरनाम सिंह, महासचिव राधा कृष्ण वर्मा और कोषाध्यक्ष पंकज व समस्त कमेटी ने इस लंगर के लिए आयोजकों का धन्यवाद भी किया।

# उपमुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर बाथड़ी में की पूजा-अर्चना

अनंत ज्ञान



**हरोली।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाथड़ी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने ऐतिहासिक शिव मंदिर बाथड़ी में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें आध्यात्मिक ऊर्जा, संयम व सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव व नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को बेहतर व सुलभ सुविधाएं प्राप्त हों, पारंपरिक पूजा-पद्धति की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे तथा मंदिरों का विकास आधुनिक, डिजिटल व सुव्यवस्थित स्वरूप में किया जाए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर सदाशिव ध्यूंसर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

**हीना पठानिया, बद्दी।** तलमेहड़ा क्षेत्र के गांव वही स्थित सदाशिव ध्यूंसर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा व भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजने लगे व दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए लंबी कतारों में खड़े होकर धैर्यपूर्वक दर्शन किए। महाशिवरात्रि के पवित्र दिन पर भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा व पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का विधिवत अभिषेक किया। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालु दिनभर मंदिर परिसर में आते रहे और आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर में विशेष पूजा, रुद्राभिषेक व हवन का आयोजन किया गया। स्थानीय पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक



सदाशिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

अनुष्ठान संपन्न कराए गए, जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय हो उठा। भजन-कीर्तन व हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर रहा व श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति व स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, स्वच्छता व यातायात की समुचित व्यवस्था की गई, जबकि स्वयंसेवकों ने पूरे दिन सेवा भाव से व्यवस्थाएं संभालीं। बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर सदाशिव चैरिटेबल ट्रस्ट ध्यूंसर के चैयरमेन प्रवीण शर्मा व अन्य ट्रस्टियों ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा कई दिन पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं, ताकि दूर-दराज़ से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रस्ट पदाधिकारियों के अनुसार श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, भंडारे, प्राथमिक चिकित्सा, स्वच्छता तथा सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग व स्वयंसेवकों के सहयोग से पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया।

दिनभर चले इस भव्य धार्मिक आयोजन के साथ देर शाम तक मंदिर परिसर शिव भक्ति व श्रद्धा के रंग में रंगा रहा। श्रद्धालु भगवान शिव से सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना करते हुए अपने-अपने गंतव्यों की ओर लौटे। इस अवसर पर विवेक शर्मा, विधायक कुटलैहड, एवं उनकी धर्मपत्नी ने भी सदाशिव ध्यूंसर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव के चरणों में माथा टेका। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व मंदिर ट्रस्ट के चैयरमेन प्रवीण शर्मा ने विधायक विवेक शर्मा को शिव भोलेनाथ की फोटो भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मंदिर समिति एवं सदाशिव चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की और श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# बिलासपुर जिले में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान



**बिलासपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे बिलासपुर जिले में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। जिले के लगभग सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई।

तड़के ही भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर के श्री लक्ष्मण मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न क्षेत्रों के शिवालयों में श्रद्धालु बेलपत्र, दूध, दही व गंगाजल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना करते नजर आए। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठे। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी महाशिवरात्रि उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई। युवा मंडलों व विभिन्न सामाजिक व धार्मिक समितियों के सदस्य श्रद्धालुओं को फलाहार वितरित करते हुए दिखाई दिए। मंदिरों में सुरक्षा व व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रबंध समितियों के सदस्य सक्रिय रहे।

कई स्थानों पर दिनभर रुद्राभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, जबकि देर शाम तक भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर पूरे जिले में भक्ति, आस्था व सामाजिक सहयोग की सुंदर झलक देखने को मिली।

## न्यूज ब्रीफ

### होमगार्ड ने गुम हुआ मोबाइल ढूंढ निकाला

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री चिंतपूर्णी मंदिर में एक श्रद्धालु महिला का बेशकीमती मोबाइल फोन गुम हो गया, जिसे होमगार्ड हवलदार जनक राज ने अपनी सतर्कता व ईमानदारी से ढूंढ़कर वापस दिलाया। जानकारी के अनुसार पंजाब के दसूहा से आई श्रद्धालु महिला मंदिर में माथा टेकने पहुंची थी। आरती के दौरान भीड़ के बीच उसका मोबाइल फोन कहीं गिर गया, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई जा रही है। मोबाइल गुम होने से महिला काफी परेशान हो गई व उसने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवानों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही होमगार्ड हवलदार जनक राज ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मंदिर परिसर में तलाश शुरू की और कुछ ही समय में मोबाइल ढूंढ निकाला। बाद में उन्होंने महिला को बुलाकर उसका मोबाइल सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया। अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर महिला ने होमगार्ड हवलदार जनक राज का आभार व्यक्त किया व उनकी ईमानदारी की सराहना की। वहीं, इस घटना से मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता और जिम्मेदारी भी सामने आई है।

### स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन 16-17 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं को आधुनिक, पारदर्शी व विश्वसनीय बिजली सेवाएं प्रदान करने की दिशा में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एसडीओ ई. सुरेंद्र पटियाल ने बताया कि बिजली मंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले दिनांक 16 एवं 17 फरवरी को स्मार्ट मीटर पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। 16 फरवरी को कार्यक्रम कंदरौर, घुमारवीं 1, घुमारवीं 2, तथा भराड़ी क्षेत्र में आयोजित होगा तथा 17 फरवरी को बरठीं, तलाई व झंडुत्ता क्षेत्र में इसका आयोजन किया जाएगा। इस पखवाड़े के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की विशेषताओं, लाभों व उपयोग संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही स्मार्ट मीटर स्थापना, रियल टाइम खपत मॉनिटरिंग, ऑनलाइन बिलिंग, पारदर्शिता व ऊर्जा बचत से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाएगी तथा उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जागरूकता अभियान का लाभ उठाएं और बिजली सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाने में सहयोग करें।

### चिंतपूर्णी की साफ-सुथरी दिखेंगी सड़कें

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी-तलवाड़ा बाइपास मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा नालियों की साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। विभाग के इस कदम से स्थानीय लोगों व राहगीरों ने राहत की सांस ली है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ नीरज ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्ग पर जल निकासी की समस्या को देखते हुए नालियों की सफाई का काम प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है। लंबे समय से नालियों में गंदगी व मलबा जमा होने के कारण सड़क पर पानी भरने की समस्या बनी हुई थी, जिसे अब दुरुस्त किया जा रहा है। सफाई कार्य शुरू होने पर स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर की है। लोगों का कहना है कि नालियां बंद होने से उन्हें काफी असुविधा हो रही थी, लेकिन अब विभाग की सक्रियता से उन्हें इस समस्या से निजात मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस जनहित कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग और प्रशासन का धन्यवाद किया है।

### दस दिवसीय शिव संदेश रथ यात्रा का समापन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र के तत्वावधान मे आयोजित दस दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शिव संदेश रथ यात्रा का समापन मैहतपुर सेवा केंद्र पर हुआ। इस अवसर पर भगवान शिव के प्रतिक का ध्वजारोहण किया गया। इसमें ब्रह्माकुमारीज जिला प्रभारी आशा दीदी, मैहतपुर की प्रभारी बबिता बहन, बीके डॉ. किरण, प्रवीण, नितिका, वीणा, रितू,, बीके अवदेश भाई, रशपाल, रामकिशन, सोमनाथ भाई ने प्रमुख लोगों ने भाग लिया। इस दस दिवसीय शिव संदेश रथ यात्रा द्वारा ऊना व हरोली तहसील के अनेक गावों, विद्यालयों व धार्मिक स्थलों में पहुंच कर संदेश दिया। विशेषतौर पर स्टूडेंट्स, शिक्षकों व लोगों को राजयोग की जानकारी दी। राजयोग मैडीटेशन में आत्मा व परमात्मा का सीधा संबंध स्थापित होता है। इससे जीवन में शांति, शक्ति व पवित्रता का संचार होता है। इस विधि से अपने व्यक्तित्व के विकास के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने में सहयोग मिलता है।

# राजेश धर्माणी ने लुहारवीं-फटोह में 67 लाख रुपए की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को लुहारवीं और फटोह पंचायतों का दौरा कर 67 लाख रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने फटोह पंचायत में बस्ती धारड़ी संपर्क मार्ग (34 लाख रुपए) तथा कोर्ट कांप्लेक्स से रछेड़ा संपर्क मार्ग पर 34 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुल की आधारशिला रखी।

जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क संपर्क व आपदा बहाली कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि लुहारवीं पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत कई सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जबकि कंदरौर-पनोह-टकरेड़ा-घुमारवीं सड़क निर्माण व जोगिंद्रनगर-धर्मपुर-सरकाघाट-घुमारवीं सड़क बहाली पर करोड़ों रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त घुमारवीं में 6 करोड़ रुपए की लागत से बहुउद्देश्यीय खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके।

# तकनीकी शिक्षा मंत्री से मिला राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद् जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी ने जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार की अध्यक्षता में घुमारवीं विधानसभा के विधायक व हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से विश्राम गृह घुमारवीं में शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और टोपी व आच्छादन वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यकारिणी ने संस्कृत शिक्षकों से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। धर्माणी ने सभी संस्कृत शिक्षकों की बात को ध्यानपूर्वक सुना तथा सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हमीरपुर विभाग सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार, बिलासपुर जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, उपाध्यक्ष अनुज कुमार, खंड घुमारवीं-1, अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, खंड झंडूत्ता अध्यक्ष मनोज कुमार, रजनीश, विकास, नरेश, कृष्णचंद आदि संस्कृत शिक्षक उपस्थित हुए।

# गरीब परिवारों की बेटियों के लिए संबल बनी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना

अनंत ज्ञान

**ऊना।** बेटी का विवाह हर परिवार के लिए भावनात्मक व गौरवपूर्ण क्षण होता है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह एक बड़ी जिम्मेदारी भी बन जाता है, ऐसे परिवारों को सम्मानपूर्वक सहयोग देने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान कर बेटियों के विवाह को गरिमा व आत्मसम्मान के साथ संपन्न कराने में सहायक बन रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्राथमिकता दे रही है, ताकि कमजोर वर्गों को वास्तविक राहत मिल सके व समाज में समान अवसर सुनिश्चित हो सकें। योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को बेटी के विवाह के लिए 51 हजार रुपए की सहायता दी जाती है, जिससे वंचित वर्गों को महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) ऊना, नरेंद्र कुमार ने बताया कि बीते तीन वर्षों के दौरान ऊना जिले के 325 पात्र परिवारों को कुल 1 करोड़ 65 लाख 75 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत प्रदान की जा चुकी है। यह योजना जिले में सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभा रही है।

## जिला प्रशासन की निगरानी में प्रभावी क्रियान्वयन

**ऊना** जिले में डीसी जतिन लाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रशासन पात्र परिवारों की समय पर पहचान और सरल प्रक्रिया के माध्यम से लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। फील्ड स्तर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लगातार जागरूकता अभियान चलाकर पात्र परिवारों को योजना की जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं।

## ये हैं योजना के पात्रता मानदंड

**मुख्यमंत्री** कन्यादान योजना में बेसहारा लड़कियां जिनके पिता का निधन हो चुका हो, नारी सेवा सदन की पूर्व प्रवासिनियां या उपेक्षित, परित्यक्त अथवा तलाकशुदा महिलाओं की पुत्रियां अथवा वे कन्याएं जिनके पिता शारीरिक या मानसिक दिव्यांगता के कारण आजीविका अर्जित करने में असमर्थ हों व कन्या के संरक्षक की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक न हो शामिल हैं। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होता है, जिसके साथ संबंधित तहसीलदार से सत्यापित आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

# गोबिंद सागर झील में ड्रैगन बोट का प्रशिक्षण शिविर शुरू

## खेलकूद में भाग लेने से शरीर स्वस्थ व तंदुरुस्त रहता है: इशान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अंतर्गत हिमाचल गोबिंद सागर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी एवं ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एंड ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पांचवें चरण में गोबिंद सागर झील में ड्रैगन बोट का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया।

इसमें बतौर मुख्य अतिथि हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष व हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। निशुल्क प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर ने की। मुख्यसतिथि इशान अख्तर ने हिमाचल के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद में भाग लेने से हमारा



ड्रैगन बोट का निशुल्क प्रशिक्षण लेते प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

शरीर स्वस्थ व तंदुरुस्त रहता है। इससे न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, जिला महासचिव हेमराज ठाकुर, कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत व ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एंड ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार कसाना ने बताया कि हिमाचल के खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण हिमाचल अकादमी में दे रहे हैं। गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अंतर्गत हिमाचल गोबिंद सागर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के तहत खिलाड़ियों को स्विमिंग ड्रैगन बोट, कायकिंग निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गोबिंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन वर्ष 2009 से गोबिंद सागर झील बिलासपुर को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभरने के लिए सक्रिय कार्य कर रही है, जिनके प्रयासों से हिमाचल वॉटर स्पोर्ट्स ग्रामीण स्तर तक फैला रहा है।

# अंब-नादौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा टला, मोटरसाइकिलों से भरा ट्रक पलटा

अनंत ज्ञान

**अंब।** उपमंडल अंब के तहत अंब-नादौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सिकरा दा परों ज्वार पंचायत के बीच सड़क पर मोटरसाइकिल व स्कूटी से भरा एक ट्रक पलट गया।

जानकारी के अनुसार ट्रक नंबर सीएच 01टीबी 4038 शाहबाद, हरियाणा से कांगड़ा की ओर जा रहा था। रात करीब एक बजे जब ट्रक तीखे मोड़ पर पहुंचा, तो सामने से एक कार गलत दिशा में आती दिखाई दी। कार को बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रक को मोड़ने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रक सड़क के बीचों-बीच पलट गया। हादसे के समय सड़क पर अन्य वाहनों की आवाजाही कम होने के कारण बड़ा नुकसान होने से बचाव हो गया। इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई। हालांकि, ट्रक में लोड की गई मोटरसाइकिलों और स्कूटियों



को भारी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। बाद में संबंधित विभाग व पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात बहाल करने के प्रयास शुरू किए। क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा कर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण सामने से गलत दिशा में आ रही कार को बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है व संबंधित वाहन चालकों से पूछताछ की जा रही है। यह घटना एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर तीखे मोड़ों व गलत दिशा में वाहन चलाने की लापरवाही के खतरों को उजागर करती है। प्रशासन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत होंगे 52 शोध पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर व इंग्लिश टीचर्स फोरम हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने इसे संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कॉलेज में आयोजित होना एक ऐतिहासिक पहल है, जिससे विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण शैक्षणिक अनुभव प्राप्त होगा। सम्मेलन से निकले निष्कर्षों को हिमाचल प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग के साथ साझा किया जाएगा। आयोजन के लिए विभिन्न समितियां गठित कर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सम्मेलन का शुभारंभ पद्मश्री एवं साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रो. गणेश नारायणदास देवी के व्याख्यान से होगा। सम्मेलन में 52 प्रतिभागी—प्राचार्य, प्राध्यापक एवं पीएचडी शोधार्थी—अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

# भानुपल्ली-बिलासपुर रेल लाइन पर अटका काम थलू के आगे 'ब्लास्ट' विवाद से प्रोजेक्ट पर ब्रेक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सामरिक और पर्यटन दृष्टि से अहम मानी जा रही भानुपल्ली-बिलासपुर रेल लाइन एक बार फिर स्थानीय विवादों में उलझ गई है। थलू तक ट्रैक बिछाकर राहत की सांस ले रही निर्माण एजेंसी अब आगे बढ़ने में असमर्थ दिख रही है। डोला-धरोट क्षेत्र में ग्रामीणों के विरोध ने परियोजना की रफ्तार थाम दी है और काम पूरी तरह से ठप पड़ा है।

सूत्रों के अनुसार, थलू तक करीब आठ किलोमीटर रेल ट्रैक तैयार हो चुका है और इस खंड का निरीक्षण रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा मार्च या अप्रैल 2026 में प्रस्तावित है। लेकिन असली अड़चन थलू से धरोट के बीच लगभग छह किलोमीटर के हिस्से में खड़ी हो गई है। यहां ट्रैक पर बिछाए जाने वाले भारी पत्थरों (ब्लास्ट) की ढुलाई को लेकर विवाद उभर आया है। ग्रामीणों का दबाव है कि ब्लास्ट की ढुलाई उनके निजी ट्रैक्टरों से करवाई जाए, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर मिले। वहीं निर्माण कंपनी ने इस मांग को तकनीकी और व्यावहारिक आधार पर अस्वीकार कर दिया है। कंपनी का कहना है कि रेलवे मानकों के अनुरूप भारी ब्लास्ट को ट्रैक्टरों से ढोना न तो सुरक्षित है और न ही समयबद्ध। इससे लोडिंग और अनलोडिंग की प्रक्रिया धीमी होगी, जिससे पहले से विलंबित परियोजना और पीछे चली जाएगी। दरअसल, यह परियोजना पहले ही लागत वृद्धि की मार झेल रही है। प्रारंभिक अनुमान की तुलना में इसकी लागत करीब ढाई गुना तक बढ़ चुकी है। ऐसे में काम रुकना न केवल समयसीमा पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ाता है। निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों के साइट पर काम न कर पाने से स्थिति और पेचीदा हो गई है। इस मुद्दे पर जब राहुल कुमार, उपायुक्त बिलासपुर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला प्रशासन के संज्ञान में है। यदि ग्रामीणों की मांग उचित पाई जाती है तो उस पर विचार किया जाएगा। साथ ही कंपनी प्रबंधन से भी बातचीत कर समाधान तलाशा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में बाधा न आए, यह प्रशासन की प्राथमिकता है।

भानुपल्ली-बिलासपुर रेल लाइन को क्षेत्र की जीवनरेखा के रूप में देखा जा रहा है। यह परियोजना जहां एक ओर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, वहीं पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति देने की क्षमता रखती है। ऐसे में स्थानीय हितों और तकनीकी मानकों के बीच टकराव ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि विकास की पटरी आखिर कब बिना अवरोध के आगे बढ़ पाएगी।

भागीदारी 'पंच परिवर्तन' के संकल्प के साथ सामाजिक जागरण का संदेश

# संघ शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलनों की विराट गूंज

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला बिलासपुर जिला में आयोजित 'हिंदू सम्मेलनों' ने अभूतपूर्व जनसमर्थन और सामाजिक एकता का परिचय दिया।

जिले के छहों खंडों और दो नगरों में कुल 77 स्थानों पर हुए इन आयोजनों में 22,716 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि बिलासपुर की धरती पर सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभावना कितनी सशक्त है। इन सम्मेलनों में समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। कुल उपस्थिति में 8,269 पुरुष, 9,922 महिलाएं और 3,664 बच्चे शामिल रहे। विशेष रूप से मातृशक्ति व बच्चों की उल्लेखनीय संख्या ने कार्यक्रमों को पारिवारिक एवं सामाजिक उत्सव का रूप प्रदान किया। यह आयोजन केवल संगठनात्मक कार्यक्रम न होकर समाज के व्यापक जागरण का प्रतीक बनकर सामने आया। जिले के कलोल, झंडुत्ता, बरठीं, भराड़ी, कंदरौर और नम्होल खंडों के साथ-साथ घुमारवीं और बिलासपुर नगर में भव्य सम्मेलन आयोजित हुए।

## राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान

**मुख्य** वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले में जिस प्रकार से समाज के विभिन्न वर्गों ने एक मंच पर आकर 'पंच परिवर्तन' को जीवन में उतारने का संकल्प लिया है, वह आने वाले समय में सामाजिक समरसता और राष्ट्र चेतना को नई दिशा देगा। जिले भर में हुए इन सम्मेलनों ने यह सिद्ध कर दिया कि बिलासपुर केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण और संगठित शक्ति का भी सशक्त उदाहरण बन चुका है। हजारों लोगों द्वारा सामूहिक संकल्प के साथ उठे हाथ इस बात के प्रतीक बने कि परिवर्तन की यह धारा अब समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचेगी।

अनंत ज्ञान स्पैशल

बिलासपुर नगर के लुहणू क्रिकेट स्टेडियम में लगभग 1,600 लोगों की उपस्थिति रही, जो सबसे बड़े आयोजनों में से एक रहा। भराड़ी खंड के बरोटा में 1,035 लोगों ने भाग लिया, जबकि कंदरौर के आवारी में 657 और बरठीं के खबड़ी माता मंदिर घंडीर में लगभग 700 लोग उपस्थित रहे।

झंडुत्ता क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में 500 से 800 तक की भागीदारी रही तथा घुमारवीं नगर की आईपीएच बस्ती में 800 से अधिक लोग सम्मेलन में जुटे। इन सभी आयोजनों का संचालन स्थानीय हिंदू समाज द्वारा गठित समितियों ने किया। सुव्यवस्थित प्रबंधन व अनुशासित आयोजन ने यह संदेश दिया कि जब समाज स्वयं आगे बढ़कर नेतृत्व करता है, तो वह राष्ट्र की जीवंतता व आत्मविश्वास का परिचायक बनता है। विभिन्न प्रबुद्धजनों की अध्यक्षता में संपन्न हुए इन कार्यक्रमों में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज को मार्गदर्शन प्रदान किया। सम्मेलनों में 'पंच परिवर्तन' को समाज निर्माण का मूल आधार बताया गया। स्वदेशी को अपनाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने, परिवार में संस्कारों के संवर्धन और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर विशेष बल दिया गया।

# बिलासपुर में चल रही सभी बड़ी परियोजनाएं भाजपा की देन: कमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला भाजपा प्रवक्ता व नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष कमल गौतम ने कांग्रेस नेता के ब्यान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे पूरा भी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला बिलासपुर में जितनी भी बड़ी विकास परियोजनाएं चल रही हैं, वे सभी भाजपा की देन हैं, जबकि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस सरकार के कारण कई योजनाएं अधर में लटक गई हैं। कमल गौतम ने कहा कि अली खड्ड पुल, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बागछाल पुल, एम्स बिलासपुर व रेलवे निर्माण जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं भाजपा सरकार के प्रयासों से ही संभव हो पाई हैं। केंद्र सरकार के सहयोग व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रयासों से जिला बिलासपुर को ये बड़े प्रोजेक्ट मिले हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिलासपुर में प्रस्तावित कृत्रिम झील व जलमग्न मंदिरों की योजना कांग्रेस की उदासीनता के कारण अटकी हुई है।

# ग्रामीणों की रोजी-रोटी पर संकट: बंबर ठाकुर

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** ग्रामीण आजीविका की जीवनरेखा मानी जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' कार्यक्रम के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव तलवारा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मनरेगा योजना के भविष्य को लेकर विस्तृत जानकारी दी और इसे कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता जताई।



पूर्व विधायक ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए सुरक्षा कवच है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में कटौती, भुगतान में देरी और कार्यों की स्वीकृति में कमी के कारण यह योजना धीरे-धीरे निष्प्रभावी की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे इस योजना को बचाने के लिए एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करें। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अंजना धीमान भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने परिवार की आय में सहयोग कर रही हैं।

यदि यह योजना कमजोर होती है तो इसका सीधा असर ग्रामीण महिलाओं और गरीब वर्ग पर पड़ेगा। अंजना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय का प्रश्न है।

# भोले के जयकारों से गूंजा कुल्लू जिला

## बिजली महादेव सहित अन्य सभी शिवालयों में लगी रही भोले के भक्तों की लंबी कतारें

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** महाशिवरात्रि का पर्व जिले में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। बम-बम भोले की गूंज से जिला कुल्लू पूरी तरह से गूंज उठा। शिवरात्रि पर्व के चलते दिनभर भोलेनाथ के शिवालयों में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ी रही। कुल्लू घाटी के आराध्य देवता बिजली महादेव मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं, 15 दिसंबर के बाद दो माह बाद बिजली महादेव के कपाट दो दिनों के लिए खुले, जो कि सोमवार सुबह से फिर से 15 मार्च के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

दो माह के बाद बिजली महादेव के कपाट खुलने से भक्त काफी उत्साहित दिखे और सुबह छह बजे से लेकर रात तक दर्शन करने के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। उधर, जिला मुख्यालय स्थित भूतनाथ मंदिर के अलावा अन्य स्थानों पर शिवराड़ी महादेव, पिरड़ी महादेव, ज्वाणी महादेव, बिननी महादेव, सियाली महादेव, शिव मंदिर बजौरा,


बिजली महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर लगी भक्तों की लंबी कतारें। अनंत ज्ञान

विश्वेश्वर महादेव मंदिर बजौरा, बुंगडू महादेव, मणिकर्ण स्थित शिव मंदिर, बाबा बालकनाथ मंदिर, अंजनी महादेव व शमशरी महादेव मंदिर, बंजार, सैंज सहित अन्य सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, जल व बेलपत्र चढ़ाकर भोले से सुख-शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सुबह से लेकर देर रात तक भजन-कीर्तनों का दौर भी जारी रहा। इसके चलते माहौल देवमय रहा। जिले के सभी शिवालयों को विशेष रूप से नर्गिस के फूलों व अन्य फूलों से सजाया गया था। बजौरा में सबसे पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर, जो कि पांडवों के समय का है, पगौड़ा शैली से बना कुल्लू जिले का सबसे पुराना मंदिर है, जहां पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि की पावन वेला पर दूरदराज से भक्त शिव भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने इस मौके पर देवालयों में प्रसाद बांटकर पुण्य कमाया। साथ ही परंपरानुसार भांग का घोटा पीकर भी शिव भक्त खूब झुमे। वही, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के केलांग तथा उदयपुर उपमंडल में शिव भक्तों ने शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया। उधर, बिजली महादेव मंदिर के पुजारी मदन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के मौके पर भक्तों का खूब तांता लगा रहा। इस बार महाशिवरात्रि रविवार को अवकाश के दिन होने के चलते धार्मिक स्थल बिजली महादेव में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बिजली महादेव के दर्शन किए।

बिजली महादेव में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। बिजली महादेव मंदिर के कपाट शिवरात्रि पर्व के लिए विशेष रूप से खोले गए थे व उसके बाद दोबारा बंद हो जाएंगे, अब 15 मार्च को भक्तों के लिए कपाट खुलेंगे। जिले के अन्य सभी शिवालयों में शाम तक भोले के भक्त दर्शन के लिए कतारों में लगे रहे। जगह-जगह घोटा, केले, बैर, अंगूर व आलू के रूप में प्रसाद वितरित किया गया।

## सुबह से शाम तक बिजली महादेव सड़क रही जाम, श्रद्धालुओं में पुलिस-प्रशासन के प्रति दिखा भारी रोष

# रामशिला-बिजली महादेव सड़क पर दिनभर रेंगते रहे वाहन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** महाशिवरात्रि पर्व के चलते हर साल की तरह इस बार भी भारी संख्या में श्रद्धालू बिजली महादेव के दर्शन के लिए गए। इस कारण रामशिला-बिजली महादेव सड़क मार्ग सुबह से शाम तक जाम रही। आलम यह था कि संकरी सड़क होने के कारण और पुलिस-प्रशासन की ओर से शिवरात्रि पर्व के मद्देनजर किसी भी तरह की ट्रैफिक व्यवस्था न होने के कारण सुबह से लेकर शाम तक सैकड़ों वाहन इस मार्ग पर रेंगते रहे।

भोले के भक्तों को कई कई घंटों तक ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ा। हालात यह रहे कि मंदिर में जहां सुबह से ही दर्शन के लिए लोगों की लंबी कतार लगी रही। वहीं, धार्मिक स्थल बिजली महादेव को जोड़ने वाली कुल्लू-बिजली महादेव सड़क भी सुबह से लेकर शाम तक ट्रैफिक से जाम रही। महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी इस कारण सड़क पर लोगों को ट्रैफिक जाम का घंटों तक सामना करना पड़ा। सिंगल लेन सड़क होने के कारण जहां


रामशिला-बिजली महादेव सड़क मार्ग पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन। अनंत ज्ञान

अक्सर यहां पर वाहन चालकों को जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। धाठ से लेकर हलैणी तक, चंसारी और देवधार की तरफ लंबा जाम लग गया। 23 किलोमीटर के सफर में वाहन चालक सुबह से शाम तक जाम में फंसे रहे। इस कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम के चलते दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्री अपनी गाड़ी लेकर बिजली महादेव सड़क में अंतिम स्टेशन कराटे तक के लिए निकले थे, लेकिन तीन-चार किलोमीटर पीछे ही उन्हें अपनी गाड़ी खड़ी करके यहां से पैदल बिजली महादेव की ओर से निकलना पड़ा। बिजली महादेव मंदिर की ओर रामशिला से गाड़ियां जाने का सिलसिला सुबह 6 बजे ही शुरू हो गया था, लेकिन खराहल घाटी में सुबह से लेकर लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या रही।

लिहाजा, दिनभर बिजली महादेव सड़क में वाहन सुबह से शाम तक दौड़ने की बजाय रेंगते रहे और लोग काफी परेशान हुए। इस दौरान वाहन चालक मनोज, संजय शर्मा, राकेश कुमार, रीना, रवि, धनी राम सहित अन्य श्रद्धालुओं में जिला पुलिस व प्रशासन के प्रति भारी रोष नजर आया। उनका कहना था कि जब प्रशासन को पता है कि हर साल शिवरात्रि पर्व के मौके पर भारी संख्या में वाहन इस सड़क मार्ग से गुजरते हैं, तो फिर वाहन चालकों की सुविधा के लिए यहां पर पुलिस जवानों की तैनाती क्यों नहीं की जाती। उन्होंने जिला प्रशासन व पुलिस से मांग की है कि इस रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों की तैनाती की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की दिक्कतें न झेलनी पड़ी।

### रोपवे होता, तो ट्रैफिक से मिलती राहत

**ट्रैफिक** जाम में फंसे लोगों शुभम, संजीव ठाकुर, अरविंद, पूर्वी शर्मा, प्रांजल आदि का कहना था कि यदि बिजली महादेव के लिए रोपवे का निर्माण हुआ होता, तो श्रद्धालुओं को इस तरह ट्रैफिक जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ता। साथ ही सफर भी आसान व सुविधाजनक होता। उन्होंने सरकार व स्थानीय लोगों से रोपवे निर्माण योजना को सिरे चढ़ाने की मांग उठाई।

# जय भोले के जयकारों से गूंज उठा मनाली व लाहौल

अनंत ज्ञान

**केलांग/मनाली।** रविवार को मनाली सहित लाहौल घाटी में भगवान शिव के देवालय बम-बम भोले शिव लहरी की गूंज से गूंज उठे।

देवालयों में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिवरात्रि पर्व के चलते दिनभर भोले नाथ के मंदिरों में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ी रही। भक्तजन भोले का गुणगान करते रहे और भजन मडलियां भी दिनभर भोले के गीतों का गुणगान करते रहीं। महाशिवरात्रि के चलते मनाली के सियाल महादेव मंदिर, भूतनाथ मंदिर, अजनी महादेव मंदिर, बरानी महादेव मंदिर सहित लाहौल के भगवान त्रिलोकीनाथ मंदिर व मालंग में मेलिंग मंदिर में शिवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाय गया। मंदिरों में दिनभर भोले नाथ की जय-जयकार होती रही, वहीं महिलाएं दिनभर भोले नाथ की भक्ती में लीन रही और पूजा पाठ करती रही। मनाली घाटी के सैकड़ों युव-युवतियों ने भी अंजनी महादेव में बर्फ से बनी शिवलिंग के दर्शन किए। मान्यता है कि सोलंग में बने प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन और भगवान की पूजा-अराधना करने से कन्या को अच्छा वर प्राप्त होता है। शिवलिंग के दर्शन करने को युवतियां बर्फ के बीच अंजनी महादेव पहुंची। युवतियों ने पूजा-अराधना कर भगवान शिव से अच्छे वर की कामना की। मनाली घाटी में सबसे अधिक भीड़ बराणा गांव के बराणी महादेव में देखने को मिली। सियाली महादेव मंदिर के कारदार जय चंद ने घाटी वासियों को शिवरात्रि पर्व की बधाई दी। उधर, प्रजापति ब्रह्मकुमारी विश्व शांति भवन जीवन दर्शन अध्यात्मिक आर्ट गैलरी भजोगी मनाली में भी शिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई। नप मनाली के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने शिव ध्वज लहराया और सभी को शिवरात्रि की बधाई दी। लोगों ने एक जगह एकत्रित होकर भगवान शिव की अराधना की।

# विशेषज्ञों से संवाद कर स्टूडेंट्स ने हासिल की महत्वपूर्ण जानकारी

## कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने आईआईटी कमांद का किया शैक्षिक भ्रमण

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा नौवीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने रविवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मंडी (कमांद परिसर) में एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण एवं कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह कार्यक्रम आईआईटी मंडी के गणितीय एवं सांख्यिकी विज्ञान विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पूरे दिन विविध शैक्षणिक गतिविधियां एवं कार्यशालाएं आयोजित की। विभाग के चेयरपर्सन, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसरों, पीएचडी स्कॉलर्स तथा बीटेक छात्रों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें उच्च शिक्षा, शोध व नवाचार के विभिन्न आयामों से परिचित


इंटरैक्टिव सत्र के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए आईआईटी कमांद के स्टाफ व छात्र। अनंत ज्ञान

कराया। विद्यार्थियों को आईआईटी मंडी के उत्तर व दक्षिण दोनों जोन के परिसर का भ्रमण करवाया गया तथा अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया गया। इस दौरान छात्रों ने अपने द्वारा तैयार वैज्ञानिक व गणितीय मॉडलों का भी प्रदर्शन किया तथा विशेषज्ञों से संवाद स्थापित कर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इंटरैक्टिव सत्रों में विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक धाराओं, करियर विकल्पों तथा शोध अवसरों के बारे में विस्तार से जाना।

आईआईटी के छात्रों के साथ प्रत्यक्ष संवाद ने उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, तैयारी की रणनीतियों व तकनीकी शिक्षा के वातावरण की वास्तविक समझ प्रदान की। विद्यार्थियों को आईआईटी के शैक्षणिक वातावरण, अनुसंधान संस्कृति व नवाचार की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला, जिससे उनके भविष्य के करियर निर्माण के प्रति नई प्रेरणा जागृत हुई। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने आईआईटी मंडी के संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

# आउटर सिराज क्षेत्र में आज भी पारंपरिक रूप से मनाते हैं शिवरात्रि

अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी उपमंडल के देवालयों में रविवार को शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया।

आनी से तीन किलोमीटर दूर शमशर के त्रिवेणी संगम स्थल पर स्थित देवता शमशरी महादेव के मंदिर में रविवार को शिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में देवता शमशरी महादेव के दर्शनों के बाद क्षेत्र के हजारों लोगों ने दिन भर शिव पिंडी पर दूध चढ़ाकर महादेव की पूजा की। दिनभर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा ढोलक की थाप पर शिव महिमा के पारम्परिक गीतों पर नाचगानों का दौर चलता रहा। जिला कुल्लू में शमशरी महादेव के प्रति लोगों की आस्था अधिक है। क्षेत्र की महिलाओं पुरुषों ने शिव पिंडी पर दूध वेलपत्री चढाकर अपनी

### ◆ हर घर में महादेव की विशेष पूजा की गई

पूजा पूरी की। महा शिवरात्रि उत्सव में धार्मिक आयोजनों की धूम रही है दो दिनों तक शिवगीत, पहाड़ी जती, नटाउक, गीत संगीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आउटर सिराज के हर घर में महाशिवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें हर घर में महादेव की विशेष पूजा की गई पिछले एक सप्ताह से हर गांव में शिवरात्रि गीत व नाटक प्रस्तुती में बच्चे, युवा, बुजुर्ग भगवान शिव माता पार्वती, गणेश आदि की झाकीयां भी प्रस्तुत कर रहे हैं। आउटर सिराज क्षेत्र में महादेव शमशरी, बेहनी महादेव, जोगेश्वर महादेव, खुडीजलदेवता, बुढा महादेव, जाजणू महादेव सहित हर गांव हर क्षेत्र में शिव भगवान के प्रसिद्व एंव प्राचीन मंदिर मौजूद हैं, जिनके प्रति हिमाचल के सभी लोगों की अपार आस्था बनी हुई है। सिराज के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर में महादेव को लिंग रूप में विराजमान कर विधिवत उनकी पूजा की जाती है।

दूसरे दिन इसका विसर्जन किया जाता है। नारंगी प्रजाति के एक विशेष प्रकार के फल जिसे स्थानीय भाषा में कैमटू कहा जाता है, उसको लिंग आकार देकर लोग अपने कमरे के एक कोने में विराजमान कर देते हैं। यहां महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर लोग पूरी रात भर भजन-कीर्तन से भोले बाबा का गुणगान करते हैं। इस पर्व में प्राचीन भजन जती और नटाउग गाकर भोले को प्रसन्न किया जाता है।

# सैंज में आपदा के जख्म अभी तक हरे, दो साल बाद भी हालात जस के तस

## सैंज मुख्य बाजार को जोड़ने वाली सड़क 8 माह बाद हुई बहाल, घाटी की अन्य सड़कों की हालत भी खराब

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/सैंज।** आपदा ने जिला कुल्लू में 2023 के 2025 में खूब कहर बरपाया है। जिले की सैंज घाटी भी इससे अछूती नहीं रही है और यहां पर भारी नुकसान हुआ है। हैरानी की बात है कि 2023 व उसके बाद 2025 में आई आपदा के जख्म अभी तक हरे हैं और घाटी में हालात बेहद खराब हैं। सबसे अधिक खराब हालत घाटी की सड़कों की हैं जिस कारण घाटीवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि आपदा के इतने समय बाद भी घाटी की सड़कों पर बस रूट बाधित हैं।

यही नहीं कई सड़कें तो अभी तक बंद हैं जबकि जो बहाल भी हुई हैं उन पर भी छोटे वाहन ही चल पा रहे हैं ऐसे हालातों में घाटी की जनता को कई किलोमीटर पैदल सफर करना पड़ रहा है। वहीं, जहां छोटी गाड़ियां चल रही हैं वहां पर लोगों को अपने जरूरी कार्यों, बीमारी की स्थिति में सैंज पहुंचने भारी भरकम किराया वहन करना पड़ रहा है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### लारजी-सैंज सड़क मार्ग खस्ताहाल

**लारजी-सैंज** सड़क मार्ग की हालत तो बेहद खराब है। इस सड़क पर जगह जगह गड्ढे और डंगे गिरने के कारण वाहन चालकों को जहां उनके वाहनों को नुकसान हो रहा है वहीं, हादसे का भी हमेशा खौफ सताता रहता है। आपदा के बाद अभी तक इस सड़क की हालत में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा।जिसको लेकर स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों में भी भारी रोष है।


लारजी-सैंज सड़क की खस्ताहालत। अनंत ज्ञान

### एनएचपीसी चरण 3 प्रबंधन का आभार व्यक्त किया

**सैंज** व्यापार मंडल के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल ठाकुर सहित स्थानीय निवासी बुद्धि सिंह ठाकुर, अनुज, शेर सिंह, संजीव कुमार, संतोष सोनी सहित अन्य लोगों ने बताया कि आपदा को इतना समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक घाटी की सड़कें यातायात के लिए बहाल नहीं हुई हैं। वहीं, सैंज बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भी आपदा के 8 माह बाद एनएचपीसी चरण 3 के कारण बहाल हो पाई है। लोक निर्माण विभाग पिछले 8 माह से मुख्य मार्ग तक को बहाल नहीं कर पाया। हालांकि विभाग की ओर से बहाली कार्य जारी था लेकिन यह कार्य बेहद धीमी गति से चला हुआ था जिस कारण स्थानीय दुकानदारों सहित घाटी से खरीदारी करने व तहसील आदि के कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि व्यापार मंडल की ओर से इस समस्या को एनएचपीसी के समक्ष प्रमुखता से रखा गया जिसके बाद एनएचपीसी की ओर से बहाली कार्य युद्धस्तर पर चलाया गया और मार्ग बहाल हो पाया। इसके लिए व्यापार मंडल सैंज ने एनएचपीसी चरण 3 प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है।

### पर्यटन कारोबार ठप

**यही** नहीं घाटी में सड़कें बंद होने के कारण खराब सड़कों के कारण पर्यटन कारोबार भी पूरी तरह से ठप है। इस कारण घाटी के पर्यटन कारोबारियों को भो भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। यहां के विभिन्न पर्यटन स्थलों में सड़कों की खस्ताहालत के कारण पर्यटक इस घाटी से मुंह मोड़ रहा है। इस कारण कारोबारियों को आर्थिक रूप से भी नुकसान झेलना पड़ रहा है। हालांकि, व्यापार मंडल सैंज के अलावा भाजपा की ओर से भी कई बार इन समस्याओं को लेकर कई धरने प्रदर्शन किए गए और सरकार व जिला प्रशासन को ज्ञापन भी भेजे गए लेकिन सड़कों की बहाली को लेकर सरकार व जिला प्रशासन की ओर से कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है जिसके चलते घाटी के लोगों को अभी तक भारी समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। घाटीवासियों ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सडकों की बहाली के संबन्ध में सम्बंधित विभाग को निर्देश जारी किए जाएं, ताकि जनता को राहत मिल सके।

# हिंदू सम्मेलन के माध्यम से दिया एकजुटता का संदेश


हिंदू सम्मेलन के मौके पर नाटी डालती महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू जिले की लगघाटी के कडिंगचा गांव में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

यह पहली बार था, जब घाटी के तिउन, कडिंगचा व समाणा गांवों की ओर से संयुक्त रूप से इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश देना रहा। ग्राम पंचायत डूंखरीगाहर के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में तिउन, समालंग, चलाह सहित आसपास के कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। घाटी की अधिष्ठात्री माता फुंगणी के कारदार रामलाल ठाकुर ने बताया कि सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें महिला-पुरुषों ने पारंपरिक नाटी प्रस्तुत कर आपसी प्रेम, भाईचारे और परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और बदलते मौसम पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों ने गौ संरक्षण, हिंदू नव वर्ष के महत्व और नई पीढ़ी को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज व संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया।

# श्री गढ़पति कुईकंडा बिंगड़ी नाग देवता की ऐतिहासिक गाथा पर आधारित भक्ति गीत रिलीज

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जनपद के सीरीगढ़ क्षेत्र में पूजित श्री गढ़पति कुईकंडा बिंगड़ी नाग देवता जी की ऐतिहासिक गाथा अब एक विशेष भक्ति गीत के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। प्रभु का जन्म कुइकंडा नामक स्थान पर हुआ और वहीं से उन्होंने अपनी दिव्य लीला का प्रारंभ किया। नाग देवता नौ पंचायत और छह फाटी के आराध्य देव हैं। इस गाथा में नाग देवता के चमत्कारों व उनके समृद्ध इतिहास का प्रभावशाली वर्णन किया गया है। यह गीत प्रसिद्ध गायक रिंकू सीरीगढ़िया द्वारा गाया गया है तथा संगीत एनजे जोशी द्वारा प्रदान किया गया है। देवता के अनुयायियों का मानना है कि नाग देवता की असीम कृपा और आशीर्वाद से ही यह प्रस्तुति संभव हो पाई है। सीरीगढ़ आराध्य प्रभु श्री कुईकंडा बिंगड़ी नाग देवता, माता बूढ़ी नागिन के अठारह पुत्रों में सबसे छोटे और 'उमड़ा पुत्र' माने जाते हैं। प्रभु 'बिझी बादली' अर्थात वर्षा के देवता के रूप में पूरे कुल्लू क्षेत्र में विख्यात हैं। इतिहास के अनुसार, नाग देवता की महिमा दिल्ली तक भी पहुंची। कहा जाता है कि दिल्ली में उन्होंने अपने क्रोध स्वरूप लोहे के ओले बरसाए थे। कुल्लू के राजाओं जैसे जगत सिंह, मान सिंह, द्वारा नाग देवता की शक्ति को पहचान कर उनके प्रति अपने आप को समर्पित कर नाग देवता की भक्ति करने का स्पष्ट उल्लेख हैं। कुल्लू के राजाओं द्वारा नाग देवता के सम्मान मे 18 तोले चांदी भेंट की थी। उन 18 तोले चांदी से नाग देवता के लिए पांच चांदी के मोहरे बनाए थे।

# महिलाओं को स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई


शिविर के दौरान महिलाएं व अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आनी।** ग्राम पंचायत कुशवा 15/20 में महिलाओं को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आदि शक्ति फाउंडेशन द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व फाउंडेशन के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने किया।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी साक्षी शर्मा, आशा वर्कर्स तथा ग्राम पंचायत के अंतर्गत सात महिला मंडलों की महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर के दौरान महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, सैनिटरी पैड के सही उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और महिला स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी साक्षी शर्मा ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी आम समस्याओं, उनके बचाव के उपायों और नियमित स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सही जानकारी व सावधानी से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर प्रत्येक महिला मंडल की महिलाओं को निशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश गया। उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। आदि शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष जोगिंदर ने कहा कि संस्था भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरूकता शिविर आयोजित करती रहेगी, ताकि महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी और आवश्यक सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध कराई जा सकें।

**समापन** तीर्थन घाटी के अति दुर्गम गांव डिंगचा में फागली उत्सव धूमधाम से संपन्न

# फागली पर्व में लोगों ने मुखौटा नृत्य व नाटी का उठाया लुत्फ

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के अनेक गांव में पारंपरिक मुखौटा उत्सव फागली तीन दिनों तक श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में बंजार क्षेत्र के विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क प्रवेश द्वार पर स्थित ग्राम पंचायत नोहंडा के अति दुर्गम गावों डिंगचा, खरुंगच्चा, काऊंचा व झलेरी गांवों में भी तीन दिवसीय फागली पर्व का सफल समापन हुआ।

फागुन संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस उत्सव के दौरान लकड़ी के मुखौटे पहनकर मढयालों ने चारों गांवों की परिक्रमा की व प्राचीन परंपराओं का निर्वहन किया। सबसे पहले देव अनंत काली नाग व रांदु नारायण की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पारंपरिक मुखौटा नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले दिन खरुंगच्चा व काऊंचा गांव में छोटी फागली मनाई गई, जबकि दूसरे दिन झलेरी व डिंगचा


मुखौटाधारी परंपराओं का निर्वहन करते हुए। अनंत ज्ञान

में उत्सव आयोजित हुआ। इस पर्व के समापन अवसर पर महिलाओं व पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक नाटी डालकर माहौल को और भी रंगीन बना दिया।

तीन दिनों तक चले इस पर्व में लोगों ने मुखौटा नृत्य, लोकगीत व नाटी का खूब आनंद लिया। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति, उल्लास व भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। स्थानीय लोगों में गुर प्रेम सिंह, पुजारी योगराज, भंडारी गोकुल चंद्र, मौहता मोती राम, पूर्व वार्ड सदस्य टेकराम और कारदार टिकम राम आदि का कहना है कि फाल्गुन संक्रांति के अवसर पर यह उत्सव हर वर्ष आयोजित किया जाता है। मान्यता है कि मुखौटा नृत्य के माध्यम से गांव से नकारात्मक शक्तियों को दूर किया जाता है और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। ग्राम पंचायत नोहंडा की पूर्व वार्ड सदस्य व समाजसेविका भीमा देवी ने बताया कि आजादी के सात दशकों बाद भी खरुंगच्चा, झलेरी व डिंगचा जैसे गांव आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। इसके बावजूद यहां के लोग कठिन परिस्थितियों में भी हर पर्व को पूरे उत्साह व खुशी के साथ मनाते हैं। फागली उत्सव ने एक बार फिर यह साबित किया कि कठिन परिस्थितियों व अभावों के बीच भी तीर्थन घाटी के लोग अपनी संस्कृति, परंपरा व खुशियों को जीवित रखे हुए हैं।

# बर्फ से लकदक सोलंगनाला व अटल टनल पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार

अनंत ज्ञान

**कुल्लू/केलांग।** कुल्लू जिला व कबायली क्षेत्र लाहौल-स्पीति के पर्यटन स्थल इन दिनों बर्फ की सफेद चादर से लकदख हैं।

वहीं, मनाली के सोलंगनाला सहित अटल टनल के दोनों छोर व लाहौल के कुछ पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हैं। लाहौल-स्पीति व कुल्लू- मनाली की कुछ दिन पहले हुई बर्फबारी से पहाड़ व वादियां बर्फ की चांदी से निखर उठी है। अब सैलानियों ने कुल्लू मनाली के साथ साथ लाहुल घाटी का रुख कर लिया है और इस समय अटल टनल का नॉर्थ व साउथ पोर्टल सहित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हालांकि सोलंगनाला, फातरु, हामटा, अंजनी महादेव सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी पर्यटक सैर सपाटे के लिए जा रहे हैं लेकिन सोलंगनाला व अटल टनल के दोनों पोर्टल में बर्फ के दीदार के लिए सैलानियों की बहार लगी हुई है। रोजाना काफी संख्या में वाहन अटल टनल के आर पार हो रहे हैं। सुबह से ही अटल टनल के दोनों छोर में सैलानियों का



भारी संख्या में सैलाब उमड़ रहा है और उसके बाद सैलानी सोलंगनाला में मौज मस्ती कर रहे हैं। पर्यटक व स्थानीय लोग वहीं, नेहरुकुंड से सोलंगनाला तक सैलानी घंटो जाम में फंस रहे हैं। लेकिन फिर भी पर्यटक खूब एन्जॉय कर रहे हैं। कुल्लू मनाली घूमने आए हरियाणा के पर्यटक रुद्रा, योगेश, शीतल, भीमसेन व रवि सहित अन्य ने बताया कि वह पहली बार मनाली घूमने आए हैं।अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि कुल्लू-मनाली व लाहुल के पर्यटन स्थल जन्नत हैं। अटल टनल के साउथ पोर्टल में बर्फ के बीच उन्होंने खूब मस्ती की और वह यहां आकर बहुत खुश हैं, दोबारा भी यहां आएंगे।

# मेहनत : हिमाचल के तीन युवा कूडो सितारे यूरेशियन कप के लिए चयनित

## प्रदेश का नाम किया रोशन, गुजरात के सूरत में हुआ ट्रॉयल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** गुजरात के सूरत में आयोजित कूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केआईएफआई) के ट्रायल्स में हिमाचल प्रदेश के तीन युवा खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जॉर्जिया में होने वाले प्रतिष्ठित यूरेशियन कप के लिए स्थान हासिल कर लिया। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गई है। ट्रायल्स में रामपुर शिमला के अनमोल (मुख्य वर्ग-58 किलो, 16 वर्ष से कम आयु के लड़के), सोलन हाउसिंग कॉलोनी की कैरवी नेगी (14 वर्ष से कम आयु की लड़कियां-52 किलो) और रामपुर की सृष्टि (14 वर्ष से कम आयु की लड़कियां-37 किलो) ने शानदार प्रदर्शन कर चयन सूची में अपनी जगह बनाई।

### भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे तीनों खिलाड़ी

ये तीनों खिलाड़ी अब भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और जॉर्जिया में आयोजित यूरेशियन कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को तैयार हैं। कूडो फेडरेशन ऑफ हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय जसवाल ने खिलाड़ियों के चयन पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये तीनों खिलाड़ी ट्रायल्स के लिए महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे थे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जॉर्जिया में वे न केवल अच्छा प्रदर्शन करेंगे, बल्कि वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर देश और प्रदेश का नाम ऊंचा करेंगे।

### अनुशासन, आत्मविश्वास व फिटनेस का खेल कूडो

कूडो एक जापानी मार्शल आर्ट है, जो स्ट्राइकिंग, ग्रैपलिंग और ग्राउंड फाइटिंग का मिश्रण है। भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहा यह खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक फिटनेस सिखाता है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य से ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उभरना राज्य के खेल बुनियादी ढांचे की मजबूती को दर्शाता है।



यूरेशियन कप के लिए चयनित हिमाचल के खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

### खिलाड़ियों को ट्रेनिंग कैंप भेजने की तैयारी

**यूरेशियन** कप जैसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेना इन युवाओं के लिए वर्ल्ड स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का सुनहरा अवसर है। प्रदेश के खेल प्रेमी इन तीनों सितारों से पदक की अपेक्षा कर रहे हैं। कूडो फेडरेशन ने खिलाड़ियों को ट्रेनिंग कैंप में भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि फिल्म स्टार और शिहान अक्षय कुमार व हंसी मेहुल वोरा भारत में कूडो के संस्थापक हैं। उनके प्रयासों से इस खेल को भारत में खासा मान्यता मिल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### एचपी (गर्ल्स) बटालियन-1 एनसीसी द्वारा 'सीईई' प्रमाण पत्र परीक्षा का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एचपी (गर्ल्स) बटालियन-1 एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विवेक भटारा ने शिमला ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह की ओर से एमआरडीएवी स्कूल, सोलन में 'सीईई' प्रमाणपत्र परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह परीक्षा दो दिन आयोजित की गई। 14 को प्रायोगिक परीक्षा तथा 15 फरवरी को लिखित परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में पांच बटालियनों के कुल 691 कैडेट्स ने भाग लिया। सीईई प्रमाणपत्र परीक्षा तीन वर्षों के कठोर एनसीसी प्रशिक्षण के उपरांत आयोजित की जाती है और यह कैडेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कैडेट्स को सेना में अधिकारी पद हेतु स्पेशल एंट्री के लिए लिखित परीक्षा से छूट प्रदान की जाती है। साथ ही विभिन्न अन्य भर्तियों में उन्हें बोनस अंक एवं वरीयता भी दी जाती है। हिमाचल प्रदेश में यह परीक्षा मंडी, ऊना और सोलन केंद्रों पर एक साथ आयोजित की गई। देशभर के सभी 17 एनसीसी निदेशालयों में भी यह परीक्षा समान तिथि पर आयोजित की गई, जिससे इसकी पारदर्शिता और एकरूपता सुनिश्चित हुई। कर्नल विवेक भटारा एवं उनकी टीम ने परीक्षा का सुचारू एवं सफल संचालन सुनिश्चित कर एनसीसी की उच्च प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

### वार्ड-5 दाड़ला में सड़क का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के वार्ड-5 दाड़ला में एंबुलेंस सड़क निर्माण कार्य का शुरू हो गया है। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस सड़क की मांग कर रहे थे, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस की सुगम आवाजाही सुनिश्चित हो सके। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्र के विधायक अर्की संजय अवस्थी का आभार जताया। उनका कहना है कि इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मोहन सिंह ठाकुर, शंकर दास अरोड़ा, दीपक गजपति, जगदीश ठाकुर, राजेंद्र कंवर, मनोज सहित वार्ड-5 के स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

### बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर का सरोवर बना आकर्षण का केंद्र


सरोवर बना आकर्षण का केंद्र।

**एसपी जैरथ, नाहन।** बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर के पवित्र सरोवर को यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने के प्रयास जारी है। हाल ही में सरोवर में बोटिंग शुरू की गई है इस कड़ी 8 बतखें सरोवर में डाली गई हैं। इसी कड़ी में सरोवर में पांच हजार मछली भी डाली गई हैं। मंदिर ट्रस्ट के अस्सिटेंट कमिश्नर एंव एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष आने वाले महामाया के लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर ट्रस्ट तत्पर रहा है। इसी कड़ी में परिसर को आकर्षण का केंद्र बनाने के प्रयास जारी है।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नाहन से पुलिस ने किया नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर की एसआईयू टीम ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नाहन से लंबे अरसे से शहर व आसपास के क्षेत्र में नशे का धंधा चलाने वाले एक तस्कर को दबोच लिया है। आरोपी से 222 ग्राम चरस बरामद हुई। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि नाहन जिला-सिरमौर की पुलिस टीम को गश्त के दौरान एक व्यक्ति जिसका नाम रणवीर सिंह पुत्र श्री हवा सिंह निवासी गांव बुड्डा खेड़ा लाट्टर, डाकघर खास, तहसील जुलाणा जिला जीन्द हरियाणा जोकि लंबे अरसे से हाउसिंग बोर्ड क्लोनी नाहन में रह रहा है, उसे गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नाहन शहर व आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से मादक पदार्थ चरस बेचने का धंधा कर रहा है।

### सरस्वती फिजियोथैरेपी व रिहैबिलिटेशन क्लिनिक का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की मुख्यालय में नसों की पीड़ा से त्रस्त रोगियों के लिए शहीद कैप्टन विजयंत थापर पार्क के समीप सरस्वती फिजियोथैरेपी व रिहैबिलिटेशन क्लिनिक खुलने से लोगों में उत्साह का माहौल है। क्लिनिक का उद्घाटन बार एसोशिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ नितेश कुमार पंवर व डॉ. प्रिया नेगी ने बताया कि अर्की के लोगों को कमर गर्दन नसों की ब्लॉकेज कंधों का अकड़ना लकवा डिस्क का खिसकना स्पोर्ट्स इंजरी मांसपेशियों की जकड़न ऑपरेशन के बाद कि कमजोरी व हाथ पैरों में सूनापन के इलाज के लिए बिलासपुर सोलन शिमला जाना पड़ता था, जहां समय के साथ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। परंतु अब काफी सस्ती दर पर इन बीमारियों का इलाज अर्की में ही उपलब्ध किया गया है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व: जिला सोलन के शिवालयों में गूंजा ॐ नम: शिवाय

## जटोली शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों के शिवालयों में ॐ नम: शिवाय गूंज रही। सोलन के प्रसिद्ध जटोली शिव मंदिर सहित नर्सिंग मंदिर, सलोगड़ा स्थित शिवालय और अन्य मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तजनों का आना शुरू हो गया था। शिवरात्रि को लेकर शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया है। एशिया के सब से ऊंचे जटोली शिव मंदिर में हर वर्ष की भांति विशेष पूजा व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। शिवरात्रि को लेकर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफ्फा और विशेष सफटिक शिवलिंग के दर्शन कर जलाभिषेक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु संत भी पधारेंगे।

◆ माल रोड पर निकली भव्य शिव बारात, बाजार में बढ़ी रौनक

महाशिवरात्रि पूर्व को लेकर शिवालयों को खूब सजाया गया। इस दौरान भक्तों ने जहां एक तरफ भोलेनाथ के भजन गए तो वहीं दूसरी तरफ बेलपत्री, दूध, दही से भोलेनाथ का अभिषेक भी किया। शिव भक्तों ने दिनभर व्रत कर भी भोलेनाथ को मनाया। मंदिर शिवालय प्रबंधक कमेटी के महासचिव डॉ उपेंद्र कौल के मुताबिक मंदिर में शिवरात्रि को भजन कीर्तन के साथ चार पहर की पूजा होगी। इस दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को दूध का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके अगले दिन मंदिर में सुबह 9 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शहर के वार्ड 14 स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ गई।

सबसे अधिक भीड़ एशिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिर में शुमार जटोली में देखने को मिली।


सोलन के विभिन्न शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अनंत ज्ञान

### सोलन में निकली शिव बारात

**हर** वर्ष की भांति महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में माल रोड सोलन में शिव बारात भी निकाली गई। जिसकी शोभा देखते ही बनी। यह शिव बारात दोपहर 3 बजे चौक बाजार से निकली और शाम पुराने डीसी ऑफिस पहुंची। इस दौरान भगवान शिव, पार्वती, गणेश व सहित कई अन्य झांकियां भी माल रोड पर निकाली गई। जिसका लोगों ने खूब लुत्फ लिया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

# सीएम की झूठी घोषणाओं से निराश सिरमौरवासी : मेला राम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का सिरमौर जिले के सराहां का एक दिवसीय दौरा मात्र गा गे गी की घोषणाओं के बाद पूरे सिरमौर को निराश कर गया। यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने कहा कि बहुत लंबे अंतराल के बाद सिरमौर के प्रवास पर आए मुख्यमंत्री से इस जिले के निवासियों को बहुत सारी अपेक्षाएं और उम्मीदें थीं और गत 3 वर्षों के बाद ठप पड़ी सिरमौर की विकास प्रक्रिया को मुख्यमंत्री के दौरे से गति मिलने की उम्मीद थी, परंतु इस बार भी मुख्यमंत्री ने उम्मीदों पर पूरी तरह पानी फेर दिया।



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह सर्वविदित है कि सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही सिरमौर जिले में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोली गई अनेक विकास परियोजनाएं डीनोटिफाइड करके निरस्त कर दी थी, परंतु इस बार उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री फिर से सिरमौर जिले में डीनोटिफाई किए गए संस्थानों को दोबारा खोलेंगे और इस जिले के लोगों को राहत पहुंचाएंगे परंतु ऐसा कुछ भी नहीं किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता बार-बार आम लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं और वास्तविकता यह है कि यह सरकार अब पूरी तरह आर्थिक दिवालिया हो चुकी है और सिरमौर और प्रदेश का विकास इस सरकार के बस की बात नहीं है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि सुक्खू ने हिमाचल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके बकाया एरियर भुगतान की घोषणा फरवरी में दिए जाने वाले पेंशन के साथ की थी, मगर मुख्यमंत्री ने उनके साथ भी धोखा किया जिसका परिणाम अब पंचायती राज चुनावों में सरकार को भुगतना पड़ेगा।

# बद्दी में स्पा सेंटरों की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** जिला के बद्दी क्षेत्र में संचालित कुछ स्पा सेंटरों की आड़ में अनैतिक देह व्यापार का अवैध धंधे का भंडाफोड़ बद्दी पुलिस ने किया है और 17 लड़कियों को मामले में रेस्क्यू किया गया है। पुलिस जिला बद्दी के एसपी विनोद धीमान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले को लेकर बद्दी पुलिस को पिछले कुछ दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने मामले का भंडाफोड़ करने के लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा एक सुनियोजित अभियान के तहत बद्दी के दावत चौक के पास स्थित बिग बी कॉम्प्लेक्स में चल रहे चार स्पा सेंटरों पर एक साथ छापेमारी की गई। उक्त सभी स्पा सेंटरों से संबंधित 6 अभियुक्तों के खिलाफ अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा 3 व धारा 4 के अंतर्गत पुलिस थाना बद्दी में कुल 4 अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने स्पष्ट किया है कि पुलिस जिला बद्दी के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिव मंदिर ब्रऊरी में महा शिवरात्रि की धूम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर ब्रऊरी में भक्ति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। पूज्य बाबा प्रकाश गिरि महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन, रुद्राभिषेक एवं भजन-कीर्तन के साथ वातावरण पूर्णतः शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ महादेव से सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। आयोजकों की ओर से जानकारी दी गई है कि सोमवार को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

# सोलन में मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला बेडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और मानसिक मजबूती भी सिखाते हैं।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलों के प्रति समर्पित रहें। डॉ. कश्यप ने एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हिमाचल का खेल स्तर राष्ट्रीय पटल पर चमकेगा। टूर्नामेंट में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अक्षिव दत्ता ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। वे खेलो इंडिया खेलो के उपविजेता रह चुके हैं, साथ ही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भी उपविजेता का खिताब हासिल कर चुके हैं। वहीं युवा सनसनी तश्वी गुप्ता ने अंडर-15 नेशनल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया है। इन दोनों ने सोलन की माटी को गौरवान्वित किया।


मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कश्यप का स्वागत करते आयोजक। अनंत ज्ञान

# मिस्टर फेयरवेल बने काव्या व हिमांशी बनी मिस फेयरवेल



अनंत ज्ञान

**अर्की।** लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में क्लास 10ह्ल्द्ध के लिए फेयरवेल पार्टी 2026 रखी गई। जिसमें 10ह्ल्द्ध क्लास के स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक किया और दूसरी क्लास के स्टूडेंट्स ने पूरे जोश के साथ अलग-अलग डांस और सिंगिंग परफॉर्मेंस दीं। इस फेयरवेल पार्टी में चेयरमैन डॉ. प्रेम लाल गुप्ता, लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. कुसुम गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर मिस्टर आकाश गुप्ता और लक्ष्य पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज वीना गुप्ता शामिल हुए। मॉडलिंग में काव्या शुक्ला फर्स्ट आए और मिस्टर फेयरवेल बने और हिमांशी मिस फेयरवेल बनीं। आखिर में सभी ने लंच किया और साथ में बहुत अच्छा समय बिताया।

# सरकार की 'लूट व झूठ' की नीति ने प्रदेश को बर्बादी की कगार पर किया खड़ा : अरुष गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने वर्ल्ड बैंक से लिए गए 245 मिलियन (लगभग 2000 करोड़ से अधिक) के कर्ज को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि सुक्खू सरकार ने देवभूमि को 'कर्जभूमि' बनाकर छोड़ दिया है। अरुष गुप्ता ने कहा कि वर्ल्ड बैंक से कर्ज लेना कोई उपलब्धि नहीं, अपितु इस निकम्मी सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा सबूत है। हिमाचल का कुल कर्ज आज 1.20 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है। जनता यह पूछना चाहती है कि क्या मुख्यमंत्री ने सोचा है कि इस भारी-भरकम कर्ज की किस्तें और ब्याज कौन चुकाएगा?

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ था। उस समय राजकोषीय प्रबंधन इतना सटीक था कि विकास कार्य कभी नहीं रुके और कर्ज का बोझ भी नियंत्रण में था।

# अर्की अग्निकांड पीड़ितों के लिए 'सद्भावना कप' प्रतिस्पर्धा आयोजित

## 15 टीमों ने लिया भाग, टूर्नामेंट से प्राप्त धनराशि प्रभावितों को दी जाएगी

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की मुख्यालय में बीते माह हुए भीषण अग्निकांड में नेपाल मूल के 9 लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी तथा कई दुकानें जलकर राख हो गई थीं। इस हृदयविदारक घटना से प्रभावित परिवारों की सहायता के उद्देश्य से डुमैहर के खेल मैदान में 'सद्भावना कप' क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की कुल 15 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजक बीडीओ तन्मय कंवर ने बताया कि इस टूर्नामेंट से प्राप्त संपूर्ण आय अग्निकांड से प्रभावित नेपाली परिवारों को प्रदान की जाएगी।

◆ पीड़ित नेपाली परिवार को बीडीओ ने 50 हजार की राशि की भेंट

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जल शक्ति विभाग और एचपीयू एकादश शिमला के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचपीयू एकादश ने निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। टीम के कप्तान ललित चौहान ने 22 गेंदों में 40 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जल शक्ति विभाग की टीम निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना सकी। इस प्रकार एचपीयू एकादश ने मुकाबला जीत लिया।

समापन समारोह के दौरान पीड़ित नेपाली परिवार से सुशील और उसके चाचा मोहनलाल को विशेष रूप से आमंत्रित कर बीडीओ तन्मय कंवर ने लगभग 50 हजार रुपये की राशि भेंट की।

## प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत बनाकर स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए निरंतर कार्यरत : संजय अवस्थी

# ग्राम पंचायत ग्याणा में 50 लाख रुपए की योजनाओं के लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**अर्की /सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत बनाकर स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के सपने को साकार करने के लिए के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ग्याणा के गांव सेर-जेरी में 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना, ग्याणा गांव में 25 लाख रुपए से निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना के नवीनीकरण कार्य और ग्याणा गांव में 10 लाख रुपए से निर्मित पशु औषधालय के दो अतिरिक्त कमरों का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर सभी को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर ग्याणा में हिमाचल प्रदेश शिवा परियोजना दिवस समारोह की अध्यक्षता भी की। इस परियोजना के अंतर्गत ग्याणा गांव में 20 हेक्टेयर भूमि पर फल पौधरोपण किया जा रहा है।

◆ 'सरकार गांव के द्वार' में सुलझाई समस्याएं

विधायक ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनीं तथा इनके शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बागवानी अहम है। बागवानी क्षेत्र का राज्य की वार्षिक आय में 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक का योगदान है। प्रदेश सरकार सेब के साथ-साथ अन्य फलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, ताकि हिमाचल को देश का फल राज्य बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत अन्य क्षेत्रों में भी फल उत्पादन की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को कृषि और बागवानी के क्षेत्र में और मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। विधायक ने अधिकारियों से आग्रह किया कि नई योजनाओं, आधुनिक तकनीक व प्रशिक्षण को व्यवहारिक रूप से युवाओं तक पहुंचाएं ताकि शिक्षित बेरोज़गार युवा रोज़गार एवं स्वरोज़गार प्रदाता बन सकें।


जन समस्याएं सुनते अर्की के विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### डीएमके नेता कृष्णमूर्ति को 3 साल की सजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चेन्नई की मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने डीएमके नेता जे. सिवाजी कृष्णमूर्ति को तीन साल की सजा सुनाई है। सिवाजी पर 2023 में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और भाजपा नेता खुशबू सुंदर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। मामला 16 जून 2023 को छत्रछ की सार्वजनिक सभा से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक, सिवाजी कृष्णमूर्ति ने भाषण में राज्यपाल आरएन रवि, खुशबू सुंदर, विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई और पूर्व मंत्री डी. जयकुमार के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब', एक्यूआई 210

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली में सुबह 8.30 बजे सापेक्षिक आर्द्रता 89 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 210 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में 10 उग्रवादी किए गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों में पुलिस एवं सुरक्षाबलों की ओर से 24 घंटों के दौरान चलाए गए अभियानों में दो महिला समेत 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास हथियार बरामद किए गए हैं, जबकि बरामद आईईडी को नष्ट कर दिया गया। मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने आज बताया कि सुरक्षाबलों ने आरपीएफ/पीएलए के दो सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान वैरोकपम सनाहल मैतेई उर्फ नोंगदंबा (46) और स्वयंभू लेफ्टिनेंट मयंगलंबम किरण सिंह उर्फ शांति उर्फ बोइपु (47) के रूप में की गई। दोनों को थौबल जिले से गिरफ्तार किया गया। वहीं, सुरक्षा बलों ने भारत- म्यांमार सीमा के जनरल एरिया से पीएलए की दो सक्रिय महिला कैडरों को टेंग्नौपाल जिले के मोरेह थाना क्षेत्र के सनराइज़ ग्राउंड और गेट नंबर 2, मोरेह के बीच से गिरफ़्तार किया है। दोनों की पहचान अकोईजाम सखेनबी (23) और चोंगथम हेम्बाबी (17) के रूप में की गई है। (अनंत ज्ञान

### चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे

**एजेंसी, केप कैनावेरल।** स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण समय से पहले धरती पर वापस लाए गए साथियों की जगह लेने के लिए चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं। स्पेसएक्स ने शनिवार को अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के दल को केप कैनावेरल से रवाना किया और एक दिन बाद ये अंतरिक्ष यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचे। पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से नासा ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वहां से निकासी कराई थी जो 65 वर्षों के मानव अंतरिक्ष उड़ान के इतिहास में पहला मामला था। पिछले साल गर्मियों में स्पेसएक्स ने चार अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया था, जिनमें से एक को गंभीर स्वास्थ्य समस्या हुई और इसके कारण उन्हें शीघ्र वापस लौटना पड़ा। इससे अंतरिक्ष अभियान के लिए केवल तीन ही सदस्य बचे - एक अमेरिकी और दो रूसी। नासा की जेसिका मीर और जैक हैथवे, फ्रांस की सोफी एडेनोट और रूस के आंद्रेई फेड्यायेव आठ से नौ महीने अंतरिक्ष में रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### जल्द लांच होगा नया ईपीएफओ ऐप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने सदस्यों के लिए एक नई सुविधा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस सुविधा के तहत अब सदस्य अपने प्रोविडेंट फंड को सीधे यूपीआई के जरिए रियल-टाइम में निकाल सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, यह फंक्शनैलिटी जल्द ही रिलीज के लिए तैयार हो जाएगी और इसका उद्देश्य पीएफ निकालने की प्रक्रिया को तेज, सरल और डिजिटल बनाना है। श्रम मंत्रालय एक ऐसे सिस्टम पर काम कर रहा है जिसमें सदस्य अपने ईपीएफ बैलेंस का 75% तक तुरंत निकाल सकेंगे। यह सुविधा न केवल नए मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगी, बल्कि ईपीएफओ के पोर्टल पर भी एक डेडिकेटेड विंडो के जरिए इस्तेमाल की जा सकेगी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका से परमाणु समझौते पर बातचीत के लिए ईरान तैयार

### उप विदेश मंत्री बोले- ट्रंप प्रतिबंध हटाएं तो डील संभव, बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट पर विवाद अटका

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**ईरान** ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने की इच्छा जताई है। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त-रवांची ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर बात करने को तैयार है, तो हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई मुद्दों पर समझौता करने के लिए तैयार है। दोनों देशों के बीच बातचीत का अगला दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है।

वहीं, अमेरिकी अधिकारी बार-बार कहते रहे हैं कि परमाणु वार्ता में प्रगति रुकने की वजह ईरान है, न कि अमेरिका। हालांकि, तख्त-रवांची ने दोहराया कि ईरान अपने बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट पर अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा। यह मुद्दा इसराइल और अमेरिका दोनों उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम पर इसराइल और अमेरिका ने हमला किया तो हमारी मिसाइलों ने हमारी रक्षा की। हम अपनी रक्षात्मक क्षमता से खुद को कैसे वंचित कर सकते हैं? अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समझौता चाहते हैं, लेकिन ईरान के साथ डील करना बहुत मुश्किल है।



ट्रंप ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसके साथ ही अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी भी बढ़ाई है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता एक लंबे समय से चल रही विवादास्पद बातचीत है, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है। जिससे वह परमाणु हथियार न बना सके। मजीद तख्त-रवांची ने कहा कि ईरान ने 60% तक इंरिच्ड यूरेनियम को कम करने का प्रस्ताव दिया है। यह स्तर हथियार-ग्रेड के करीब माना जाता है और इसी वजह से दूसरे देशों को शक है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। हालांकि ईरान लगातार इससे इनकार करता रहा है। उन्होंने कहा कि हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अन्य मुद्दों पर बात करने को तैयार हैं, बशर्ते वे प्रतिबंधों पर चर्चा करें। ईरान के पास 400 किलो से ज्यादा उच्च स्तर पर इंरिच्ड यूरेनियम का भंडार है। 2015 के परमाणु समझौते के तहत उसने अपना यूरेनियम रूस भेजा था। रवांची ने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। (अनंत ज्ञान)

## जर्मनी में पाक आर्मी चीफ मुनीर की फजीहत
## सुरक्षा अधिकारी ने एंट्री के दौरान रोका

**एजेंसी, म्यूनिख**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच करके इतराने वाले पाकिस्तान आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की इंटरनेशनल फजीहत हुई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आसिम मुनीर जर्मनी गए हैं, जहां उनको एक कार्यक्रम से पहले रुकावट का सामना करना पड़ा।



इतना ही नहीं वहां मौजूद सुरक्षा अधिकारियों ने उनसे उनका पहचान पत्र भी दिखाने के लिए कहा। दरअसल, आसिम मुनीर और उनकी टीम म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गई। जिससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें एक सुरक्षा अधिकारी ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से अपना पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा। यह वाक्या सम्मेलन के प्रवेश द्वार से कुछ ही कदम पहले हुई। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे आसिम मुनीर जब सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होन के लिए दाखिल हो रहे हैं तो उनको आईडी कार्ड दिखाने के लिए कहा गया।

साथ ही अपना पहचान पत्र सामने की तरफ सीधा रखने की भी नसीहत दी। इधर, जर्मनी स्थित सिंधी राजनीतिक संगठन जय सिंध मुत्ताहिदा महाज ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में फील्ड मार्शल मुनीर की भागीदारी पर कड़ी आपत्ति जताई है। संगठन ने निमंत्रण को 'बेहद खेदजनक' बताते हुए अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया है। इसी के साथ जेएसएमएम के सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन को उजागर किया। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली कारोबारी हत्या मामला: लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बाहरी इलाके में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में 35 वर्षीय व्यवसायी की हत्या के सिलसिले में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने कुछ संदिग्धों को रोका। चुनौती दिए जाने पर आरोपियों ने कथित तौर पर भागने के प्रयास में पुलिस दल पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिससे संक्षिप्त मुठभेड़ हुई। गोलीबारी के दौरान, एक आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे काबू में कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दो अन्य को बाद में गिरफ्तार किया गया, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है। पुलिस ने यह भी बताया कि इस अभियान के दौरान उनके किसी भी जवान को गंभीर चोट नहीं आई। प्लास्टिक दाना निर्माता वैभव गांधी की नौ फरवरी को दोपहर करीब 12.50 बजे डीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर चार में स्थित उनके कारखाने के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। जांचकर्ताओं ने बताया था कि हमले में चार लोग शामिल थे। हमलावरों ने कथित तौर पर पहले पीड़ित की कार की चाबियां छीनने की कोशिश की और जब उसने विरोध किया तो उसका लैपटॉप बैग जबरदस्ती छीन लिया और फिर उसे करीब से गोली मार दी। घटना के बाद पुलिस ने गांधी की कार से करीब एक करोड़ रुपये भी बरामद किए थे। हत्या के एक दिन बाद, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम से कथित तौर पर जारी एक सोशल मीडिया पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी ली गई। (अनंत ज्ञान)

## देश में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी, 10 महीनों में 52,537 मेगावॉट जुड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 10 महीनों में बिजली उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इस वित्त वर्ष में अब तक का सबसे बड़ा इजाफा करते हुए बिजली उत्पादन 11 फीसदी से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। देश के कुल बिजली उत्पादन में 52,537 मेगावॉट की बढ़ोतरी के साथ कुल बिजली उत्पादन 5,20,510.95 मेगावॉट हो गया। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अनुसार, इस साल 31 जनवरी तक बढ़ी कुल क्षमता में 39,657 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा से है। इसमें 34,955 मेगावॉट सौर ऊर्जा और 4,613 मेगावॉट पवन ऊर्जा शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि यह एक साल में अब तक की सबसे बड़ी क्षमता वृद्धि है।

इससे पहले 2024-25 में 34,054 मेगावॉट क्षमता जोड़ी गई थी। देश की कुल स्थापित क्षमता में 2,48,541.62 मेगावॉट जीवाश्म ईंधन आधारित है, जबकि 2,71,969.33 मेगावॉट क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से है। गैर-जीवाश्म स्रोतों में 8,780 मेगावॉट परमाणु ऊर्जा शामिल है। वहीं 2,63,189.33 मेगावाट क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा से है। (अनंत ज्ञान)

## महाशिवरात्रि पर 21 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी



**एजेंसी, प्रयागराज।** प्रयागराज में माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर रविवार को सुबह 10 बजे तक 21 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आगमन और गंगा स्नान जारी है। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे तक 21 लाख श्रद्धालु गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं। नाविकों व गोताखोरों को भी सभी घाटों पर तैनात किया गया है। वर्मा ने बताया कि सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में 'चेंजिंग रूम' उपलब्ध हैं और सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन के माध्यम से मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। सभी अधिकारी लगातार मेला क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## रयात बाहरा यूनिवर्सिटी की एनसीसी कैडेट अनुराधा को राष्ट्रीय सम्मान

**अनंत ज्ञान**




**चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी ने अपनी एनसीसी कैडेट, सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ) अनुराधा के सम्मान में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया।

अनुराधा को गणतंत्र दिवस परेड 2026 के दौरान उनके उत्कृष्ट सेवा भाव और शानदार प्रदर्शन के लिए नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट जनरल वरिंद्र वत्स, वीएसएम, वाईएसएम, एसएम द्वारा प्रतिष्ठित डायरेक्टर जनरल एनसीसी प्रशंसा पदक से सम्मानित किया गया था। उनकी इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अनुराधा को विश्वविद्यालय की ओर से रोल ऑफ ऑनर और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह विश्वविद्यालय परिसर में चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार तथा एनसीसी/एनएसएस विभाग के निदेशक एएस चाहल की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अनुराधा को बधाई देते हुए चांसलर बाहरा ने उनके समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में सशक्त नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति के मूल्यों को विकसित करने के प्रयासों का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने इस उपलब्धि को पूरे विश्वविद्यालय समुदाय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि अनुराधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विश्वविद्यालय के नेशनल कैडेट कोर विंग द्वारा प्रदान किए गए प्रभावी मार्गदर्शन को दर्शाता है। इस अवसर पर फैकल्टी सदस्यों, स्टाफ और विद्यार्थियों ने अनुराधा को उनके भविष्य के प्रयासों तथा देश सेवा में निरंतर सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत पुलिस टीम ने बबैल रोड पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान हल्दाना निवासी नितिन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उनकी एक टीम शनिवार शाम को गश्त के दौरान बबैल रोड पर गंदा नाला के नजदीक भैसवाल मोड़ पर थी। टीम को तभी गांव भैसवाल की और से संदिग्ध किस्म का एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान नितिन निवासी हल्दाना के रूप में बताई। तलाशी लेने पर युवक की पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। देसी पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। सघन पूछताछ में आरोपी ने बताया उसने काफी दिन पहले गांव में सामान बेचने आए एक अज्ञात युवक से उक्त देसी पिस्तौल 15 हजार रुपए में खरीदा था।

## चक्की नदी पर नव-निर्मित पुल व बहाल की गई रेल लाइन खंड का जल्द होगा निरीक्षण: अनुराग

**अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में रेल सेवाओं के विस्तार, आधारभूत ढांचे का निर्माण व कनेक्टिविटि बढ़ाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर प्रतिबद्ध हैं।

इसी क्रम में अगस्त 2022 में बाढ़ के कारण हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमा पर स्थित चक्की नदी रेलवे पुल बह जाने के कारण रेलवे आवागमन प्रभावित होने पर अनुराग सिंह ठाकुर ने लगातार इसके पुनर्निर्माण की मजबूत मांग को केंद्र के समक्ष उठाया जिसके चलते चक्की नदी पर रेलवे पुल के पुनर्निर्माण का कार्य चार वर्ष पहले शुरू हुआ। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष स्नेह के कारण हिमाचल प्रदेश में रेल सेवाओं के विस्तार को पिछले 12 वर्षों में नई गति मिली है। नए प्रोजेक्टों की मंजूरी से लेकर पुराने प्रोजेक्टों की फंडिंग बढ़ाने में मोरी सरकार का विशेष योगदान रहा है। हिमाचल प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी पर अगस्त 2022 में बाढ़ के कारण हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमा पर स्थित चक्की नदी रेलवे पुल बह जाने पर बड़ी रुकावट का सामना करना पड़ रहा था। इस पुल के पुनर्निर्माण की मजबूत मांग को मैंने केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जिस पर त्वरित कार्यवाई करते हुए पुल के निर्माण का कार्य रेल मंत्रालय द्वारा शुरू कराया गया। यह हर्ष का विषय है कि पठानकोट और जोगिंद्रनगर के बीच नैरोगेज ट्रेन सेवा (कांगड़ा घाटी रेल) को जोडने वाले इस पुल का निर्माण कार्य अब पूरा हो चुका है और रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा जारी संचार के अनुसार दिनेश चंद देशवाल, रेलवे सुरक्षा आयुक्त (उत्तरी वृत्त), 24/25 फरवरी 2026 को चक्की नदी पर नव-निर्मित पुल तथा बहाल की गई रेल लाइन खंड की वैधानिक निरीक्षण करेंगे। यह निरीक्षण अंतिम वैधानिक चरण है, जिसके पश्चात् ट्रेन सेवाओं के पुनः आरंभ होने की उम्मीद है। कांगड़ा क्षेत्र के लिए लंबे समय से लंबित और अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है जिसके शुरू होने से हिमाचल में रेल कनेक्टिविटी को बल मिलेगा।



## तितरम मोड पर मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के तितरम मोड़ स्थित किसान कैंटीन के पास एक 47 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है।

राहगीरों ने शव देख तुरंत तितरम थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। जांच के दौरान मृतक की पहचान गांव किठाना निवासी राजमल (47) के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह बीमार चल रहा था और मानसिक रूप से भी परेशान था। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर इत्तेफाकिया मौत की धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रामबीर के अनुसार, रविवार को सुबह सूचना मिली थी कि किसान कैंटीन के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। जांच में सामने आया कि वह रात के समय वहां आया था और सुबह उसका शव मिला। शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी, इसलिए पुलिस ने आसपास के थानों और चौकियों में सूचना भेजी। बाद में उसकी पहचान राजमल के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी प्रकार की संदिग्ध परिस्थिति सामने नहीं आई है, फिर भी मामले की जांच जारी है।

## राष्ट्र की प्रगति हमारी संस्कृति के बिना संभव नहीं: हरविंद्र कल्याण

**अनंत ज्ञान**

- हरविंद्र ने स्वामी दयानंद सरस्वती को किया नमन
- आर्य समाज के सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना की, 11 लाख रुपए देने की घोषणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने स्वामी दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि स्वामी जी के विचार हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सही राह पर चलने की ऊर्जा प्रदान करते हैं।

राष्ट्र की प्रगति हमारी संस्कृति के बिना संभव नहीं है। आर्य समाज जिस प्रकार हमारी अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों व गौरवशाली संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रहा है, वह वास्तव में एक पावन कार्य है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण रविवार को आर्य समाज द्वारा आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव व बोधोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अपने निजी कोष से सभा को 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने उस दौर में अपनी संस्कृति, धर्म और देश के लिए संघर्ष किया जब परिस्थितियां अत्यंत विपरीत थीं। गुलामी के लंबे कालखंड के बाद स्वतंत्रता तो मिली, लेकिन आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां मौजूद हैं। देश को पुनः उन ऊंचाइयों पर ले जाने की कल्पना हर नागरिक के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

विकसित राष्ट्र के संकल्प को सिद्ध करने के लिए हमारा आत्मनिर्भर होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में हर नागरिक की भूमिका अहम है। इसके लिए केवल नई टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भरता ही काफी नहीं है, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी का उन संस्कारों से जुड़ना अनिवार्य है, जिनमें स्वयं की उन्नति के साथ समाज की भलाई का भाव भी समाहित होना चाहिए।

**आस्था** — मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी महाशिवरात्रि पर्व की बधाई, सुख-समृद्धि की कामना की

# नायब सैनी ने नल्हड़ेश्वर मंदिर नूंह में किया जलाभिषेक

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह स्थित नल्हड़ेश्वर मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव के शिवलिंग पर विधि-विधान से जलाभिषेक किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई भी दी और मंदिर परिसर में प्रसाद भी ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आस्था, श्रद्धा व आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। भगवान शिव का आशीर्वाद प्रदेश पर बना रहे और हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो, यही उनकी प्रार्थना है। उन्होंने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए समाज में भाईचारे, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संदेश भी दिया।

## महाशिवरात्रि पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपना 203वां अन्न भंडारा ट्रस्ट के संस्थापक अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में फेज-1 औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित किया। यह भंडारा जनसाधारण के लिए समर्पित था। अमिताभ रूंगटा ने बताया कि ट्रस्ट ने यह भंडारा सीतापुर (यूपी) के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील वैश के सौजन्य से आयोजित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को भोजन परोसा तथा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अन्न भंडारे के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अमिताभ रूंगटा ने कहा कि अन्न को भंडारे के रूप में परोसना अत्यंत पुण्यदायी होता है। इससे व्यक्ति के कार्यों में बरकत आती है और वह मानवता का वास्तविक अर्थ समझ पाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में आगे आना चाहिए, जिससे वह समाज के लिए एक प्रेरणा बन सके। उन्होंने कहा कि अन्नदान या भंडारा करने से जीवन में ज्ञान और सकारात्मकता का संचार होता है, तथा ज्ञान को बांटने से उसकी वृद्धि होती है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नूंह स्थित नल्हड़ेश्वर मंदिर में भगवान शिव के शिवलिंग पर विधि-विधान से पूजा करते हुए। अनंत ज्ञान

## एसबीआई सोसायटी में शिवरात्रि उत्सव पर खेलकूद प्रतियोगिता

**चंडीगढ़।** एसबीआई सोसायटी के निवासियों ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बड़े उत्साह के साथ सोसायटी के मैदान में सभी आयु वर्ग बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसके पश्चात लगभग 500 लोगों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में पारंपरिक भारतीय खेलों के साथ विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें सभी पीढ़ियों के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को मुख्यातिथि राजिंदर पाल शर्मा, पार्षद, वार्ड नं. 35 द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने सोसायटी द्वारा सभी त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाकर आपसी एकता व सौहार्द बढ़ाने की सराहना की। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि सोसायटी सभी प्रमुख त्योहारों व कार्यक्रमों का आयोजन निवासियों की सक्रिय भागीदारी के साथ करती है, जिससे सामुदायिक जीवन में आपसी भाईचारा और मजबूत होता है। यह उत्सव सभी निवासियों के लिए, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए, अत्यंत आनंददायक व यादगार रहा, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की।

## ब्लड डोनेशन दुनिया का सबसे अच्छा डोनेशन: कुलवंत सिंह

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** मोहाली जिले के गांव श्यामपुर में युवाओं की तरफ से लगाए गए ब्लड डोनेशन कैंप में शामिल होते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने ब्लड डोनर्स की हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि ब्लड डोनेशन दुनिया का सबसे अच्छा डोनेशन है।

यह एक ऐसा डोनेशन है जो किसी भी इंसान की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि हर हॉस्पिटल में मरीजों को हमेशा ब्लड की जरूरत होती है, जब कोई करीबी मरीज हॉस्पिटल में भर्ती होता है और उसे ब्लड की जरूरत होती है, तो परिवार ब्लड का इंतजाम करने के लिए बहुत कोशिश करता है। ऐसे समय में ब्लड की एक बोतल मिलने से परिवार को बहुत राहत मिलती है और उन्हें इसकी असली अहमियत का एहसास होता है। विधायक ने कहा कि यह ब्लड डोनेशन कैंप सरपंच गुरमुख गिर की कोशिशों की वजह से लगाया गया है। उन्होंने इस समाज सेवा के लिए सरपंच और उनकी पूरी टीम को बधाई और धन्यवाद दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरपंच ने गांव में एससी कम्युनिटी के लिए धर्मशाला और जंझ घर बनाने की मांग की है, जो बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि गांव में जल्द ही धर्मशाला और जंझ घर बनाने का काम शुरू किया जाएगा। विधायक ने कहा कि पहले शादी-ब्याह के समय रिश्तेदार और पड़ोसी मिलकर तैयारी करते थे, जिससे भाईचारा मजबूत होता था और खाने-पीने में शुद्धता बनी रहती थी, लेकिन समय बदलने के साथ आज यह रिवाज कम हो गया है।

## 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान को बड़ी सफलता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार के 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली है, जब गुरदासपुर जिले के कलानौर का रहने वाला गुरकीरत सिंह कथित तौर पर श्मशानघाट के अंदर नशा करते हुए पकड़ा गया। चीमा ने कहा कि इस आरोपी का सीधा संबंध कांग्रेस पार्टी से जुड़ता है और पकड़े गए व्यक्ति की कांग्रेस के विभिन्न बड़े नेताओं के साथ तस्वीरें भी सामने आई हैं। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब जानता है कि जब राज्य में अकाली दल-भाजपा का राज था या कांग्रेस पार्टी का राज रहा, उस समय पंजाब में नशों की बाढ़ बहाई गई। आज लगातार ऐसे कई लोग पकड़े जा रहे हैं जिनका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा से संबंध रहा है। चीमा ने कहा कि पंजाब को बर्बाद करने वाली ये पार्टियां आज बिलबिला रही हैं। चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार मान की सरकार द्वारा नशों के खिलाफ लगातार चलाई जा रही मुहिम को सफलता मिल रही है।

